kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-31 | गुरुवार, 27 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों अपने कर्म और वाणी से जन मानस को राह दिखाई है। सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई है। अंधविश्वास के बारे में लोगों को जागरूक किया है।



द्रौपदी मुर्मु

प्रधानमंत्री ने गुजराती कवि अनिल जोशी के निधन पर शोक जताया 11

विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अनुभव, महाकुम्भ को बताया अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव 12


देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता, उनकी कृपादृष्टि से ही सभी व्यवस्थाओं का संचालन

# महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है।

महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार



महाकुंभ

❑ आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं।

श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं। यह आस्था भारत की एकात्मकता का प्रतीक है। मैं इस आस्था को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अपार भीड़ है। 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दे रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या में आज भी अपार भीड़ है। प्रदेश के सभी अन्य देवालयों जैसे गाजियाबाद में बाबा दुग्धेश्वरनाथ धाम, बागपत में पुरा महादेवधाम, मेरठ के बाबा औघड़नाथ धाम, बाराबंकी के बाबा लोधेश्वरनाथ मंदिर, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, नाथनगरी बरेली, गोंडा, बस्ती में बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी ● शेष पेज 11 पर

### 66 करोड़ 21 लाख श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया स्नान का पुण्य प्राप्त : योगी

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का 'महायज्ञ', आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज 26 फरवरी महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है-अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स के माध्यम से कहा कि पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों को बहुत धन्यवाद। साथ ही धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को भी साधुवाद। विशेष रूप से उन्होंने प्रयागराज वासियों का धन्यवाद दिया, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि माँ गंगा, भगवान बेनी माधव आप सबका कल्याण करें।

## दिल्ली -मेरठ एक्सप्रेस वे पर कार ने पांच कांवड़ियों को कुचला, दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत, दो गंभीर

एजेंसी

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की रात भोजपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिलों पर आ रहे पांच कावड़ियों को कुचल दिया। हादसे में हरियाणा के दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार और बुधवार की रात्रि करीब एक बजे हुई। फरीदाबाद के महमूदपुर गांव निवासी राहुल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने चचेरे भाइयों देवेंद्र, हरेंद्र और अन्य साथियों के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे। सभी रात्रि में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लौट रहे थे। जब उनकी बाइकें सड़क किनारे रुक गईं। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार कई वाहनों को ओवरटेक करती हुई आई और दोनों बाइकों को कुचल डाला। इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र उसके ● शेष पेज 11 पर



घटना

❑ हरियाणा के युवक हरिद्वार से मोटरसाइकिलों पर ला रहे थे कांवड़

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जांच की मांग की

एजेंसी

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में घोटालों और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। उन्होंने कहा कि जहां भी नजर उठाई जाए वहां घोटाले ही घोटाले नज़र आ रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आज जारी एक बयान में आरोप लगाया कि सामाजिक और अधिकारिता विभाग में कुछ एनजीओ के 97 लाख रुपये के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने में अनियमितताएं सामने आई हैं। यह प्रोजेक्ट्स उन एनजीओ के लिए मंजूर किए गए हैं जिनके खिलाफ सक्षम अधिकारियों ने कार्रवाई की सिफारिश की थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मामले में उच्च अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की और अपने अधीनस्थों की सिफारिशों को ठुकराकर उन एनजीओ को मंजूरी दी। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश ● शेष पेज 11 पर



### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना के वाहन पर आतंकियों की गोलीबारी के बाद तलाशी अभियान जारी

राजौरी। राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक अग्रिम गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास हुई संक्षिप्त गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि जंगल में छिपे आतंकियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर कुछ राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की और आतंकियों को बेअसर करने के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। एक अन्य घटनाक्रम में अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मंगलवार और ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सीमा पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया

चंडीगढ़। बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर पठानकोट सेक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया है। यह युवक पठानकोट के रास्ते से भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था। इस घटना के बाद बीएसएफ ने बुधवार की सुबह पंजाब पुलिस के साथ सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च आपरेशन शुरू किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह तड़के ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर तैनात जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। एक व्यक्ति भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और उसका मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। जांच के बाद बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार इस घटना को लेकर पाक रेंजर्स से कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### कैग की सभी 14 रिपोर्ट की पीएसी करे जांच: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली की तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की सभी 14 कैग रिपोर्ट की लोक लेखा समिति (पीएसी) से जांच कराए जाने की मांग की है। पार्टी ने इसके लिए जल्द पीएसी के गठन की मांग की है। पार्टी का मानना है कि इससे लूट में शामिल लोगों को सजा मिल सकेगी। कैग रिपोर्ट पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने ही जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी शिकायत दी थी। इसमें भाजपा के शामिल होने के भी सबूत थे। सवाल उठता है कि विधानसभा में शराब नीति से जुड़ी सभी 14 रिपोर्ट क्यों नहीं पेश की गई। आमतौर पर विपक्ष के नेता पीएसी की अध्यक्षता करते हैं लेकिन दिल्ली में सरकार ही नेतृत्व करती है। हमारी मांग है की रिपोर्ट्स को सार्वजनिक तौर पर चर्चा के लिए लाया जाए। संदीप दीक्षित ने कहा कि कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति का उद्देश्य बार-बार बदल गया। पहले इसमें 70 संस्थाओं की भागीदारी थी जिसे घटाकर 14 कर दिया गया।

## तमिलनाडु की डीएमके सरकार राष्ट्र विरोधी और भ्रष्टाचार का प्रतीक : शाह

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार को राष्ट्र विरोधी और भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि स्टालिन और उनके परिवार के सदस्य अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ही हिंदी विरोधी अभियान चला रहे हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन पूरे राज्य में अभियान चला रहे हैं कि केंद्र सरकार गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोप रही है। उन्होंने घोषणा की है कि डीएमके सरकार राज्य में हिंदी को अनुमति नहीं देगी। अमित शाह ने कोयंबटूर में भाजपा के एक कार्यक्रम में स्टालिन के आरोपों पर कहा कि भाजपा-नीत राजग सरकार ने हिंदी को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए बहुत कुछ किया है। शाह ने कहा कि स्टालिन और उनके बेटे ने भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया है। शाह ने कहा कि स्टालिन सरकार को 2026 के विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंका जाएगा और भाजपा-नीत एनडीए तमिलनाडु में अगली सरकार ● शेष पेज 11 पर



### अमित शाह ने परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों को दिया भरोसा स्टालिन पर लगाया जनता को गुमराह करने का आरोप

चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया है कि आगामी परिसीमन प्रक्रिया में उन्हें कोई सीट नहीं खोनी पड़ेगी। शाह बुधवार को ● शेष पेज 11 पर

### 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली से नहीं हटेगी पंजाबी भाषा: सीबीएसई

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति के संबंध में स्पष्ट किया है कि पंजाबी भाषा को इस प्रणाली से हटाया नहीं गया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि मसौदा में शामिल अन्य विषयों और भाषाओं की सूची केवल सांकेतिक है और वर्तमान में पेश किए गए सभी विषय और भाषाएं 2025-2026 के लिए भी पेश की जाती रहेंगी। भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्रीय और विदेशी भाषा समूह शीर्षक के तहत मसौदा नीति के बिंदु 8 में भाषाओं की सूची के तहत उल्लेखित भाषाओं के अलावा, पंजाबी (004), रूसी (021), नेपाली (024), लिंबू (025), लेप्चा (026), सिंधी (008), मलयालम (012), ओडिया (013), असमिया (014), कन्नड़ (015), कोकबोरोक (091), तेलुगु (007), अरबी (016) और फारसी (023) की पेशकश जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने 25 फरवरी को अपनी वेबसाइट पर 10वीं कक्षा की ● शेष पेज 11 पर

## सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे : मुर्मु

एजेंसी

भोपाल,। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हमारा देश महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। वर्ष 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी तक देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ हम अग्रसर हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो अपितु सामाजिक समरसता से भी परिपूर्ण हो। देश पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध हो और आध्यात्म से विश्व को राह दिखाने में सक्षम हो। ऐसे राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संत समाज से मानव कल्याण की भावना के साथ देश में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह महोत्सव हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति ने दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई। उन्होंने प्रतीक स्वरूप तीन जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह ● शेष पेज 11 पर



प्रयास

❑ बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति ने उपहार देकर की नव दम्पतियों के सुखमय जीवन की कामना

# नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, भाजपा कोटे के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

पटना। बिहार में बुधवार शाम चार बजे राजभवन के राजेंद्र मंडप में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इनमें भाजपा कोटे से कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सरावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। खास बात यह रही कि मिथिलांचल के दो विधायक संजय सरावगी और जीवेश कुमार मिश्र ने मैथली भाषा में शपथ ग्रहण की।

सबसे पहले दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने शपथ ली। उन्होंने मैथिली में शपथ ग्रहण की। इसके बाद बिहार शरीफ से भाजपा विधायक सुनील कुमार ने शपथ ग्रहण की इसके बाद दरभंगा के जाले विधानसभा सीट से भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राजू सिंह व रीगा से विधायक मोती लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। छठे नम्बर पर कृष्ण कुमार मंटू ने, जबकि सबसे अंत में विजय कुमार मंडल ने शपथ ग्रहण की।

नीतीश कुमार के कैबिनेट विस्तार में सिर्फ जातीय बल्कि ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय समीकरण का भी पूरा ध्यान रखा गया है। भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी विधायक बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में उन क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व करने से निश्चित तौर पर इसका असर इसी साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है।

भाजपा ने बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र के महत्व को समझते हुए इस क्षेत्र से दो विधायकों को मंत्री बनाया है। माना जा रहा है कि आने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा अपने इस दांव से मिथिलांचल के करीब 50 सीटों पर लीड लेने की कोशिश करेगी। उल्लेखनीय है कि कृष्ण कुमार मंटू छपरा के अमनौर क्षेत्र, विजय मंडल अररिया जिले के सिकटी, राजू सिंह साहेबगंज, संजय सारावगी दरभंगा जीवेश मिश्रा जाले, सुनील कुमार बिहारशरीफ और मोती लाल प्रसाद रीगा क्षेत्र से आते हैं।

बिहार विधानसभा का बजट सत्र 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। ऐसे में बजट सत्र से पहले मंत्री पद की शपथ लेने वाले भाजपा के सातों विधायकों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। दरअसल इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव ● शेष पेज 11 पर



❑ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ

❑ नए मंत्रियों पर होगी बड़ी जिम्मेदारी

## सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने वाली प्रणाली की खरीद के लिए अनुबंध किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने में सक्षम स्वचालित रासायनिक एजेंट डिटेक्शन और अलार्म प्रणाली की खरीद के लिए 80 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से मेसर्स एल एंड टी लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये और इसके तहत 223 अलार्म प्रणाली खरीदी जायेंगी। यह अनुबंध भारतीय खरीद आईडीडीएम श्रेणी के अंतर्गत है और इससे सरकार के आत्मनिर्भरता अभियान को अच्छा खासा बढ़ावा मिलेगा। इस प्रणाली के उपकरणों के 80 प्रतिशत से अधिक घटक और उप.प्रणालियाँ स्थानीय स्तर पर खरीदी जाएँगी।

इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठानए ग्वालियर द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह रासायनिकए जैविकए रेडियोधर्मी और परमाणु क्षेत्र में देश की स्वदेशीकरण पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस प्रणाली का इस्तेमाल पर्यावरण से हवा का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध एजेंटों ;सीडब्ल्यूएद्ध और प्रोग्राम किए गए विषाक्त औद्योगिक रसायनों टीआईसी का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री आईएमएस के सिद्धांत पर काम करता है और इसमें हानिकारक एवं विषाक्त पदार्थों का निरंतर पता लगाने और एक साथ निगरानी के लिए दो अत्यधिक संवेदनशील आईएमएस सेल होते हैं।

सेना की क्षेत्रीय इकाइयों में इस प्रणाली को शामिल करने से सेना की परिचालन के साथ.साथ शांति कालए विशेषकर औद्योगिक दुर्घटनाओं से संबंधित आपदा राहत स्थितियों से निपटने के लिए रक्षात्मक क्षमता में अच्छी खासी वृद्धि होगी।

# चांदनी किन्नर की अगुआई में कोरांव में निकली महाशिवरात्रि पर शिव बारात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। यमुनापार के नगर पंचायत कोराव में चांदनी किन्नर की अगुवाई में कोरांव कस्बे में शिव बारात का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किन्नरों ने नगर में घूम-घूम कर मंदिर में पूजा आरती की। लेडियारी तिमोहानी पर बने मंदिर से होते हुए कोरांव चौराहे से होते हुए संस्कृत पाठशाला मंदिर के प्रांगण में चांदनी किन्नर ने धूमधाम से पूजा अर्चना की। बताते चलें कि नगर में स्थित लगभग सभी मंदिरों में जाकर चांदनी किन्नर ने भगवान शिव का पूजा अर्चन किया और चांदनी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा हमारे पूरे क्षेत्र पर बनी रहे, हमारे सभी यजमान का कल्याण हो खूब फलें-फूलें और उन्नति के पथ पर अग्रसर हों यही मेरी भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है। इसी क्रम में कोरांव थाने में स्थित शिव मंदिर में उपस्थित होकर चांदनी किन्नर ने धूमधाम के साथ पूजा और आरती किया। थाना अध्यक्ष कोरांव नितिन कुमार शुक्ला ने चांदनी किन्नर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और साथ में ही प्रसाद के रूप में सभी बारातियों को फल वितरित किया। शिव बारात में प्रमुख रूप से एडवोकेट गोविंद मिश्रा, महेश पाण्डेय सेमरिहा, कालिका तिवारी कोरांव, सत्यम द्विवेदी सत्या के साथ-साथ संदीप कुमार, मोना किन्नर, राधा किन्नर, आयुषी किन्नर, रिंकी किन्नर, पूजा किन्नर, क्रांति किन्नर, ममता किन्नर, पूनम किन्नर, रोशनी किन्नर, शीला किन्नर, सपना किन्नर, मजन, रुस्तम के अलावा सैकड़ों की संख्या में शिव बाराती मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकली भगवान भोलेनाथ की बारात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा, प्रयागराज । महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर पंचायत शंकरगढ़ के रानीगंज रोड पर स्थित मंदिर प्रांगण से भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गई।डीजे की धुन पर नाचते,गाते शिव बाराती जमकर थिरके।भोलेनाथ की बारात लाइनपार,पटहट रोड से शुरू होकर सदर बाजार, रामभवन, पुरानी बाजार होते हुए रानीगंज लाइनपार पहुंची।समाजसेवी सुजीत केसरवानी ने बताया कि 27 फरवरी को भव्य भंडारे का आयोजन नवदुर्गा पूजा कमेटी लाइनपार शंकरगढ़ की तरफ से किया गया है। जिसमें समस्त नगर वासी, क्षेत्रवासी व भगवान भोलेनाथ के भक्त पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करें। इसी तरह विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ में महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड मानस पाठ के साथ 27 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया गया है। इसीतरह सदर बाजार शंकरगढ़ में महिला अस्पताल समेत आस पास कई स्थानों पर शिव भक्तों द्वारा प्रसाद के साथ ठंडई का वितरण किया गया।

# जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम से की यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ। प्रयागराज के सुचारू आयोजन हेतु जिलाधिकारी प्रयागराज रवींद्र कुमार माँदड़ ने पुलिस लाइन स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) से प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था का एएद्ब्ठु कैमरों के माध्यम से निगरानी किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़-नियंत्रण व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बेली कछार स्थित पार्किंग क्षेत्र का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, उन्होंने मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति की भी समीक्षा की और यातायात पुलिस को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए ऋएएए कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर मौके पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वाहनों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने, ट्रैफिक रूट को स्पष्ट करने और तीर्थयात्रियों को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

# महाकुम्भ के समापन पर वायुसेना की महासलामी, संगम के ऊपर गरजे सुखोई

कैनविज टाइम्स संवाददाता





करछना प्रयागराज महाकुम्भ नगर । महाकुम्भ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी है। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में

**जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी–योगी के भी भी लगे जयकारे**

**एयर शो की फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे श्रद्धालु**

सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलीकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। वायुसेना का रोमांचकारी प्रदर्शन

महाकुम्भ के समापन अवसर पर भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने हवा में अद्भुत कलाबाजियां दिखाईं। विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देखा, जहां सुखोई और एएन 32 और चेतक का शानदार प्रदर्शन चल रहा था। इस रोमांचक नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। लोगों ने इसे महाकुम्भ का यादगार पल बताया। जिस वक्त महाकुम्भ में संगम के ऊपर एयर शो चल रहा था, उसे देख श्रद्धालु गर्व और उत्साह से तालियां बजाने लगे। संगम तट पर साधु-संत-श्रद्धालु, आकाश में जंगी जहाजों का अद्भुत संगम महाकुम्भ के अंतिम दिन गंगा के तट पर जहां साधु-संतों और श्रद्धालुओं की आस्था की दिव्यता नजर आई, वहीं आकाश में वायुसेना की शौर्य और पराक्रम भी देखने को मिला। दोनों ने मिलकर इस महापर्व के समापन को ऐतिहासिक बना दिया। भारतीय वायुसेना के इस रोमांचकारी एयर शो के साथ ही महाकुम्भ का समापन हुआ। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय और गौरवशाली अनुभव बन गया।

# यातायात सुगम बनाये रखने मे पुलिस बल के साथ जिला अपराध कमेटी के कार्यकर्ता दे रहे ड्यूटी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज । नगर पंचायत कोरांव मे महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर संस्कृत पाठशाला के कैम्पस मे स्थापित विशाल मंदिर मे आने जाने वाले भक्तगण की सुरक्षा ब्यवस्था के साथ साथ कस्बा कोरांव सें गुजरने वाले वाहन यातायात सुगम बनाने रखने हेतु कोरांव थाना सें कस्बा इंचार्ज गिरीश कुमार राय कांस्टेबल मोहन कुमार, विजय शंकर सिंह, ओम प्रकाश यादव, योगेंद्र यादव व अन्य सहयोगी पुलिस बल के साथ जिला अपराध निरोधक कमेटी के वालंटियर ड्यूटी पर उपस्थित रहे । बता दे की गैर प्रान्त सें तीर्थराज प्रयागराज जाने -आने वाले कोरांव बाजार होकर श्रद्धांलु का वाहन जाम मे न फसे समय सें मेला क्षेत्र मे सुरक्षित तरिके सें पहुँचे इसको दृस्टिगत देखते स्थानीय पुलिस बल के साथ साथ जिला अपराध निरोधक कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी का बराबर सहयोग है यातायात सुगम बनाये रखने मे मुख्य रूप सें जिला अपराध निरोधक कमेटी कोरांव के थाना प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र,,मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम,संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल,चिदानंद मिश्रा,समेत अन्य सहयोगी पुलिस बल व कमेटी के वालीयंटर उपस्थित रहे।

# पैसे देने के बाद भी नहीं मिलता अच्छा भोजन : रूबी माली

**कई दिनों तक चलाया गया विशाल भण्डारा का आयोजन**

**श्रद्धालुओं ने प्रसाद का उठाया जमकर लुत्फ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। नैनी क्षेत्र के नैनी बाजार में मातृ शक्ति संगठन की रूबी माली ने अपने पति के साथ मिलकर अपनों के सहयोग के साथ नैनी बाजार में महाकुंभ में अमृत स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई दिनों से भव्य भंडारे का आयोजन चलाया। जहां रूबी माली ने यह भी बताया कि यहां लोग सौ से दो सौ रुपए थाली के हिंसाब से श्रद्धालुओं को भोजन परोस रहे हैं। लेकिन भोजन में कोई भी गुणवत्ता न के बराबर देखने को मिली है। ऐसे में मातृ शक्ति संगठन से जुड़ी रूबी माली ने यह संकल्प लिया कि देश विदेश से प्रयागराज महाकुंभ में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए हम निःशुल्क भव्य भंडारे की व्यवस्था खुद से करेंगे और आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कई दिनों तक गुणवत्ता युक्त प्रसाद ग्रहण करवाया गया। इस मौके पर सेवा भाव में रहे संजय माली, पिंटू माली, ने अपना सहयोग दिया। वहीं रूबी माली ने कहा कि हम सभी को ऐसे मौको पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए, निस्वार्थ भाव से किये गए कार्यों से आनंद की अनुभूति होती है। वहीं श्रद्धालुओं ने ऐसी सेवा देने वालों की भूरि भूरि प्रशंसा भी की।

## महाशिवरात्रि पर कस्बा कोरांव मे भंडारा



कोरांव (प्रयागराज ) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमुनापार क्षेत्र के कस्बा कोरांव लेडियारी रोड गौतम स्वीट्स के सामने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य मे हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी भंडारा चला भंडारा मे आसपास समेत गांव गिराव सें बाजार करने आये लोगो ने दुध मेवा आदि से मिश्रण युक्त ठण्डई ग्लास मे लेकर शिव भगवान का प्रसाद के रूप ग्रहण किया साथ ही आलू दम का भी प्रसाद वितरण किया गया इसी प्रकार कस्बा कोरांव मे दर्जनों जगह भंडारा का भब्य आयोजन हुआ कार्यक्रम मे सहयोग मे मुख्य रूप सें गौतम मोदनवाल उर्फ़ गोलू, शिवम सोनी, विकास केशरी, डॉ विंध्यवासिनी सिंह, मनोज गुप्ता, रघुवीर प्रसाद सोनी चंद्र प्रकाश केशरी, आदि दर्जनों कमेटी के लोगो ने अपना अपना सहयोग कार्यक्रम कों सम्पन्न कराने मे पूरा सहयोग किया

## महाकुम्भ का समग्र चिंतन, जनमानस की दृष्टि में विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न



करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाकुंभ देश भर के मान्य सम्पादक, पत्रकार और साहित्यकारों का संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा परेड ग्राउंड स्थित मीडिया सेंटर के कांफ्रेंस हॉल में कलमकारों का 25 वें भव्य महाधिवेशन का उद्घाटन धर्म सम्राट श्री पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्?गुरू शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ ने वीडियो कांफ्रेन्सिग के द्वारा किया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्रा ने कहा कि हम पूरी निष्ठा के साथ स्वस्थ पत्रकारिता के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्य अतिथि के रूप में दया शंकर सिंह परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने फोन पर अपनी शुभाशंसा व मंगलकामनाएँ व्यक्त की ॰ विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरांगना कुँवर प्रभासिंह शास्त्री राष्ट्रीय अध्यक्ष नेपाल भारत मैत्री वीरांगना फाउण्डेशन, जनकपुर धाम नेपाल, डॉ. बालकृष्ण पाण्डेय राष्ट्रीय संरक्षक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय संयोजक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, मथुरा प्रसाद धुरिया राष्ट्रीय मुख्यमहासचिव भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ , एली प्रमोद बंसल संरक्षक पत्रकार महासंघ ने अपने सार्थक विचार प्रस्तुत किया। संचालन राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र मिश्र विश्वबंधु एवं धन्यवाद ज्ञापन उत्तर प्रदेश मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह ने किया। इस अवसर पर खिलौने माटी के ( बाल साहित्य) व महाकुम्भ 2025 नामक दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। समारोह में नेपाल के राजकिशोर यादव, विमला यादव सहित इस फगवाड़ा पंजाब के डॉ मनोज फगवाड़वी, सत्यप्रकाश गुप्त राष्ट्रीय संगठन सचिव, डॉ. रामलखन चौरसिया वागीश प्रभारी साहित्य प्रकोष्ठ, पवनेश कुमार 'पवन' राष्ट्रीय महासचिव (कार्यालय), नंद गोपाल वर्मा राष्ट्रीय सचिव, प्रदीप सिंह प्रभारी देश दर्शन प्रकोष्ठ, रवीन्द्र कुशवाहा प्रभारी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, राकेश मालवीय, शम्भू नाथ श्रीवास्तव, सहित देश भर से पधारे सैकड़ों पत्रकार साहित्यकार कविगण मौजूद रहे। सभी सम्मानित पत्रकारों साहित्यकारों को सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न, मेडल, अंगवस्त्र मिथिला की पाग सहित सम्मान के साथ साथ प्रचुर मात्रा में उपहार फाइल कैलेंडर सूचना साहित्य डायरी, नोट बुक, एवं अन्य उपहार प्रदान किया गया।

## मोदी–योगी के अथक प्रयास से सनातन को पूरे विश्व में मिली नई पहचान : जगतारमुनि

प्रयागराज/महाकुम्भ नगर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूज्यपाद धर्मगुरु त्रिशूल भगवान की 38वीं दर्शन शोभा यात्रा के अवसर पर श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में भजन संगीत कार्यक्रम हुआ। अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत जगतारमुनि ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि यह शासन सत्ता में परिवर्तन का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के अथक प्रयास से सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म संस्कृति और मान्यताओं को पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व निर्मल गंगा को प्रदूषित कहने वाले स्वयं सनातन धर्म और पवित्र गंगा माता के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि जय शिवसेना भारत संगठन के लोग भक्ति व शक्ति के साथ एकजुट होकर धर्मगुरु त्रिशूल भगवान के आशीर्वाद से सनातन हिन्दू धर्म को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।जय शिवसेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकारनाथ त्रिपाठी ने सेना के उद्घोष की व्याख्या करते हुए कहा कि राष्ट्रीय धर्म का सम्मान, तभी सुरक्षित है हिंदुस्तान। आज सनातन धर्म भारत देश व हिन्दू जनता अनाथ वह उपेक्षिक नहीं रह गई। आवश्यकता है कि हम सब एकजुट होकर एक साथ सनातन धर्म की मजबूती बनाए रखें। ओंकारनाथ त्रिपाठी ने राजेश केसरवानी को जय शिवसेना का राष्ट्रीय महामंत्री और संतोष अग्रहरि को प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया।

# शिव ही रस का स्वरूप है और जो शिव या रस को पा लेता है आनंद मय बन जाता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना । प्रयागराज क्षेत्र के खरकौनी स्थित माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज नैनी में परम पूज्य गुरुदेव डॉ नारायण दत्त श्रीमाली के सानिध्य में प्रयागराज के सिद्धाश्रम साधक परिवार की ओर से महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय साधना शिविर का शुभारंभ मंगलवार देर शाम से हुआ। जिसमें स्थानीय समेत अन्य प्रदेशों के साधक लोगों की भीड़ रही। गुरुदेव डॉ नारायण दत्त श्रीमाली ने शिविर के प्रथम दिवस पर मंगलवार रात्रि में प्रथम सत्र में लोगों को रसेश्वर शिव जगदंबा दीक्षा के संबंध में अनेक ज्ञान बताएं। उन्होंने बताया कि मनुष्य जीवन नव रस से ही गतिशील है। जीवन में रस सौंदर्य ही आनंद प्रदान करने वाले हैं । जब मनुष्य जीवन में शिव रस और भक्ति रस समाहित होते हैं। तो वह अपने जीवन में भय , घृणा को समाप्त कर देता है। उन्होंने शिव महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि शिव ही रस का स्वरूप है। जो शिव रस को पा लेता है। वह आनंद मय बन जाता है । और बताया कि शिव के बिना शक्ति नहीं और शक्ति के बिना शिव नहीं। उन्होंने रात्रि कालीन के दूसरे सत्र में शक्तिपात संस्कार के अर्थ की व्याख्या करते हुए बताया की शक्ति या ऊर्जा का किसी वस्तु या व्यक्ति में गिरना या प्रवाह होना होता है । अगर शक्ति गिर रही है। तो यह तय है कि शक्ति किसी उच्च स्तर से प्रवाहित होगी। भौतिक जगत में शक्ति का उच्च स्तर गुरु के अतिरिक्त और कौन हो सकता है। इसलिए शक्ति पात को गुरु के द्वारा शिष्य के अंदर प्रवाहित की गई सात्विक ऊर्जा प्रवाह कहा जाता है । इस ऊर्जा के प्रवाह के बाद शिष्य चैतन्य हो जाता है व क्रियाशील हो जाता है। उन्होंने प्रयागराज के भव्य व दिव्य महाकुंभ में मां गंगा, यमुना समेत सरस्वती मां के महिमा का गुणगान किया। और संगम की विशेषता को विस्तार पूर्वक बताया। आचार्य मनोज भारद्वाज की ओर से पूजन- अर्चन सहित सामूहिक रूप से आरती कराई गई । वही आयोजक व संयोजक मंडलों में प्रयागराज के सिद्धाश्रम साधक परिवार के लोगों में राजेश्वर प्रसाद पांडेय ,गजराज सिंह , तरुणेन्द्र कुमार पांडेय ,राजेश पाठक ,आनंद कुमार पांडेय ,आदर्श कुमार पांडेय ,अंबुज पांडेय ,रवि शंकर सोनी, अमित पांडेय ,कुलदीप तिवारी ,सुधाकर पांडेय ,घनश्याम दुबे ,सोनू मिश्र, आशीष तिवारी, सुशील तिवारी ,शिवम मिश्र आदि लोग व्यवस्था में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के दूसरे दिवस का बुधवार देर रात्रि में समापन होगा।

**शिव के बिना शक्ति नहीं , शक्ति के बिना शिव नहीं – गुरुदेव डॉ नारायण दत्त श्रीमाली जी**

# सरकार की पहल से विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक शिक्षा का लाभ: उच्च शिक्षा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा ग्रेटर नोएडा में परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता को आशय पत्र प्रदान किया। यह निर्णय उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 यथा-संशोधित के तहत लिया गया है, जो राज्य में उच्च शिक्षा के संसाधनों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम प्रयास है।उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार उच्च शिक्षा में सुधार और नवाचार को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में नई शैक्षणिक योजनाओं और नीतियों के तहत उच्च स्तरीय संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का हब बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के नए परिसर की स्थापना से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा, जिससे छात्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह उत्तर प्रदेश में दूसरा दूरस्थ केंद्र होगा जबकि पहला दूरस्थ केंद्र जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में है। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के संस्थापक योगेश मोहन गुप्ता ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि नए परिसर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुसार शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एम. पी. अग्रवाल, विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी एवं शिपू गिरि उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि पर्व पर कहीं शिवलिंग की स्थापना तो कहीं भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र भर में महा शिवरात्रि का पर्व बुधवार को बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में आज दिनभर 'हर-हर महादेव 'बम बम भोले के जयकारे गूंजते रहें। श्रद्धालुओं की ओर से मंदिरों में आज विशेष पूजन भी करवाए गए। लोगों ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखा और कथा श्रवण किया। नगराम के समीप स्थित पेट्रोल पंप के निकट शारदा नगर नगराम में शिवलिंग की स्थापना हुई जिसका नाम ओमकारेश्वर महादेव मंदिर का नाम रखा गया, सलेमपुर अचाका ग्राम प्रधान विकास पटेल ने बताया कि मंदिर पर मंगलवार से अखंड रामायण पाठ शुभारंभ किया गया बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर शिव जी की स्थापना के लिए शिव बारात बड़ी ही धूमधाम से निकाली गई जो क्षेत्र के नबीनगर से नगराम कस्बा होते हुए शारदा नगर पहुंची इस दौरान काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे , दिनभर क्षेत्र के शिवालयों पर श्रद्धालुओं की जल चढ़ाने को लेकर कतार लगी रहीं। क्षेत्र के गढ़ा रोड स्थित लक्ष्मी टेडर्स परिसर शिवालय पर दिनभर शिव महिमा के भजन गूंजते रहें। शिव रात्रि के उपलक्ष्य में लंगर-भंडारे का भी आयोजन किया गया, भंडारे के मुख्य आयोजक रजनीकांत गुप्ता व शुभम गुप्ता रहे। भंडारे में क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत समेत व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल , गढ़ा प्रधान सुनील पटेल , बीजक प्रकाश , सुभाष गुप्ता समेत हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवमय रहे शिवालय

❐ बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने पहुंचकर जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। महाशिव रात्रि पर बुधवार को बंथरा क्षेत्र के शिवालय शिव भक्तों के जयकारों गुंजायमान रहे। यहाँ सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी रही। भक्तजनों ने बेलपत्र, गंगा जल व दूध से शिवलिंग का अभिषेक किया। हरौनी स्थित प्राचीन झाड़ेश्वर मंदिर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने पहुंचकर बम बम भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया साथ ही मेले का आनंद लिया, इसी के साथ बनी गाँव में सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री रेतेश्वर महादेव धाम में समाज सेवी शिवशंकर सिंह शंकरी व रामशंकर सिंह मतोले द्वारा रुद्राभिषेक, शिव जागरण व भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। शिव जागरण में निर्मल शुक्ला एण्ड जागरण पार्टी नें आराध्य शिव पर भजनों तथा विभिन्न प्रकार की झांकिया प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्ति मय बना दिया । इस मौके पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, एमएलसी राम चन्द्र प्रधान, केन्द्रीय रक्षा मंत्री के पुत्र नीरज सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, पूर्व सांसद रीना चौधरी पूर्व एमएलसी प्रदीप सिंह, पूर्व विधायक उदयराज यादव व राम लाल अकेला, मेयर सुषमा खर्क वाल,पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद रामनरेश रावत, पार्षद कमलेश सिंह, पार्षद विमल तिवारी, पार्षद रजनी यादव, पार्षद द्रोपदी रावत, पार्षद पिंकी रावत, पार्षद के एन सिंह,हाफ़ेड चेयरमैन नवलेश प्रताप सिंह व विनय दीक्षित,पूर्व प्रधान राकेश सिंह, संदीप ढल, लकी कपूर, ब्लाक प्रमुख सुनील रावत, शंशाक शेखर सिंह सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्राचीन श्री रेतेश्वर महादेव धाम में पूजा अर्चना कर भण्डारे का प्रसाद गृहण किया।

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ , बोल बम के जयकारों से गूंजा परिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी , तीन जनपदों के बीच स्थित भंवरेश्वर धाम पर लाखों श्रद्धालुओं ने सई नदी में डुबकी लगाकर जलाभिषेक किया। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर तीन जनपदों के बीच स्थित भंवरेश्वर धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया , मंदिर के बाबा सुनील गोस्वामी ने बताया कि मंगलवार को ही आने वाले श्रद्धालुओं की भारी-भरकम भीड़ शिव दर्शन के लिए इकट्ठा हो गए थे जो मध्य रात्रि से ही मंदिर के पट खुलने के बाद नदी में स्नान कर भक्तों ने जलाभिषेक किया। बताया कि मंदिर कमेटी व प्रशासन मंदिर के पीछे श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व जलाभिषेक के लिए बैरीकेटिंग बनाई जिससे होकर जाने से जलाभिषेक करने व दर्शन करने के लिए सुलभ हो गया। हालांकि पुलिस टीम चप्पे चप्पे पर मौजूद रहीं। नदी में स्नान के दौरान कोई हादसा न हो गोताखोर टीम मौजूद रहीं। वहीं निगोहा क्षेत्र के भैरमपुर गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर सुबह के चार बजते ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लग गई मंदिर में घंटियों और शंख के ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहें थे , मंदिर के पुजारी जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शिव दर्शन व जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तगणों का तांता लग गया था।

❐ भक्तों ने सई नदी में डुबकी लगाकर भंवरेश्वर मंदिर स्थित शिवलिंग में किया जलाभिषेक



## विकास पटेल अपना दल (एस) से व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष घोषित

**नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव निवासी विकास पटेल को एक बार फिर पार्टी ने विस्वास जताते हुए अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल ने विकास पटेल को लखनऊ व्यापार मंच का जिलाध्यक्ष का पदभार सौंपा है। बुधवार को अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगराम क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव निवासी विकास पटेल को दोबारा व्यापार मंच का जिलाध्यक्ष लखनऊ का पदभार सौंपा गया है। विकास पटेल ने कहा कि वह पार्टी के लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे, उन्होंने लिस्ट में नाम आते ही पार्टी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# 6 साल बाद संपन्न हुई शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, निकाली गई शोभायात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज इलाके की ग्राम पंचायत सलेमपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 6 वर्षों से अधूरे पड़े शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न किया गया। मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ भक्तों की उपस्थिति में डीजे, बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गिरीश वर्मा ( रिंकू ) ने कहा कि वे चाहते हैं कि इस मंदिर की जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मंदिर के विकास से भक्तों को खुशी मिलेगी। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में वीरेंद्र यादव, मास्टर श्रीकांत, गिरीश वर्मा, सरवन दादा, बहादुर, अभिषेक यादव, सर्वेश चौरसिया और दिनेश यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के बाहर शिवरात्रि के मौके पर लगी भक्तों की भारी भीड़

❐ इस मंदिर से ग्रामीण व शहरी श्रद्धालुओं की जुड़ी है अटूट आस्था : रामू गिरि महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के अटूट श्रद्धा भक्ति देखने को मिली। बुधवार को बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में करीब पांच सौ मीटर से अधिक दूरी से ही श्रद्धालु कतार में खड़े होकर भगवान भोले नाथ पर जलाभिषेक करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए हर हर महादेव के जयकारा लगाते रहे। जिसमें भीड़ को देखते हुए शासन प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे चाहे वो गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था हो या श्रद्धालुओं को कतार में लगाने की व्यवस्था हो। इसके लिए भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तत्परता के साथ आने जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग प्रशस्त कर रहे थे। इस अवसर कई ऐसे भी श्रद्धालुओं अपनी श्रद्धा भक्ति का परिचय कराया जिसमें अपने स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण कर रहे थे। वहीं मंदिर महंत पुजारी रामू गिरि महाराज ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बुधवार के दिन शिवरात्रि पर्व होने से भीड़ बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वैसे भी इस मंदिर में ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी लोगों का अक्सर जमावड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ होने के चलते भी कहीं से कोई अभी शिकायत नहीं आयी है, यह भी भोलेनाथ की कृपा से सब सही चल रहा है। महाराज ने बताया कि बीते रात्रि भोलेनाथ का श्रृंगार आरती की गई तब से लेकर अब तक श्रद्धालुओं की सेवा में मंदिर परिसर सेवकों द्वारा आने वाले भक्तों को निरंतर सुविधा प्रदान की जा रही है।

# 501 दीपों की आरती कर मनाई गई महाशिवरात्रि,मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र भर में बड़े ही धूमधाम के साथ शिवरात्रि मनाई गई और गोशाला परिवार ने गोपेश्वर महादेव और बुढ़िया शिवालय, कनारेश्वर पर पूजन और भव्य आरती की गई। कनार गांव में कनारेश्वर महादेव मंदिर व कसमण्डी कला क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में रंग गुलाल उड़ाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में विशेष आकर्षण शिव पार्वती की झांकी रही जिसमें महिलाएं, बच्चे,बुजुर्ग सभी उत्साह पूर्वक यात्रा में शामिल हुए। कई गांवों के प्रधानों ने ग्रामीणों को फल मिष्ठान,पानी वितरित कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजक मंडल रिकू यादव,सुशील रावत, अजय, ामकिशोर, संदीप, राजू प्रति वर्ष विशाल यात्रा का आयोजन करते है इस अवसर पर हजारो लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही रहीमाबाद क्षेत्र में धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाई गई जिसके लिए मंदिरो में एक दिन पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी प्राचीन शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई जिसका स्वागत बाराही देवी मंदिर पर किया गया। क्षेत्र के सभी गांवो के मंदिरों पर रामायण पाठ का आयोजन और रात्रि जागरण कर शिवरात्रि रात्रि मनाई गई है। गौशाला प्रमुख उमाकान्त गुप्ता ने बताया प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर और बुढ़िया शिवालय में ब्रह्म मुहूर्त से ही भोलेनाथ का रुद्राभिषेक शुरू किया गया और कमल पुष्प से श्रृंगार किया गया पूरे दिन अनवरत ? नमः शिवाय का जप तथा शाम को फूलों की होली खेली गई तत्पश्चात 501 दीपों से भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। भतोइया गांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में पूजन के विशेष आयोजन किए गए जिसमें बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही,शहद आदि सामग्री से भगवान शिव का पंचोपचार किया गया।

# अखंड रामायण, कन्याभोज के बाद भंडारा सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के दाउदपुर गांव आमें स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ के बाद बुधवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। इसी के साथ मंदिर पर कन्याभोज के बाद भंडारा हुआ। उपहार देकर कन्यापूजन भी किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। करुणेश वर्मा, कारण, दिलीप, रामानंद, सहित अन्य ने प्रसाद वितरित किया। शेखनापुर गांव में भी शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर मंगल की कामना की गई। यहां भी भंडारा लगाया गया। रतियामऊ गांव में प्रधान राम प्रसाद यादव के यहां भी रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। कासिमपुर सलौली गांव झारखंडेश्वर महादेव मंदिर पर मेला लगा और भंडारे हुए। शिव बारात भी निकली गई। सलेमपुर में भी शिव बारात निकली गई। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर भी भक्तों ने जलाभिषेक किया। गंगागंज, धौरहरा, गोमीखेड़ा, मोहम्मदपुर गढ़ी सहित अन्य गांवों में भी शिवमंदिरों पर भीड़ जुटी रही। झंडेश्वर महादेव मंदिर और भवरेश्वर महादेव मंदिर पर मेला लगा।इस आयोजन में चंदन वर्मा,दलीप कुमार, संतोष कुमार,नितिन शर्मा, अनुज वर्मा, हिमांशू वर्मा ,मोहित यादव ,रमन पटेल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय एक युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**निगोहां , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के अहिनवार गांव में 20 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह अहिनवार गांव की रहने वाली चांदनी (20) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली , ग्रामीणों की मानें तो मामला प्रेम प्रसंग का सामने आ रहा है। वहीं परिजनों का आरोप है कि उसकी बेटी के साथ गांव का ही युवक शारीरिक शोषण कर रहा था विरोध करने पर जान से मारने कि धमकी देते हैं। मृतका की मां ने बताया कि चांदनी बुधवार की सुबह घर पर अकेली थी , सभी खेत में थे। खेत जाने के बाद कमरे में लगे रोशन दान से दुपट्टा के सहारे चांदनी का शव लटक रहा था, जिसकी जानकारी उन्हें पड़ोसियों ने दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। निगोहां पुलिस हर पहलू पर जांच-पड़ताल में जुटी है।

## बीमार कर्मचारियों के स्थानान्तरण की कर्मचारी संगठन ने उठायी मांग

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग में सक्रिय कर्मचारी संगठन उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रावत और महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने विभाग के बीमार कर्मचारियों एवं अधिकारियों के स्थानान्तरण व समायोजित किये जाने की मांग की है। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने राज्य कर के प्रमुख सचिव को अपना मांग पत्र सौंपते हुए सहानुभूतिपूर्वक निर्णय करने का निवेदन किया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र और महामंत्री सुरेश ने कहा कि बीते वर्ष चतुर्थ श्रेणी के दो कर्मचारी, कनिष्ठ सहायक के पांच और आशुलिपि के छह मात्र स्थानान्तरण पर ही विचार किया गया था। तभी अधिक संख्या में प्रार्थना पत्र मुख्यालय पर प्राप्त हुए थे, फिर भी शासन द्वारा जारी स्नानान्तरण नीति का अनुपाल नहीं हुआ था। नियमावली नीति के तहत जो गम्भीर रूप से बीमार है, दो वर्ष सेवानिवृत्ति होना अवशेष है, पति पत्नी राजकीय सेवा में है, ऐसे सभी प्रार्थना पत्रों पर विचार किया जायेगा। किंतु मुख्यालय स्तर पर विचार नहीं किया गया।

## लखनऊ मेट्रो फ़ेज-2 के लिए मृदा परीक्षण की प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के निर्देश पर बुधवार को लखनऊ मेट्रो फ़ेज-टू के लिए मृदा परीक्षण की प्रक्रिया शुरू हुई। सरफराजगंज में पहुंची अभियंताओं की टीम ने मृदा परीक्षण के लिए नमूना लिया है। लखनऊ मेट्रो फ़ेज-टू के लिए स्थलाकृतिक एवं उपयोगिता सर्वेक्षण किये जाएंगे। इसके बाद निवेश बोर्ड (पीआईबी) से अनुमोदन मिलते ही निर्माण कार्य की नींव रख दी जाएगी। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के अनुसार उत्तर प्रदेश के बजट में जमीन के कार्य को तेज करने के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लखनऊ में बारह स्टेशनों वाले नये मेट्रो रूट को बसंतकुंज से चारबाग तक चलाने की तैयारी है।

## मेरठ में एसटीएफ से मुठभेड़ में अपराधी जितेन्द्र ढ़ेर

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट से मेरठ शहर के थाना मुंडाली में एक लाख के इनामी अपराधी जितेन्द्र उर्फ जीतू से मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में अपराधी जितेन्द्र की ओर से भी गोलियां चलायी गयी। जवाबी फायरिंग में जितेन्द्र को गोली लगी और अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि एक लाख के इनामी अपराधी जीतू को बीते दिनों एक मर्डर केस में पैरोल मिली थी और उसके बाद से वह पुलिस की नजर से छुपकर रह रहा था। जीतू ने जेल में ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध बना लिये थे और दो वर्षों तक वह गैंग के लिए काम कर रहा था। इसी बीच यूपी एसटीएफ को उसके मेरठ में होने की सूचना मिली। एसटीएफ से मुठभेड़ में हरियाणा के झज्जर निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू ढ़ेर हो गया।

## दिल्ली -मेरठ एक्सप्रेस वे पर कार ने पांच कांवड़ियों को कुचला, दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत, दो गंभीर

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की रात भोजपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिलों पर आ रहे पांच कावड़ियों को कुचल दिया। हादसे में हरियाणा के दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार और बुधवार की रात्रि करीब एक बजे हुई। फरीदाबाद के महमूदपुर गांव निवासी राहुल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने चचेरे भाइयों देवेंद्र, हरेंद्र और अन्य साथियों के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे। सभी रात्रि में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लौट रहे थे। जब उनकी बाइकें सड़क किनारे रुक गईं। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार कई वाहनों को ओवरटेक करती हुई आई और दोनों बाइकों को कुचल डाला। इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र उसके भाई हरेंद्र और अजय को मृत घोषित कर दिया । जबकि सुनील और सुंदर की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आज महानगर में डायवर्ट रहेंगे ये रुट

**झांसी।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य मे बुधवार को निकलने वाली शिव बारातों के दृष्टिगत प्रस्तावित रूट पर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु रूट डायवर्जन किया गया है। यह डायवर्जन सुबह 7 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए यातायात क्षेत्राधिकारी स्नेहा तिवारी ने बताया कि डायवर्जन रुट प्लान के अनुसार लक्ष्मी गेट से बड़ाबाजार आने वाले वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगें। बड़ाबाजार जाने वाले वाहन शिव बारात निकलने तक लक्ष्मी गेट तक ही जा सकेगें। बड़ागांव गेट चौकी से बड़ा बाजार आने वाले सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगें। सुभाषगंज तिराहा से मुरली मनोहर मन्दिर की ओर आने वाला यातायात पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। मुरली मनोहर मंदिर की तरफ जाने वाले वाहन खण्डेराव गेट से कोतवाली से गंदीगर का टपरा, बिसाती बाजार होते हुए जा सकेगें। गोविन्द चौराहा से मढ़िया महादेव मन्दिर की ओर जाने वाला यातायात पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। मिनर्वा से मरकज मस्जिद की ओर आने वाला यातायात पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। ओरछा गेट से मरकज मस्जिद की ओर आने वाला यातायात पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। झलकारीबाई तिराहा से मिनर्वा चौराहा की ओर जाने वाले वाहन किला चौकी तक ही जा सकेगें।

## गंगा स्नान के दौरान दो किशोरियां डूबी, तलाश जारी

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव में बुधवार सुबह गंगा स्नान के दौरान दो किशोरियां डूब गईं। लापता किशोरियों की पहचान काजल (17) पुत्री राजू और कुसुम (16) पुत्री गरीब के रूप में हुई है। गोताखोरों की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह करीब नौ बजे गांव की सात-आठ किशोरियां गंगा स्नान के लिए गई थीं। स्नान के दौरान वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। मौके पर मौजूद लोगों ने पांच-छह किशोरियों को बचा लिया, लेकिन काजल और कुसुम का कोई पता नहीं चल पाया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। सीओ मंजरी राव और कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत-बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। गोताखोरों की मदद से लापता किशोरियों की तलाश की जा रही है।

# आस्था का जन सैलाब,अबीर गुलाल खूब उड़ा

❑ मंदिर पर सुबह से ही लग गया था भक्तों का तांता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली सीतापुर। हाथी घोड़ा , गाजे बाजे शंख घड़ियाल के साथ भक्ति भाव में अपार आस्था के जनसैलाब के साथ बुधवार को कस्बे के पौराणिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से विशाल शिव शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह जगह पर भगवत भक्तों ने यात्रा का स्वागत कर उनपर फूल बरसाए। इस बाबत पुलिस सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त रहे। चले हैं बराती सज धज के '' रंग अबीर गुलाल उड़ाते मस्त हिलोरें लेते तमाम आस्थावान श्रद्धालु भगवान सिद्धेश्वर महादेव की परंपरागत बारात का हिस्सा बने। हाथी घोड़ा, भजनों पर थिरकते भक्त संत महंतो की अगुवाई में चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से करीब 11 बजे निकलकर तहसील रोड, बड़ा चौराहे से महमूदाबाद चौराहा होते हुए तहसील,मिश्रिख मार्ग होते हुए शाम को मंदिर वापस लौटी। जगह जगह पर फलहार ,भंडारे आदि के प्रबंध भक्तों द्वारा किए गए थे। राधाकृष्ण, भगवन शिव पार्वती, भगवान राम, हनुमान, त्रिदेवियों की सजीव झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान सिद्धेश्वर राधाकृष्ण प्रबंध समिति के सह संरक्षक गंगाराम राजपूत, अध्यक्ष अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक जायसवाल, आडिटर रामआसरे पांडेय, कमलेश कटियार आदि सहित विधायक मनीष रावत,नवदीप मिश्रा, सूर्यांश शुक्ल,हिमांशु सिंह,संगीत कुमार, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# हवन पूजन, कन्या भोज व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति

❑ भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जनपद के ब्लाक पहला के हडारमऊ गांव में चल रही पंडित कथा वाचक महेंद्र मृदुल जी की श्रीमद् राम कथा की पूर्णाहुति हवन पूजन, कन्या भोज व भंडारे के साथ भक्तिभाव से संपन्न, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। पंडित कथा वाचक महेंद्र मृदुल जी ने हवन पूजन कर यज्ञ की पूर्णाहुति की। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर आहुतियां डाली और सुख शांति की कामना की। कथावाचक पंडित महेंद्र मृदुल जी ने श्री राम कथा की अमृत वर्षा करते हुए भगवान श्री राम और माता सीता जी के विवाह की कथा सुनाई कहा कि प्रभु श्री राम की मंगल कथा इस कलिकाल में समस्त दुखों को हरने वाली है, ईश्वर के यहां देर है अंधेर नही आप जो भी कर्म कर रहे हैं उसका आपको वैसा ही फल मिलेगा उन्होंने कहा कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फलु चाखा। इसलिए सदैव ही सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें। कथा व्यास ने कहा कि इस कालि काल में मनुष्य मायाजाल में फंस कर भगवत भजन को भूलकर अपनी तृष्णा को पूरी करने का अनवरत प्रयास करता है परंतु तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती, कथावाचक ने कहा कि आप सभी सांसारिक तृष्णा को छोड़कर प्रभु की सच्चे हृदय से आराधना करें । श्री राम कथा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील किया और उसके बाद मे भगवान शंकर माता पार्वती जी के विवाह की कथा के बारे में बताया श्रोताओं इस अवसररपर विनोद वर्मा, वीरेंद्र वर्मा,कमल वर्मा,भगवती प्रसाद वर्मा, अमरीश, राजेश वर्मा बृज भूषण रावत जग जीवन, पंकज वर्मा अखिलेश वर्मा, धर्मेंद्र रावत,अजय वर्मा, दयाराम,राम लखन ,बालक राघवेंद्र वर्मा,प्रिंश, संदीप,राम प्रवेश, अवधेश वर्मा आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# टैक्स बार एसोसिएशन ने व्यापारियों की अपीलों के निस्तारण में आ रही दिक्कतों के समाधान की मांग उठाई

❑ कर अधिवक्ता बोले कई बार मुख्यमंत्री, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन ग्रेड टू को दिए, मगर समाधान नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई, जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने व्यापारियों की अपीलों के निस्तारण में विभागीय स्तर से आ रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया और जल्द इनका समाधान करने की मांग उठाई। टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव नसीम नवाब ने कहा कि अपीलीय न्यायालय में अपीलों के निस्तारण और अपील में आ रही अन्य विभाग की समस्याओं को दूर किया जाए। नसीम नवाब ने बताया गया कि प्रांतीय संघ द्वारा लगभग एक साल से अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अपीलीय न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार आसंवैधानिक हस्तक्षेप का विरोध किया जा रहा है जिससे न्याय प्रक्रिया पूरी तरीके से बाधित हो रही है और न्याय मिलने की उम्मीद लगातार समाप्त होती जा रही है। इस संदर्भ में निष्पक्ष न्याय संबंधित अभियान चलाया जा रहा है। इसके संदर्भ में अनेकों पत्र एवं ज्ञापन मुख्यमंत्री, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड दो अपील, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन, शासन और प्रशासन दोनों स्तर पर दिए जा चुके हैं। सरकार द्वारा और प्रशासन द्वारा अभी तक किसी प्रकार का सकारात्मक निर्णय इस पर नहीं दिया गया है। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू कश्यप ने कहा कि हमारी इन मांगों को न मानने से व्यापारिक वर्ग और अधिवक्ता वर्ग में रोष बढता जा रहा है। इस संबंध में जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री से समय लिया जाएगा और एक प्रांतीय संघ का एक डेलिगेशन उनसे मुलाकात करेगा। सभा में पूर्व प्रांतीय संयुक्त सचिव अनुराग सिंह, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य मिर्ज़ा आसिफ अली बेग, सुनील कुमार वर्मा, गोविंद प्रसाद मेहरोत्रा, जिया जमीर, निखिल गुप्ता, मोहित अग्रवाल, दीपक कुमार अग्रवाल, शिशिर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर गिरफ्तार

❑ पुलिस को एक पिकप वाहन मय 06 गोवंशीय पशु, एक अवैध तमन्चा मय कारतूस बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिले की पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मौके से पुलिस को एक पिकप वाहन, तस्करी कर ले जाई जा रही 06 गोवंशीय पशु के साथ एक अवैध तमंचा बरामद हुई है। पुलिस ने अपने मीडिया सेल ग्रुप के माध्यम से बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर पिकप वाहन से एनएच-28 के रास्ते गोवंशीय पशुओ को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें थाना चौराखास, थाना पटहेरवा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत पीआरके मेमोरियल स्कूल जौरा बाजार के आगे दूबे पट्टी जाने वाली लिंक सड़क के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो वाहन में सवार एक व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाब में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसकी पहचान रूस्तम पुत्र हजरत साकिन डुमरी टोला सिसवा महंथ थाना कसया घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया, के रुप में हुई। उसके कब्जे से 06 गोवंशीय पशु, एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 03 कारतूस, एक अदद मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त किये जाने वाला ठीहा, एक बाँका, गोबंशीय पशुओ को बध हेतु क्रूरता पूर्वक बाध कर ले जाने के लिए प्रयुक्त रस्सी व जामा तलाशी का 1500 रूपया नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना चौराखास पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 28 फरवरी को मुरादाबाद आएंगे प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय भनोट

**मुरादाबाद।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय भनोट दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी को मुरादाबाद पहुंचेंगे। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) अजय गुप्ता एडवोकेट ने बुधवार को बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय भनोट दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 28 फरवरी को मुरादाबाद पहुंचेंगे। प्रशासनिक न्यायमूर्ति मुरादाबाद दौरे के दौरान जिला सत्र एवं न्यायालय मुरादाबाद के विभिन्न न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे। जनपद न्यायाधीश सहित एडीजे, सीजेएम, एसीजेएम के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा दी मुरादाबाद बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी और जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ भी न्यायिक कार्यों को लेकर चर्चा करेंगे।

# 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इमरान प्रथम व अभिषेक द्वितीय

❑ पीएमश्री विद्यालयों की खेल प्रतियोगिता


कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत गौरीश्रीराम के माधोपुर स्थित स्टेडियम में तहसील स्तरीय पीएम श्री विद्यालयों की तहसील स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता मे तमकुही ब्लाक प्रथम, दुदही द्वितीय व सेवरही ब्लाक तीसरे स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।ब्लाक व्यायाम शिक्षक अमित श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव व नवनीत तिवारी की देखरेख में हुई प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इमरान खान प्रथम, अभिषेक द्वितीय व धीरज तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गुड़िया प्रथम, गुड़िया द्वितीय व अमृता तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर बालक वर्ग में सोनू प्रथम, कृष्णा द्वितीय, रेहान तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग नें सब्बू खातून प्रथम, खुशबू द्वितीय व शालू तृतीय स्थान पर रहे। खोखो बालक बालिका वर्ग दोनों में सेवरही की टीम विजेता व दुदही की टीम उपविजेता रही। इसके पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ अवकाश प्राप्त शिक्षक व पूर्व जिलामंत्री अभिमन्यु प्रसाद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते बीईओ डा. प्रभातचंद राय ने कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिताओं से बेसिक छात्रों की प्रतिभाएं सामने आकर निखरती हैं। अब हमारे छात्र अन्य छात्रों से सदैव प्रतिस्पर्धा को तैयार रहते हैं। इस दौरान आयोजक प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय, रामधनी यादव, इंद्रा सिंह, राजेश यादव, अमित कन्नौजिया, रवीश कुमार, पुण्य प्रकाश गिरी आदि मौजूद रहे।

# हिंदू बताकर शादी करने, दहेज मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पांच पर केस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र निवासी महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिए शिकायती पत्र में जिले के थाना भोजपुर क्षेत्र निवासी दूसरे धर्म के युवक पर खुद को हिंदू बताकर शादी करने, दहेज मांगने और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। एसएसपी के आदेश पर थाना मझोला पुलिस ने बुधवार को आरोपित युवक और उसके चार परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला के बुद्धि विहार की रहने वाली रूबी अग्रवाल ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 28 फरवरी 2022 को राज उर्फ इकरार से हुई थी। महिला ने बताया कि वह राज उर्फ इकरार को सिर्फ एक साल से जानती थी और उसके साथ रिलेशन में थी। शादी के दो साल बाद पीड़िता को जानकारी हुई कि उसका पति राज उर्फ इकरार मुस्लिम है, जबकि राज ने उसे हिंदू बताकर शादी की थी। पीड़िता को यह भी पता चला कि राज उर्फ इकरार पहले से ही शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। पीड़िता का आरोप है कि पति ने उसका तीन बार गर्भपात भी कराया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति राज उर्फ इकरार, उसकी पहली पत्नी अफसाना, इसरार, राजा व जर्रार उसे लगातार धमकी दे रहे हैं कि दहेज में पांच लाख रुपये लाकर दो वरना तुम्हारे बच्चों को मार देंगे। पुलिस से शिकायत के बाद समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं और बदले में एक लाख रुपये तथा पीपलसाना में 100 गज का प्लॉट मांग रहे हैं। थाना मझोला एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि मामले में एसएसपी के आदेश पर एक महिला समेत पांच नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सदर तहसील सभागार सीतापुर में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदकों की सुगमता की दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा सीतापुर, में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं के निराकरण हेतु नामित माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में दिनांक 27 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अतः दिनांक 27 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में उत्पीड़न की पीड़ित महिला शिकायतकर्ता अपने शिकायती पत्र, मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड आदि साथ लेकर आ सकते हैं, जिससे आयोजन स्थल पर ही उनका निस्तारण किया गया।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन

**मछरेहटा-सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मछरेहटा कस्बे के नई बस्ती के नर्मदेश्वर महादेव के शिवालय पर महाशिव रात्रि के अवसर सुबह से ही शिव भक्त जय भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान होने लगा इसके साथ शिव भक्तों के द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।विशाल भण्डारे का आयोजन सभी शिव भक्तों के सहयोग से हुआ जिसमे कमल किशोर मिश्र, अनिल मिश्र, अनिल दीक्षित, सौरभ दीक्षित, संजीत अवस्थी आदि के द्वारा खीर-पूड़ी और शिव प्रसाद की भी व्यवस्था की गई साथ ही अतुल गुप्ता अंकुर शुक्ला आदि द्वारा भक्तों के लिए कॉफी की भी व्यवस्था की गई भक्तों ने बम भोले जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडीला में बाबा मंगलेस्वर धाम पर महाशिवरात्रि के अवसर श्री मंगलेस्वर महादेव सेवा समिति व ग्राम वासियो के सहयोग से बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। वही ग्राम पंचायत में बाबा तुरंतनाथ धाम पर भी बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। सभी ग्राम वासियों एवम क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं सभी पर भोलेनाथ की कृपा बनी रहे वही ग्राम पंचायत में त्रिकोण नाथ मंदिर पर बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया और पंकज दीक्षित के सानिध्य में प्रकाश दीक्षित के मकान के पास वाले मंदिर पर पूड़ी सब्जी का भंडारा किया गया। मछरेहटा स्थिति भारा सैनी चौराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया जिसके मुख्य सदस्य गण रमेश अनुज मोहम्मद तालिब अनिल राजपूत आदर्श कुमार गुप्ता बबलू डॉक्टर पिंकू डॉक्टर अनुज व विभिन्न मित्रगण सम्मिलित हुए और भंडारे की शोभा बढ़ाई ।

# सेप्टिक टैंक में गिरा पांच साल का मासूम हुई मौत, परिजनों में कोहराम

एजेंसी



कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में साथी बच्चों के साथ नव निर्माण घर पर खेल रहा पीएसी जवान का पांच साल का बेटा अचानक सेप्टिक टैंक में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह पुलिस ने बच्चे के शव को टैंक से बरामद किया। मासूम का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। सनिगवां के गायत्री नगर में रहने वाले प्रवेश कुमार पीएसी जवान हैं। वर्तमान में वह वाराणसी में तैनात हैं। परिवार में उनकी पत्नी अंजली और पांच साल का बेटा अयान था। घरवालों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर मासूम अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते गायब हो गया। घबराई मां ने इलाक़ाई लोगों के साथ मिलकर ढूंढना शुरू किया लेकिन वह कहीं भी नहीं मिला। फिर शाम को चकेरी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बच्चे की गुमशुदगी की खबर पिता को मिलते ही वह भी मंगलवार की देर रात तक कानपुर वापस आकर बच्चे को ढूंढते हुए मोहल्ले में बने एक नव निर्मित मकान पहुंचे। मकान पूरा खाली पड़ा था। घर में मुख्य द्वार भी नहीं था। तभी सब लोग उस मकान में दाखिल हुए तो उनकी नजर सेप्टिक टैंक पर पड़ी, लोगों ने आशंका जाहिर करते हुए टैंक में भरे पानी को मोटर की सहायता से बाहर निकाला। टैंक खाली होते ही बच्चे का शव दिखाई देने लगा जिसे देख चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि खेलने के दौरान बच्चा सेप्टिक टैंक में गिर गया था। हालांकि परिजनों द्वारा किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जीएपीपी नेपाल के अध्यक्ष हरि चरण साह का लखनऊ में भव्य स्वागत

❑ भारत-नेपाल मैत्री संबंधों को मजबूत करने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शांति और वैश्विक अधिकारों के लिए कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय संगठन ग्लोबल एग्रीमेंट ऑन पार्टिसिपेशन इन पीस (जीएपीपी) के कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट सेल के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष जयकेश त्रिपाठी के बंगला बाजार स्थित आवास पर संगठन के एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व सांसद और जीएपीपी नेपाल के संयोजक हरि चरण साह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि हरि चरण साह ने कहा कि जीएपीपी एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जो पूरी दुनिया में शांति और न्याय के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने इस अभियान को और मजबूत करने के लिए सभी से सहयोग और भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे को उनके पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएँ दीं और भारत-नेपाल मैत्री संबंधों को और मजबूत करने के लिए रालोद प्रमुख जयंत चौधरी का सहयोग मांगा। जीएपीपी के संस्थापक विश्वात्मा जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह संगठन वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस क्रांतिकारी पहल से जुड़ें और युद्ध एवं अन्याय से मुक्त एक नए विश्व के निर्माण में योगदान दें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि हरि चरण साह का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जीएपीपी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जयकेश त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया। इस विशेष आयोजन में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद पांडेय, संवाददाता समिति के उपाध्यक्ष अविनाश मिश्रा समेत कई गणमान्य व्यक्तित्व और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **20.03.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म व मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या** | 02102025 दिनांक 25.02.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या : (1)** 41-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 **(2)** 42-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 | |
| 3 | **कार्य का नाम : (1)** सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अन्तर्गत फाफामऊ गुड्स बाईपास लाइन पर पीएससी स्लीपरों के साथ गैर मानक निर्मित डायमंड क्रॉसिंग को सीएमएस क्रॉसिंग से प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य। **(2)** वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत डीएफसी फीडर रूट पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-59) के प्रतिस्थापन एवं SLN-CIL, PBH-PFM, UCR-ON, UCR-DYP सेक्शन में (CC+8+2T Route) पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-26) के प्रतिस्थापन का कार्य। | |
| 4 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 1,53,65,254.93, **(2)** रु. 16,11,11,480.13 | |
| 5 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 2,26,800.00, **(2)** रु. 9,55,600.00 | |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : (1)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। **(2)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 06.03.2025 | |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 20.03.2025, 15:00 बजे | |
| 9 | **वेबसाईट : www.ireps.gov.in** | |

**नोटः- 1.** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **618/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीएमओ साहब! लापरवाही से मौत की नींद सुलाने वाले हास्पिटल कब होगे सील

- एक सप्ताह मे जिले के दो हास्पिटल ने छिन ली दो जिन्दगियां
- जनपद के हाटा स्थित सिंह मैक्स ने महिला व कसया एनएच-28 पर संचालित आरएस हास्पिटल बना घायल युवक का मौत कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता







कुशीनगर । जनपद में स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से निजी अस्पतालों मे चिकित्सको की लापरवाही से मौत का सिलसिला जारी है। इसमे अधिकांशतः अवैध हास्पिटल व बडे नाम के फर्जी वोर्ड लगाकर हास्पिटल संचालित करने वालो की संख्या सर्वाधिक है। इसके बाबजूद स्वास्थ्य महकमा के जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने बैठे। यही वजह है कि बीते शुक्रवार को हाटा नगर मे संचालित सिंह मैक्स हास्पिटल मे चिकित्सक के लापरवाही से एक प्रसुता की मौत हो गयी तो शनिवार को कसया एनएच-28 पर स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल ने पांच घंटे तक घायल युवक को इलाज के अभाव में मार डाला। मजे की बात यह है कि अभी तक स्वास्थ्य महकमा के हुक्मरान कुंभकर्णी निद्रा से जागे नही है। नतीजतन अभी तक न तो यह हास्पिटल सील हुआ है और न मुकदमा दर्ज हुआ है। काबिलेजिक्र है कि जनपद के हाटा में चल रहे सिंह मैक्स नर्सिंग होम में डॉक्टर की लापरवाहियों से एक प्रसूता की जान चली गई। परिजन का आरोप है कि डिलेवरी के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां आप्रेशन के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। इस दौरान चिकित्सक ने जच्चा-बच्चा दोनो को पूरी तरह से ठीक बताया लेकिन कुछ ही घंटों में डॉक्टर्स ने बताया कि प्रसूता की हालत बिगड़ गई है। परिजन का कहना है कि हास्पिटल प्रशासन ने पीड़िता को देखने तक नहीं दिया और अस्पताल के डॉक्टर ही पीडिता को एंबुलेंस मे लेकर गोरखपुर गए। बाद में बताया कि उसकी मौत हो गई है।

**कैसे हुई घटना,**

कुशीनगर के हाटा नगर के वार्ड नंबर 17 की रहने वाली 25 वर्षीय सुमन को प्रसव पीडा होने के बाद परिवारीजन ने सुमन को नगर के सिंह मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां ऑपरेशन के माध्यम से बच्ची का जन्म हुआ। डिलीवरी के बाद 25 वर्षीय सुमन की मौत हो गई। परिजन ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल पर खूब हंगामा किया था। परिजन का कहना है कि डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया और समय पर सही इलाज नहीं किया, जिसके वजह से सुमन की मौत हो गई। प्रसूता के मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इस हास्पिटल पर मेहरबान है।

**केस संख्या - दो,**

कुशीनगर । जिले के कसया एनएच-28 पर स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल की घोर लापरवाही से मार्ग दुर्घटना में घायल हुए अभय की मृत्यु के बाद भी स्वास्थ्य महकमा कुंभकर्णी निद्रा में है। चर्चा-ए-आम है कि अब तक न तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरएस हास्पिटल को सील किया गया और न ही हास्पिटल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जो स्वास्थ्य विभाग क्रिया-कलाप पर सवाल बना हुआ है। परिजनो के मुताबिक कसया एनएच - 28 पर तमाम डाक्टरों का नाम लिखा आरएस हास्पिटल देखकर परिजन वहा रुक गये और घायलों को लेकर हास्पिटल पहुंचे जहां दो नर्स मौजूद थी। नर्स ने तत्काल डाक्टर को बुलाने की बात कहकर परिजनो से तत्काल घायलो को भर्ती कराने के लिए कहा और फिर अपने स्तर से दोनो नर्स घायलों के इलाज मे जुट गयी। इसके बाद दोनो नर्स रात्रि ढाई बजे से सुबह आठ बजे तक बीच बीच में अस्पताल संचालक से बात कर डाक्टर के आने की दुहाई देकर घायलों को बिना कोई इलाज किये रोके रखा। शनिवार को सुबह आठ बजे हास्पिटल की दोनो नर्स यह कहकर परिजनो से एक लाख रुपये जमा करा लिया कि डाक्टर आ रहे है पैसा जमा करने के बाद डाक्टर इलाज करेगे। परिजनो ने बताया कि डाक्टर का इंतजार करते हुए शनिवार को तकरीबन दिन के नौ बजे 24 वर्षीय अभय की मृत्यु के बाद नर्सो ने हास्पिटल के संचालक से बातकर गोरखपुर ले जाने के लिए रेफर कर दिया। एक लाख रुपये ऐठने के बाद इलाज के अभाव में जब अभय की मौत हो गयी तो आक्रोशित परिजनो हास्पिटल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हास्पिटल पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में गांव से महिलाएं भी इकट्ठा हो गयी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची कसया पुलिस सुबह नौ बजे से परिवारजनों को शांत कराने व शव को कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करती रही लेकिन उसे सफलता दोपरह के दो बजे के बाद मिली। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अपनी लापरवाही से अभय को मौत की नींद सुलाने वाला आरएस हास्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक सील क्यो नही किया ? क्यो अभी तक हास्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही हुआ? यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते वर्ष 2024 में पडरौना नगर के छावनी (कसया-पडरौना मार्ग) स्थित सरस हास्पिटल के चिकित्सक व जीएनएम की लापरवाही और अस्पताल संचालक के मनमानेपन के कारण प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हो गयी थी। परिजनो का आरोप था कि नवजात की मौत के बाद हास्पिटल के जिम्मेदार शिशु को एनआईसीयू में रखकर आधे घंटे तक इलाज करने का नाटक करते रहे और पोल खुलने के भय से हास्पिटल प्रबंधन ने आनन-फानन मृत्यु नवजात को रेफर कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने सीएमओ और पडरौना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। पीडित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम सरस हास्पिटल पहुचकर घटना की सत्यता की जांच की। जांच मे दोषी पाये जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने सरस हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ धारा 105 व 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया था। हालाकि हास्पिटल प्रशासन के ऊची पहुच के कारण किसी की गिरफ्तारी नही हुई थी।

# हर हर महादेव की जयघोष से गूंजयमान हुआ शिवालय

- शिवभक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता





### अद्भुत, अविस्मरणीय और अकाल्पनिक निकली महादेव बरात

कसया कस्बे व बुद्ध स्थली कुशीनगर के शिवमंदिर तथा श्रीनाथ मन्दिर से गाजे-बाजे के साथ शिव बरात निकाली गई। शिव बारात को मनमोहक झांकियों से सजाया गया था। नगर के गणमान्यजनों के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे।बुधवार को कसया नगर का प्रसिद्ध श्रीनाथ मन्दिर व बुद्ध स्थली कुशीनगर शिव मंदिर परिसर से शिव बारात हाथी, घोड़े, बैंड बाजे के साथ निकली। बारात में मनमोहक झांकियां सजाई गई थी। जिसमें शिव, पार्वती, नंदनी आदि की झांकियां थी। बारात नगर के गांधी चौक, गोरखपुर मार्ग, सपहा मार्ग, पडरौना मार्ग, रामकोला मार्ग, देवरिया मार्ग, नेशनल हाइवे चौक होते हुए बारात वापस मन्दिर पहुंची। जहां शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शिव बारात में भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर शिव मंदिरों व देवालयों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी हुई थी। इस अवसर पर भक्तों ने ब्रत रखा और शिव का रुद्राभिषेक कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया।

कुशीनगर । महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालु शिवमंदिरों में कतार बद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुट गए। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पावन पर्व के इस वेला पर महिलाएं जहा दिन भर उपवास रख घर-परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना कीं। वहीं शिवालय परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। जनपद के कुबेरस्थान स्थित द्वितीय काशी के नाम से ख्याति प्राप्त प्राचीन शिव मंदिर में ब्रह्म बेला से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर पीठाधीश्वर व उनके सहयोगी पुजारियों ने रात्रि करीब ढाई बजे से महाशिव आरती एवं पूजन कर मंदिर की कपाट आम लोगों के लिए खोल दिया। मंदिर में पहुंचे लोग हाथों में धतूरा, अक्षत, गुड़, चंदन, मधु, दूध, गंगाजल आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर कालो के काल महाकाल की विधिविधान से पूजन-अर्चन की। इस दौरान मंगल गीत और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठा। मंदिर में श्रद्धालुओं और मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पडरौना नगर के भारतीय शिवाला, भूतनाथ, बुढ़िया माई मंदिर, राजदरबार स्थित राधाबल्भ मंदिर, छावनी के भन्नूनाथ, महादेव मंदिर, रामपुर मटिहनिया, लमुहा समेत शहर के आसपास शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच कर भांग, धतूरा, बेलपत्र, दूध आदि चढ़ाकर विधिविधान से भगवान मृत्युजंय की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।तमकुहीरोड स्थित शिवाघाट के बाबा पंचेश्वरनाथ मंदिर, जवाहरनगर के विश्वकर्मा शिव मंदिर, पकड़ीहार के बाबा विंदेश्वरीनाथ शिव मंदिर, जीनबाबा शिव मंदिर, रामजानकी शिव मंदिर, स्वर्णनगर के ब्रह्मस्थान, कतौरा, बिजली घर, चखनी, सलेमगढ़, अहिरौली मिश्र, दुबौली, दौनाहा, तिवारीपट्टी, मलाहीटोला, राजपुर खाश, व्रह्मपुर, बभनौली, भगवानपुर, अहिरौलीदान, संतपट्टी आदि शिवमंदिरों में शिव भक्तों ने भगवान नीलकंठ की पूजन कर परिवार की सलामती और देश खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। इस तरह खड्डा क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग गई थी। कस्बा के हनुमान मंदिर, चीनी मिल शिव मंदिर, पथलेश्वरनाथ मंदिर, केन यूनियन, काली मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में लोगों ने विधिविधान से पूजा की। कप्तानगंज कस्बा समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। टेकुआटार के अमवा धाम शिवमंदिर में बृहस्पतिवार को भोर से ही लोग जुटने लगे। तमकुहीराज क्षेत्र के गाजीपुर, परसौनी, शिवसरेया, बसंतपुर, दवनहा, पथरवा, सलेमगढ, बहादुरपुर, बभनौली, उजारनाथ समेत रामकोला के धर्म समधा मंदिर परिसर में स्थापित शिवमंदिर में शिव भक्तों ने भस्मधारी को जलाभिषेक किया।

# दुष्कर्म के आरोपी को सेवरही पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। सेवरहीं पुलिस ने दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त सूरज पुत्र लखीचन्द्र उर्फ लक्षन (निवासी सपही बुजुर्ग, थाना तुर्कपट्टी) को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सूरज के खिलाफ थाना सेवरही में मु.अ.सं. 332/2022 के तहत धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र राय, उपनिरीक्षक आकाश सिंह और कांस्टेबल कमलेश यादव शामिल थे।

# सूर्यमन्दिर सहित क्षेत्रीय शिवालयों में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुद्धवार को यहाँ के ऐतिहासिक गुप्तकालीन सूर्यमन्दिर सहित आसपास के गाँवों में स्थित शिवमन्दिरों में सनातनी श्रद्धालु भक्तों ने हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए जलाभिषेक किया।इस पावन पर्व पर सभी देवालयों पर शाम तक श्रद्धालु भक्तों एवं मेलार्थियों की भारी भींड़ लगी रही। मिली जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के मन्दिरों में श्रद्धालुओं के पूजन-अर्चन के लिये क्षेत्र में स्थित सभी मन्दिरों के कपाट प्रातःकाल ही खोल दिये गये थे।भोर में ही आरती के पश्चात ग्रामीणों ने भाँग,धतूर, फूल, अक्षत, गुड़, दूध व बेलपत्र चढ़ाकर शिवलिंग तथा प्रतिमाओं पर जलाभिषेक किया।निर्वाध रूप से पूजन-अर्चन हो इसके लिये मन्दिर के व्यवस्थापकों व प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किये गये थे। इस क्रम में तुर्कपट्टी बाजार के अतिप्राचीन शिवमन्दिर, ग्रामसभा छहूँ, बसडीला पाण्डेय, पोखरभिण्डा, महुअवां कारखाना, देवपोखर, महासोंन, कोरया, मछरियाँ, घोरठ शंकरपुर व खिरियाँ सहित अन्य सभी गाँवों में स्थित देवालयों में श्रद्धालुओं ने शिव का जलाभिषेक किया। इस क्षेत्र से कुबेरनाथधाम स्थित भूगर्भ से निकले शिवलिंग पर जल चढ़ाकर वापस लौटने वाले श्रद्धालु भी सूर्यमन्दिर में जलाभिषेक के बाद ही अपने घरों को गये।ग्रामीणों की उपस्थिति व मेले के चलते सभी मन्दिरों पर दोपहर बाद तक भींड़ बनी रही जहाँ ग्रामीणों ने मिष्ठान्न सहित अन्य वस्तुओं की जमकर ख़रीददारी की।अनेक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मेले में आने वाले लोगों के लिये निःशुल्क प्याऊ व शरबत पिलाने की व्यवस्था की गयी थी।मन्दिरों में शान्तिपूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न हो सके इसके लिए तुर्कपट्टी पुलिस लगातार गश्त करती रही।थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में शान्तिपूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ कहीं कोई अप्रिय वारदात नहीं हुयी।

# कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु, फूल व अबीर से खेली होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के दसवें दिन व कथा प्रवचन के आठवें दिन मंगलवार की सायं अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने विभिन्न संबंधित प्रसंग के साथ झांकी सहित कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि रुक्मिणी कृष्ण से प्यार करती थीं और उन्होंने ही उन्हें अपने अपहरण के लिए कृष्ण को पत्र भेजा था। इसके बाद कृष्ण और रुक्मिणी ने विवाह कर लिया। कथा में विवाह गीत पर श्रद्धालु जमकर झूमे। ब्रज की फूलो की होली में फूल की पंखुड़ियों संग अबीर व गुलाल उड़ाकर श्रद्धालु देर रात तक नृत्य करते रहे। इसके पूर्व अवकाश प्राप्त एएनएम वृंदा तिवारी, अभियंता ज्ञानेश्वर मिश्र, पप्पू सिंह, हरिकेश सिंह, शिक्षक केशव मिश्र, मजदूर नेता अनिल मिश्र, पूर्व जिपंस संजय पासवान, राजा सिंह, प्रदीप सिंह, रौनक सिंह, पवन सिंह, मंटू तिवारी आदि ने व्यास पीठ का पूजन, कथावाचक का माल्यार्पण व रामचरित मानस की आरती उतारी। यज्ञाचार्य पं राकेश मिश्र ने पूजन कराया। पं. दीपक मिश्र ने संचालन किया। आयोजक हरिदास महाराज, अध्यक्ष राजू यादव, सत्यनारायण यादव, डब्लू मिश्र, राजनारायण उर्फ चुन्नू मिश्र, अनूप गोंड, सिकंदर गुप्ता, पंकज कुशवाहा, दिनेश्वर यादव, धनन्जय सिंह सोनू, यादव, डा. विजय श्रीवास्तव, मुकेश यादव, ईश्वर गुप्ता, आनंद यादव, भोलू यादव, रवि वर्मा, पुजारी सुनील मिश्र, धर्मराज, महंथ, पवन यादव आदि मौजूद रहे।

# खेल में हिस्सा लेना खेल में जीत हासिल करने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है: मनीष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के पड़रौना विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा मनिकौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में क्रांति स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट कार्यक्रम के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पड़रौना नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि वर्तमान मोबाइल युग में खेल के मैदान से नाता रखने वाला आज के युवा लम्बा व स्वस्थ जीवन जीने के लिये अभी से तैयार है। बदलते परिवेश में जिस तरह समाज खेल के मैदान से दूर होते जा रहे है। ये घोर चिंताजनक है। प्रतिभाओं से भरी हमारी भारत भूमि में ग्रामीण क्षेत्र के ये बच्चे निश्चित तौर पर आज स्थानीय तो कल को देश के लिए मेडल लाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता में जीत हासिल न कर पाने वालों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हिस्सा लेना खेल में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस दौरान उनके साथ कार्यक्रम के आयोजक संजय यादव ग्राम प्रधान, नंदलाल साहनी, नरेंद्र सिंह, सौखलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रमोद चौधरी, बुद्धि लाल यादव, रिक्की चौधरी, मार्कण्डेय सिंह, रामाशीष चौहान, कुबेर सिंह, लक्ष्मण प्रजापति सहित भाजपा विशुनपुरा मंडल पदाधिकारी राधेश्याम गुप्ता, हरिओम चौरसिया, ब्रजेश शर्मा, शिव कुमार गोस्वामी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र मद्धेशिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में आज सिवान व मैरवा के बीच खेला गया। मैरवा ने दो एक से सिवान से फाइनल मैच को जीत लिया। साथ ही उपविजेता व विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# हर हर महादेव की जयघोष से गूंजयमान हुआ कसया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्ममुहुर्त से ही श्रद्धालु शिवमंदिरों में कतार बद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुट गए।भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कसया नगर सहित विभिन्न जगहों पर अद्भूत, अविस्मरणीय महादेव बारात निकली। कसया कस्बे व बुद्धस्थली कुशीनगर के शिवमंदिर व श्रीनाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। इस दौरान कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक सम्मिलित हुए। इस दौरान विधायक पी.एन पाठक नगर के गणमान्यजनों के साथ श्रद्धालुओ के साथ हर हर महादेव के जयकारे लगाए साथ ही विधायक पी.एन पाठक नैकाछपरा, भैसा डाबर में रुद्र महायज्ञ व कथा कार्यक्रम एवं नरसर शिव मंदिर शिवालय भी पहुंचे जहां उन्होंने पूजन अर्चना किया। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि भगवान शिव जी की भक्ति से कल्याण होता है। भगवान शिव सभी का कल्याण करते है। शिव बारात को मनमोहक झांकियों से सजाया गया था। बुधवार को कसया नगर का प्रसिद्ध श्रीनाथ मन्दिर व बुद्ध स्थली कुशीनगर शिव मंदिर परिसर से शिव बारात हाथी, घोड़े, बैंड बाजे के साथ निकली। बारात में मनमोहक झांकियां सजाई गई थी। जिसमें शिव, पार्वती, नंदनी आदि की झांकियां थी। बारात नगर के गांधी चौक, गोरखपुर मार्ग, सपहा मार्ग, पडरौना मार्ग, रामकोला मार्ग, देवरिया मार्ग, नेशनल हाइवे चौक होते हुए बारात वापस मन्दिर पहुंची। जहां शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शिव बारात में भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर शिव मंदिरों व देवालयों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी हुई थी। इस अवसर पर भक्तों ने व्रत रखा और शिव का रुद्राभिषेक कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, सतीश मणि त्रिपाठी,रुद्र प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, राजेश राव,सभासद राजेश मद्धेशिया, सूर्यनाथ यादव, राज पाठक, अमित मालवीय, बिरेंद्र त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, सचिन पाठक, फूलबदन, शैलेश मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बम बम भोले के गूंजे जयकारे, महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले भर के शि व मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है,जहां श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन करने और उनकी पूजा अर्चना कर ने के लिए जुट रहे हैं।भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं,पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया है,ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**पृथ्वी नाथ मंदिर में दिखा आस्था का अदभुत,**

पृथ्वी नाथ मंदिर में नजारा श्रद्धालुओं की भीड़ में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की दिखी,महिलाओं ने बारी-बारी से गर्भगृह में प्रवेश कर महादेव का



जलार्पण किया. साथ ही फूल, बेलपत्र,भांग,दूध और दही अर्पित कर भो लेनाथ की पूजा-विधि विधान से की हैं वहीं मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के जवान तैनात थे, ताकि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण और पूजा करने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### शिवालयों में भी लगा रहा भक्तों की भीड़

शिवरात्रि को लेकर गोण्डा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र वजीर गंज में स्थित बालेश्वर मंदिर,काजीदेवर में स्थित शि व मंदिर, गोण्डा शहर में दुखरनाथ मंदिर,मछली बजार मन कापुर करोहामान के शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ न जर आई शिवरात्रि को लेकर मंदिरों में खास सजावट की गई थी मंदिरों को तरह-तरह के फूलों और रंग-बिरंगी लाइ टों से सजाया गया था। शाम में कई शिव मंदिरों से निकले गी महादेव की बारात वहीं शाम के समय कई शिवालयों से शिवजी की बारात निकलेगी.जिसमें भारी संख्या में शहर वासी शामिल होंगे.इस दौरान बाबा की बारात में खूबसूरत झांकी,भूत-प्रेत, बंदर और औघड़ आदि नजर आएंगे, शिव बारात की झांकी खास होती है.इस कारण लोगों को शिव बरात का इंतजार होता है।

# एसएसबी 59वी वाहिनी परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी ने श्रद्धा और भक्ति के साथ महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर बल के अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों ने मिलकर भगवान शिव की आराधना की और रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें एसएसबी के अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारों ने भाग लिया। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था और पूरे परिसर में ''हर-हर महादेव'' के जयघोष गूंज रहे थे। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बल के जवानों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर



कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि और संयम का पर्व है, जो हमें सच्चाई और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी जवानों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने और समाज की सेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। इस आयोजन ने बल के जवानों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और उन्हें नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शहर क्षेत्र में निकाली गयी शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व निकाली गयी शोभा या त्रा का निरीक्षण कर ड्यूटी पर लगे अधिकारी कर्मचारी गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक के द्वारा शोभायात्रा के आयोजको संचालकों प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों, श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की गयी साथ ही अवगत कराया गया कि शोभायात्रा के दृष्टि गत गोण्डा पुलिस द्वारा आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किए गए है। शोभायात्रा में पर्याप्त संख्या में पुरूष महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है।संवेदनशील स्थलों के शोभायात्रा के मार्गो पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी लगाया गया है।शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित वीडियोंग्राफी करायी जा रही है। महत्वपूर्ण संवेदन शील स्थलों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी करवायी जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रो के अधिकारियों,



कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फ़ेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# अवैध रिफिलिंग के अभियान के नाम सिर्फ विभाग कर रहा खेल,शहर से कस्बों तक फैला रीफिछलग का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के तमाम लोग अनजाने खतरे के मुहाने पर हैं।उनके आसपास चंद रुपयों की लालच में ऐसा कारोबार चलाया जा रहा है,जिससे किसी भी वक्त मौत तांडव मचा सकती है।जी हां,हम बात कर रहे हैं गैस के काला बाजारि यों की।जो शहर से लेकर गांव देहात तक रीफिछलग का कारोबार फैलाए हुए हैं।रिफिछलग कारोबारियों का अपना नेटवर्क है,जिसके माध्यम से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ उसे अधिक दाम पर बेचते है।इस पर लगा म लगाने के लिए बने नियम कानून के अनुपालन की बात करें तो संबंधित जिम्मेदारों को शायद की कभी फुर्सत मि लती हो कि वह छापेमारी अथवा जांच अभियान चलाकर इस पर अंकुश लगाने की पहल करें।और जब इसी का डर नही रहेगा तो निश्चित तौर पर व्यापार को फलने फूलने से कोई रोक नही सकता है।कारोबार पर लगान तथा खुद के साथ औरों की छजदगी जोखिम में डालने पर



आखिर कब कार्रवाई होगी यह बड़ा सवाल है।वही ज़ब 13 जनवरी को हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स ने इस खबर को प्रमुखता से प्रका शित किया था जिस खबर को जिलापूर्ति अधिकारी ने सं ज्ञान में लिया और एक पत्र जारी किया जिसमे सभी पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया था कि परिक्षेत्रान्तर्गत बाजा रों,कस्बों में क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए अवैध रूप से अधो मानक छोटे गैस सिलेण्डरों की बिक्री,उपयोग किये जाने वाले व्यायसायिक प्रतिष्ठानों,व्यक्तियों की जांच करना सुनि श्चित करें।यदि जॉच में किसी व्यक्ति अथवा व्यायसायिक प्रतिष्ठान,होटल,ढाबा आदि के द्वारा अवैध रूप से छोटे गै स सिलण्डर का उपयोग किये जाने तथा उसकी रिफलिंग किये जाने पर सम्बन्धित की गहनता पूर्वक जॉच कर प्रभा वी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें, ताकि जिलाधिकारी वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके।प्रकरण अति गम्भी र है इसमें कोई शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। लेकिन अभी तक इस कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### जिले में इन जगहों पर चल रहा खेल

शहर के मालवीय नगर,गोण्डा-बहराइच रोड,रानीबजार, खोराहसा, जमुनिया बाग, झिलाही ,मोतीगंज, बग्गी रोड, बाबागंज, धानेपुर, खरगूपुर, परसपुर, क़रनैलगंज,तरबगंज, मनकापुर क्षेत्र के छपिया आदि बाजारों में घरेलू गैस के अबैध रिफिछलग का कारोबार चल रहा है।

### अबैध घरेलू गैस रिफिलिंग की ऐसे होती है पहचान

अवैध गैस रीफीछलग होने वाले स्थानों पर कोई बैनर या पोस्टर नहीं मिलेगा,ऐसे स्थानों पर बजारो में बने खाली छोटे आकार का सिलेंडर बिजली के पाले अथवा किसी स्टैंड पर टांग दिया जाता है।ग्रामीण क्षेत्रों में तो नाम से दु कान अथवा व्यक्ति की चर्चा में रहती है।गैस एजेंसियों से इनका गठजोड़ इतना मजबूत होता है,कि जब भी वाहन से लादकर सिलेंडर आता है तो दस से लेकर बीस सिलेंडर तक कालाबाजारियों के हवाले कर दिया जाता है।

### अवैध गैस रीफिछलग में छह सौ तक मुनाफा

शहर या ग्रामीण प्रति सिलेंडर बिक्री पर तीन से पांच सौ रूपए तक अधिक दाम लेकर बेचा जाता है।मान लीजिए की एक घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नव सौ रूपए है, रिफिछलग करने वाला उसे एक हजार रूपए में बेचता है।उसके बाद दुकानदार प्रति किलों के हिसाब अपना मुना फा जोड़कर बेचता है।

### अवैध गैस कारोबार के खिलाफ यह है सजा का प्राविधान

रसोई गैस सिलेंडर का अवैध रूप से प्रयोग व एक सिलें डर से दूसरे सिलेंडर अथवा वाहन में रिफिछलग करना गैर कानूनी है।गैस रिफिछलग प्रकरण में सजा और जुर्माना दो नों का प्रावधान है।ऐसा करते पाए जाने पर आवश्यक व स्तु अधिनियम के तहत सात वर्ष तक की सजा के साथ आर्थिक दंड का भी प्राविधान है।छापेमारी के दौरान रिफि लग में प्रयोग आने वाले उपकरणों को जब्त करने का नि यम है।

### उपभोक्ताओं की भी सुनिए

किराना व्यवसाई विकास कहते हैं कि आम उपभोक्ताओं को एजेंसी से गैस मिलने में तमाम दिक्कत आती है, लेकि न रिफिछलग वालों के पास हमेशा सिलेंडर पहुंच जाता है। छात्र अमित कहते हैं कि गैस रिफिछलग करने वाले भले ही कुछ रुपयों की लालच में ऐसा करते हैं मगर वह खुद अपनी जान जोखिम में डाल ही रहे हैं,दूसरों के लिए भी खतरे का सबब बनते हैं मोतीगंज निवासी अमित,अमन अंकित का कहना है कि रिफिछलग वाले सिर्फ पेट्रोमैक्स में ही नहीं बल्कि कार आदि में भी धड़ल्ले से गैस भरते हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 90 कन्याओं का विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा व शिवपुर तथा नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत मिहीपुरवा की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 83 व अल्पसंख्यक समुदाय की 07 सहित कुल 90 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवरलाल गोंड द्वारा संयुक्त रूप से शंकर भगवान के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। जबकि बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत




किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जनकल्याण हेतु विशेष कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसी योजना संचालित करने के लिए में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को बधाई देती हूॅ। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व के अवसर पर अत्यन्त शुभ मुहुर्त में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मैं अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूॅ। श्रीमती सोनकर ने प्रथम वेदी पर बैठ कर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न करने के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान करते हुए, समस्त जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व सांसद बहराइच श्री गोंड ने कहा कि रानी सशक्तिकरण के लिए देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा उनके नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश संरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठी योजना है ।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलों को निर्देश दिया कि आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि नियमित रूप से अमीनवार वसूली की समीक्षा करें। विशेषकर विभिन्न विभागों से प्राप्त हुई आर.सी. का मिलान कर वसूली की जाय। तहसीलों को निर्देश दिया गया कि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा खनन में संलिप्त वाहनों को सीज़ किया जाय तथा समय से रायल्टी जमा करायी जाय।राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों



पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाय। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा से सम्बन्धित आवेदन-पत्रों को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाये। पात्र हिताधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के हाथों डेमो चेक का वितरण कराया जाय। बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2025 के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 24.99 लाख के सापेक्ष 5.78 लाख रू. की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 23.13 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 2183.90 लाख के सापेक्ष 1168.20 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 53.49 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1950.00 लाख के सापेक्ष 1546.34 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.30 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4453.00 लाख के सापेक्ष 3550.77 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.74 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 358.49 लाख के सापेक्ष 317.87 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 88.67 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 3500.09 लाख के सापेक्ष 3615.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.29 प्रतिशत है। इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 707.97 लाख के सापेक्ष 592.53 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 83.69 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 190.00 लाख के सापेक्ष 76.18 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 40.09 प्रति., अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 176.00 लाख के सापेक्ष 331.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 188.69 प्रति., मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 203.11 लाख के सापेक्ष 211.17 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.97 प्रति., स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 59.98 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 107.86 प्रति., बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.81 लाख के सापेक्ष 6.46 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 82.71 प्रति., श्रम प्रवर्तन में लक्ष्य रू. 1.44 लाख के सापेक्ष 3.04 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 211.11 प्रति. तथा सिंचाई विभाग अन्तर्गत लक्ष्य रू. 383.67 लाख के सापेक्ष 3.03 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 0.79 प्रति. है। इस प्रकार कुल मासिक लक्ष्य रू. 14195.99 लाख के सापेक्ष 11488.29 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 80.93 प्रतिशत है।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी



**पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के साथ पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से मंगलवार को देर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 229 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 5181.22 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2783.74 करोड़ लागत के 166 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है जो ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड का लगभग 111 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि ग्राउण्ड बेक्रिंग सेरेमनी हेतु अब तक 118 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया



कि 01 अप्रैल से 25 फरवरी 2025 तक 3309 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2993 आवेदन स्वीकृत, 206 आवेदन पत्र निरस्त एवं 61 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ श्री चन्द्र समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये। उद्योग बन्धु अन्तर्गत ग्राइंडेड राइस व पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफ.आर. फोर्टिफाइड राइस कर्नेल का निर्माण करने वाली नवीन इकाई मेसर्स श्याम जे.पी. शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को पूंजीगत अनुदान दिलाये जाने के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। माह मार्च 2025 तक प्रकरण निस्तारित होने की सम्भावना है। इसी प्रकार बीपीसीएल द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन हेतु पाईपलाइन बिछाये जाने से सम्बन्धित प्रकरण में नगर निकाय को निर्देश दिया गया कि संस्था द्वारा आवश्यक प्रपत्र एवं वार्डवार ड्राइंग उपलब्ध कराने पर समय अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं पर चर्चा के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय कर लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण यथाशीघ्र सुनिश्चित कराया जाय ताकि आकांक्षी जनपद के युवकों को रोज़गार से जुड़ने का अवसर मिल सके। सीडीओ ने बैठक में मौजूद उद्यमियों एवं व्यापारियों से अपेक्षा की गई कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक से युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रेरित कर अधिकाधिक आवेदन कराएं। इस सम्बन्ध में बैंकों को निर्देशित किया गया कि योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों को समय से निस्तारित किया जाय। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय, एसडीएम सदर, जिला उद्यान अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषण अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, विजय केडिया सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद ।

### मंडुवाडीह में गार्ड ने पत्नी को मारी गोली, मौत

वाराणसी। थानाक्षेत्र में बुधवार शाम एक सिक्योरिटी गार्ड ने अपनी पत्नी की दोनाली बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद गार्ड मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस और अफसर भी मौके पर पहुंच गए। वारदात के पीछे घरेलू विवाद की बात सामने आई है। मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी चंद्रमोहन सिंह पेशे से सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। वह अपने परिवार के साथ चांदपुर बजरंग नगर में किराये के मकान में रहता है। आज किसी बात पर नाराज होकर चंद्रमोहन ने अपनी पत्नी संगीता सिंह (45) को दोनाली बंदूक से गोली मार दी। गोली की आवाज और संगीता की चीख पुकार सुन आसपास के लोग जुटे तो चंद्रमोहन मौके से भाग निकला।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, MANISHA SINGH S/O ASHOK KUMAR SINGH, निवासी मालवीय नगर, जिला गोंडा, ने अपना नाम बदल लिया है और अब से MANISH SINGH के नाम से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी प्रावधानों का पालन किया है।

प्रार्थी-मनीष सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी- मालवीय नगर गोंडा।

# महाशिवरात्रि पर भक्तों ने प्राचीनतम मंदिरों में किया जलाभिषेक

## हर हर महादेव और नमः शिवाय के जयकारों से गूंजा इलाका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्थापित शिव मंदिरों में सुबह से ही बम बम भोले हर हर महादेव एवं ऊँ नमः शिवाय के गगन भेदी नारों जयकारों से इलाका गुंजायमान रहा। बुधवार को सुबह से ही भक्तगणों ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया और जगह जगह पर प्रसाद वितरित भी किया गया।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक एवं फूल बेलपत्र आदि चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि का पर्व मनाने के पीछे अलग अलग कथाएं प्रचलित है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक सुबह शाम दोपहर ही नही बल्कि चारो पहर में किया जाता है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिये भक्तगण भांग,बेर,बर्रै का फूल फल,जौ की बाली, गन्ने का रस एवं टुकड़े इत्यादि उनकी शिवलिंग पर अर्पित करते



हैं।महाशिवरात्रि के दिन इन वस्तुओं का एक विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का ऊँ नमः शिवाय अखण्ड पाठ विशेष महत्त्व रखता है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीढ़ी स्थित तपेश्वर धाम,रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर धाम मंदिर,राजा फतेहपुर के सिद्धेश्वर धाम व घूरेश्वर मंदिर,सेमरौता के बाबा उजियार नाथ मंदिर और ओम नाथ मंदिर, इन्हौना के रत्नेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही राम जानकी मंदिर जमुरवां और अवलेश्वर मंदिर अहुरी में सुबह से ही भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही और भारी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया।भक्तगणों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये मंदिरों में चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।तिलोई के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह,थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह व शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती : डॉ.आरके मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। शियाने हैदर-ए-कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन की तरफ से 26 फरवरी को माह- ए-रमज़ान को देखते हुवे किया रक्तदान, शियान-ए-हैदर-ए-कर्रार वेलफ़ेयर एसोशिएशन की तरफ से रकतदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के युवाओ ने रक्तदान किया, रक्तादान करने वालों में अली रज़ा. एडवोकेट हाई कोर्ट ताहिर अब्बास. अली नवाज़. जैनुल आबदीन. नज़र अब्बास. मौलना फ़क़्री हैदर. फरमान हैदर. अली अब्बास. इस मौके पर शियाने हैदर ए कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन डाक्टर मोहतशम रज़ा.फ़ज़ल रिज़वी मो. मेहंदी सफदर अब्बास. अकबर रज़ा. इमरान. नायब हैदर. ज़फर हसनैन. दिलशाद हुसैन हैदर नक़्क़ी संस्था के तमाम नौजवान मौजूद रहे। संस्था द्वारा समाज के जरूरतमंदो के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए जनपद के गणमान्य लोगों ने प्रशंसा करते हुए कहाकि शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोशिएशन पिछले लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में,आर्थिक रूप से



कमजोरों के उत्थान के क्षेत्र में बहुत काम किया है, और लगातार अपनी संस्था द्वारा समाज के हितार्थ किये जाने वाले कार्यों की गति बढ़ाई जा रही है जो सराहना योग्य है। वही प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.आरके मिश्रा ने संस्था के जिम्मेदारो का उत्साह बढ़ाते हुए कहाकि आपसभी का काम बेहद प्रशंसनीय है,वही डॉ.मिश्र ने रक्तदानियों का हौसला बढाते हुए कहाकि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नही होती,हर स्वस्थ्य ब्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।

# बिजली चोरी का भंडाफोड़, संलिप्त दो कर्मचारी निलंबित

## 'मीटर रीडर बर्खास्त, एसडीओ और जेई की भूमिका की जांच शुरू'


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। विद्युत कर्मियों और उपभोक्ताओं के एक बड़े गठजोड़ का खुलासा हुआ है। प्रकरण में विद्युत कर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर दो को निलंबित करने के साथ ही मीटर रीडर को बर्खास्त कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता ने एसडीओ और जेई की भूमिका की भी जांच के निर्देश दिए हैं। विद्युत कर्मी राजस्व को लंबे समय से चूना लगा रहे हैं।उपभोक्ताओं से मिलीभगत के चलते विभाग को हानि पहुंचाते हुए अपनी जेब गर्म करते चले आ रहे हैं। विद्युत परीक्षण खंड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार की एक कार्रवाई में मामले का भंडाफोड़ हुआ तो कई चौंकाने वाले तथ्य प्रकाश में आए। शहर के खैराबाद मोहल्ले की उपभोक्ता श्रीमती रईसा बानो जिनका कनेक्शन नंबर 21761933है। इनके मीटर में 14784 यूनिट रीडिंग बैलेंस थी। मीटर रीडर अनूप यादव ने इनका मीटर आईडीएफ कर दिया। दूसरा मामला भी इसी क्षेत्र का है। जहां के उपभोक्ता मोहम्मद शाहिद का कनेक्शन नंबर 1486602476 है। इनका मीटर बीते 14 नवंबर को टीजीटू ने आईडीएफ किया और आनन- फानन में यह मीटर 18 नवंबर को बदल उठा। जबकि मीटर में 7000 रीडिंग बैलेंस थी। टीजीटू ने रीडिंग पोस्ट नहीं कराई। इसके बावजूद अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जिससे उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद जांचोपरांत विद्युत वितरण खंड के टीजीटू संतोष और परीक्षण खंड के जीएमटी राजन श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। टीडीएस बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर अनूप यादव की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि जिले में बिलिंग का कार्य देख रही टीडीएस बिलिंग एजेंसी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। इस पूरे प्रकरण का खुलासा परीक्षण खंड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार की पहल पर हुआ है। अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि विद्युत वितरण खंड (प्रथम) के अधिशासी अभियंता से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद जेई और एसडीओ की भूमिका तय होगी।

# आपसी समन्वय से 75 साल से वंचित रास्ते को मुख्य मार्ग से जोड़ा गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर/करौंदीकला। बांगर खुर्द व भटौता तुलसी पट्टी के मध्य चौड़ा रास्ता बनाकर लगभग पचहत्तर साल से रास्ते से वंचित ठकुरइया और हरिजन बस्ती को मुख्य मार्ग से जोड़ा गया। बताते चले कि ग्राम सभा भटौता तुलसी पट्टी की दो बस्ती ठकुरइया और हरिजन बस्ती के रास्ते को दबंगों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है। जो अभी तक खाली नहीं कराया जा सका है। लगभग पचहत्तर वर्ष से ग्राम सभा भटौता तुलसी पट्टी के दोनों पुरवे ठकुरइया, डड़वा हरिजन बस्ती और बांगर खुर्द के लगभग 1000 की आबादी रास्ते से वंचित थी। ग्राम सभा बांगर खुर्द व भटौता तुलसी पट्टी की प्रधान और राजेश विश्वकर्मा और इंजी भानु प्रताप सिंह की पहल पर दोनों गांव के संभ्रांत लोगों की एक समन्वय समिति बना कर जमीन धारकों से रास्ता निर्माण के लिखित समझौते के बाद लेखपाल फुलगेन यादव की मौजूदगी में रास्ते निर्माण कराया गया है। जिसको



बनवाने में इंजी भानुप्रताप सिंह अपने पास से लगभग दो लाख रुपया व्यक्तिगत रूप से खर्च किए। दूसरी तरफ बांगरखुर्द के निवासियों द्वारा रास्ते के लिए अपने स्वयं की जमीन देते हुए देख बांगर खुर्द के प्रधान प्रतिनिधि राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि इस मार्ग पर सोलिंग का कार्य मेरे द्वारा कराया जाएगा जिस पर दोनों गांवों की समन्वय समिति और भटौता तुलसी पट्टी के निर्माण समिति के अध्यक्ष इंजी भानु प्रताप सिंह पक्की सड़क से बार्डर से लेकर विजय चौबे, ठकुरैया, डड़वा बस्ती बार्डर तक सोलिंग कार्य नाम का प्रस्ताव पास कर सर्वसम्मति से राजेश विश्वकर्मा को दिया। समझौते के समय सत्यनारायण चौबे, झिनकू चौबे, विजय चौबे, रमा शंकर चौबे, रमेश शर्मा राम उजागिर पूर्व प्रधान बांगर, पंचम, राकेश मिश्रा पूर्व प्रधान बांगर खुर्द, रविन्द्र उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान, संतलाल पूर्व प्रधान, लालमणि पूर्व बीसीसी, बबलू सिंह, रघुनाथ सिंह, चंदन सिंह, सरदार सिंह, लोली सिंह, माता सिंह, शिव शंकर, नन्हेलाल, राधेकृष्ण, सिकंदर, बशिष्ठ, राहुल, लालजी, रमेश यादव, ननकऊ यादव, महेंद्र उपाध्याय, राम अचल पाल, राहुल पाल, धर्मराज विजय, सिंह, भूपेन्द्र यादव, सतेंद्र मिश्र, महेंद्र हरिजन, सहेंद्र हरिजन, राजन, नेवासा, रघुबर, लल्लू, डल्लू, विवेक, लखन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, हरिशंकर तिवारी, दीनानाथ तिवारी, शिव शंकर, हनुमान, देवनाथ, विजय प्रताप आदि उपस्थित रहे।

**क्या कहते हैं ग्रामीण......**

हमारी बस्ती के लोग रास्ते की उम्मीद छोड़ चुके थे लेकिन इंजी भानु प्रताप और राजेश विश्वकर्मा के सहयोग से जो रास्ता बना वह असंभव था। भानु प्रताप के अथक प्रयास से हम लोगों को पीढ़ियों से बंद रास्ता खुल तो नहीं पाया एक दूसरा रास्ता मिल गया। इस रास्ते के लिए अपनी सारी व्यक्तिगत जमीन बांगर खुर्द के लोगों ने दिया है। हम सभी उनके इस त्याग के लिए धन्यवाद देते हैं।

# आज आयेगी राज्य महिला आयोग की सदस्य गांधी सभागार में करेंगी जनसुनवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। सदस्या उत्तर प्रदेश महिला आयोग सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने आज 11:00 बजे गांधी सभागार में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की महिला जनसुनवाई की जायेगी। दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 10:15 बजे आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण अपराहन 3:00 बजे ग्राम पंचायत बरहा विकासखण्ड ललौरीखेड़ा में नारी चौपाल का आयोजन, एवं 4:00 बजे जिला कारागार का निरीक्षण किया जायेगा। दिनांक 28.02.2025 को प्रातः 10 बजे कन्या जन्मोत्सव एवं जिला अस्पताल का निरीक्षण, प्रातः 10:30 बजे सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण एवं 11 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बालिकाओं व महिलाओं से अपील की है। की वह उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को सदस्या महिला आयोग के समक्ष रख सकती है।

## लाखों बकाया पर कोर्ट के निर्देश पर बड़ी कार्य वाही

सुल्तानपुर। बैंक से लिए गए लोन न चुकाने पर जिला न्यायालय के निर्देश पर पंहुची टीम ने शहर कोतवाली के दरियापुर मे एक मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा करवाया । लगभग 30 वर्ष पहले लिए गये ऋण के समय पर भुगतान न होने के चलते लाखों रुपये का बकाया होने के बाद बैंक से चले मुकदमे मे जिला न्यायालय के फैसले के बाद यह नोटिस जारी हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के दरियापुर निवासी स्व काली प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने मकान 574 पर लगभग तीस वर्ष पूर्व बैंक से कुछ ऋण की गारन्टी ली थी ।

# मथुरा के किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने मथुरा के किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के संबोधित तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन में कहा गया है।कि शासन की मंशा के विपरीत एसडीएम महावन आए दिन किसानों से अभद्रता करते हैं। और लोक सेवक आचरण नियमावली का खुला उल्लंघन करते हैं।एसडीएम महावन आदेश कुमार का ट्रांसफर कर मथुरा के किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई है।ऐसा प्रतीत होता है। कि एसडीएम किसान विरोधी है।बेमौसम बरसात से प्रभावित तमाम किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। उनको लेखपाल



से पुनः सर्वे करा कर मुआवजा दिलाया जाए खतौनी और आधार कार्ड में नाम में छोटे-छोटे अंतर होने से किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री करने में परेशानी हो रही है। किसान तहसील के चक्कर लगातार काट रहे हैं।किसानों की शिकायत हैं कि दाखिल खारिज,खसरा मूल,निवास, जाति ,कुरा बंटवारा आदि कार्यों के लिए उत्पीड़न हो रहा है।उस पर रोक लगाई जाए। सहित दर्जनों समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो,दलजीत सिंह, संजय सरकार,भारत मंडल, जगदीश सिंह, जसविंदर सिंह, अमरीक सिंह, दलजीत सिंह, अमल हलदार, संजीत राय,बलराम सिंह कहलो,श्यामल हलदर, गुरजीत सिंह, तलविंदर सिंह, बलदेव सिंह, दीपक कुमार सहित दर्जनों किसान और यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा से अभद्रता करने वाला युवक गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार पुलिस ने परीक्षा देकर वापस आ रही एक स्कूली छात्रा के साथ अभद्रता और मोबाइल तोड़ने वाले युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका कस्बा शुकुल बाजार स्थित एक नामचीन इण्टर कालेज से परीक्षा देकर वापस अपने घर लौट रही थी तभी रास्ते में एक शोहदों ने स्कूली छात्रा के साथ अभद्रता की थी और जब उसने विरोध जताया तो शोहदे ने छात्रा का मोबाइल फोन तोड़ डाला था। मनचलों और शोहदों की करतूतों से तंग आकर स्कूली छात्रा ने आपबीती से परिजनों को अवगत कराया तो परिजन आक्रोशित हो गये और पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसकी तलाश में जुट गई थी। उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी मय हमराह द्वारा आरोपी युवक स्वामीनाथ यादव पुत्र सीताराम निवासी पूरे पितई मजरे पाली थाना बाजार शुकुल जनपद अमेठी उम्र तेइस वर्ष को उरेरमऊ के पहले बारातघर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस सम्बंध में थाना बाजार शुकुल के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## एडीएम और एएसपी ने मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाशिवरात्रि पर्व के पर अपर जिलाधिकारी अमेठी व अपर पुलिस अधीक्षक ने द्वारा दुर्गन भवानी मंदिर गौरीगंज व तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया। महाशिवरात्रि पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार ने थाना क्षेत्र गौरीगंज में प्राचीनतम दुर्गन भवानी मन्दिर व थाना क्षेत्र फुरसतगंज स्थित प्राचीनतम तपेश्वरनाथ धाम मंदिर पीढ़ी का निरीक्षण किया तथा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये बैरिकेटिंग कर समुचित पुलिस प्रबंध के माध्यम से व सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की निगरानी करने, वर्दी तथा सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात कर व भ्रमणशील रहते हुए संदिग्धों एवं शरारती तत्वों पर नजर रखने एवं मंदिर जाने वांले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के संबंध में संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया तथा मेला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों से वार्तालाप किया।

## मो. जफर खां ने 26 वर्षों बाद बसपा से दिया इस्तीफा, भारी मन से किया ऐलान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रभारी मों0 जफर खान ने आज पार्टी से इस्तीफा देने का औपचारिक ऐलान कर दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि 1999 से शुरू हुआ उनका बसपा का सफर 26 साल बाद आज समाप्त हो रहा है। मो. जफर खान ने अपने राजनीतिक जीवन में बसपा के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह बसपा लोकसभा प्रभारी, जिला पंचायत सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष (जयसिंहपुर), जिला उपाध्यक्ष, मंडल कोऑर्डिनेटर (फैजाबाद–देवीपाटन), जिला प्रभारी व्यापार मंडल जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने बसपा संगठन को मजबूती देने के लिए विशेष रूप से मुस्लिम समाज के साथ–साथ अन्य वर्गों को भी पार्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस्तीफ़े की घोषणा करते हुए कहा ल्मैं बहुत ही भारी मन से बहुजन समाज पार्टी को अलविदा कह रहा हूँ। पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी, उसे पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास किया। मैं बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी, अपने गृह जनपद सुलतानपुर के साथियों और पूरे संगठन से क्षमा चाहता हूँ, अगर कभी जाने–अनजाने में किसी का दिल दुखाया हो तो माफ करें। मो.जफर खान के इस फैसले से सुलतानपुर समेत पूरे मंडल में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर भी अटकलें तेज हो गई हैं।

# योजनाओ को समयबद्ध व लक्ष्य के अनुरूप करें पूर्ण : डीएम

## निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापरक ढ़ंग से करें पूर्ण : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण,सिंचाई, विद्युत देय,पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, छात्रवृत्ति, पेयजल, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एम्बुलेंस, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन, आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन, लघु सिंचाई, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अमृत योजना आदि की विभागवार समीक्षा करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिये।बैठक में छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान माह जनवरी में बी रैंक प्राप्त किया गया, डीएम ने अल्पसंख्यक विभाग व पिछडा वर्ग कल्याण विभाग के नोडल को रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में जल निगम की समीक्षा के दौरान बी रैंक प्राप्त होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निपुण परीक्षा में बी रैंक प्राप्त होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये।लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान 65 मार्गों के सापेक्ष 58 मार्गों का कार्य पूर्ण करा लिया गया अवशेष 07 सड़कों को कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1323 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग को रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान प्रगति कम पाए जाने रैंक में सुधार लाने निर्देश दिये। पीएम पोषण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान प्रगति कम पाए जाने पर प्रगति बढाने के निर्देश दिये जिससे की रैंक में सुधार हो सके। सेतुओं के निर्माण की समीक्षा के दौरान 12 सेतुओं में 06 सेतु का कार्य पूर्ण किया जा चुका है अवशेष 06 सेतुओं के कार्यों को माह मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने 50.00 लाख से अधिक लागत की भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने ने डेग वेयरहाउस, नगर पंचायत पकडिया नौगवा कल्याण मण्डप,राजकीय आईटीआई पीलीभीत, गोमती उदगम स्थल, ललित हरि पी0जी0 एवं 50 बेडेड छात्रावास निर्माण, राजकीय हाईस्कूल मुरैना पूरनपुर पेयजल शौचालय एवं मल्टीपरपज हॉल निर्माण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्रावास के निर्माण कार्य, गर्वमेंट इण्टर कालेज पीलीभीत, वृहद गौ-संरक्षण केन्द्र मूसेपुर के निर्माण कार्यों समीक्षा की गई। राजकीय इण्टर कालेज पौटा कलां में स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा, शौचालय ब्लाक, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष भौतिक व सत्यापन लैब एवं मल्टीपरपज हॉल निर्माण कराने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनको हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान उन्होंने समस्त निर्माणाधीन संस्थाओं को कडे निर्देश देते हुये कहा कि सभी मजदूरों को पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाये और साथ ही साथ प्रत्येक श्रमिकों को योजना का लाभ अवश्य प्रदान किया जाये।बैठक की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।आयोजित बैठक में उन्होंने समस्त निर्माणाधीन संस्थाओं को कडे निर्देश देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री ने कडे निर्देश दिये हैं कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी, उपायुक्त उद्योग अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे है।

## कला की कसक

कला के संरक्षण के लिये नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियानवित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश-दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए। यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यदि यह तर्क स्वीकार भी कर लिया जाता है तो भविष्य में इस दलील के आधार पर इसके अन्य हिस्सों के अस्तित्व पर संकट मंडरा सकता है। निस्संदेह, किसी संरचना या सांस्कृतिक प्रतीक के महत्व को उसके ढांचे के रूप में नहीं बल्कि उसके साथ लोगों के सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में देखा जाना चाहिए। वास्तव में इस दीवार को तोड़ने के लिये दी जा रही दलीलों की तार्किकता कई स्तरों पर त्रुटिपूर्ण ही है। सबसे पहले, उच्च न्यायालय परिसर के आसपास यातायात की जो भीड़ उत्पन्न होती है, वह खराब प्रबंधन की देन है। इसमें रॉक गार्डन की संरचना की उपस्थिति की कोई भूमिका नहीं है। सही मायनों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन और शटल सेवाओं जैसे टिकाऊ विकल्पों की अनदेखी की गई है। इसके साथ उच्च न्यायालय द्वारा केस सूचियों के व्यवस्थित पुनर्गठन से भी यातायात संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए अदालत परिसर में दैनिक उपस्थिति को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दीवार को दूसरी जगह बनवाने और फिर पेड़ लगाने का वायदा पारिस्थितिकीय तंत्र के अपरिवर्तनीय नुकसान की भरपाई नहीं करता है। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध पेड़ों की विरासत पहले ही अपनी आभा खोती जा रही है। ऐसे में सदियों पुराने पेड़ों को हटाना इसके पारिस्थितिकीय संतुलन के मद्देनजर एक आत्मघाती कदम ही हो सकता है। निस्संदेह, अदालतों को न्याय का संरक्षक माना जाता है। यदि वे सार्वजनिक विरासत और पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगी तो कौन करेगा? प्रगति के नाम पर अतार्किक नियोजन घातक साबित हो सकता है।

# महाकुंभ ने स्थापित किए अनेक कीर्तिमान

**तीर्थराज प्रयाग स्थित अकबर किले के अंदर पातालपुरी मंदिर में अक्षय वट के अलावा 43 देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। इसमें ब्रह्माजी द्वारा स्थापित वो शूल टंकेश्वर शिवलिंग भी है, जिस पर अकबर की पत्नी जोधाबाई जलाभिषेक किया करती थीं। शूल टंकेश्वर मंदिर में किए जाने वाले जलाभिषेक का जल सीधे अक्षयवट की जड़ों में जाता है। वहां से जल जमीन के अंदर से होते हुए सीधे संगम में मिलता है। हमारे ऋषि मुनि बताते रहे हैं कि अक्षयवट के नीचे से ही अदृश्य सरस्वती नदी भी बहती है। संगम स्नान के बाद अक्षय वट के दर्शन-पूजन से वंशवृद्धि से लेकर धन-धान्य की संपूर्णता तक की मनौती पूरी होती है।**

इस बार के महाकुंभ ने अपनी व्यापकता के चलते अनेक कीर्तिमान स्थापित कर दिए। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि महाकुंभ 144 साल बाद आया है। पिछले महाकुंभ में जो जीवित थे, वे अब नहीं हैं। जो इस महाकुंभ में पुण्य स्नान कर पाए हैं, वे अगले महाकुंभ में उपस्थित नहीं होंगे। क्यों है महाकुंभ महत्वपूर्ण और इन सबको अपने आप में समेटने वाला तीर्थराज प्रयाग किन मायनों में विशिष्ट है। आईए इन सभी पहलुओं पर धार्मिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक नजरिए से दृष्टिपात करते हैं। जैसा कि सर्वविदित है महाकुंभ में सबसे अधिक मान्यता गंगा, यमुना और सरस्वती की है। तो सबसे पहले इन नदियों के महत्व पर वार्ता करते हैं। जहां तक गंगाजी की बात है तो उनका धार्मिक महत्व जीव मात्र के उद्धार से ही जुड़ा हुआ है। यह कथा सभी ने कई बार पढ़ी होगी कि भगवान श्रीराम के पूर्वज महाराज सगर ने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा छोड़ा तो उसे इंद्र ने चोरी करके कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। ऐसा उसने यज्ञ को असफल करने के लिए किया था। क्योंकि इंद्र को आशंका थी, यह यज्ञ संपन्न होते ही राजा सगर इंद्रासन के अधिकारी हो जाएंगे। घोड़े की सुरक्षा में तैनात राजा सगर के पुत्र उसे खोजते हुए कपिल मुनि के आश्रम में पहुंचे और वहां घोड़े को पाकर कपिल मुनि को ही दोषी समझ बैठे और उन पर मिथ्या आरोप करने लगे। इस पर कपिल मुनि ने क्रोधाग्नि से राजा सगर के सभी पुत्रों को भस्म कर दिया। उनके उद्धार के लिए अनेक सूर्यवंशियों ने तपस्या की ओर अपने प्राण होम कर दिए। इसी वंश में भागीरथ जी उत्पन्न हुए, उन्होंने तपस्या करके गंगा मां को पृथ्वी पर आने के लिए मना लिया। किंतु उनका तेज प्रवाह पृथ्वी को रसातल में ना डुबा दे, इसके लिए भागीरथ जी ने शंकर जी की तपस्या की। उन्होंने प्रसन्न होकर गंगाजी को शीश पर धारण करने के लिए सहमति जता दी। इस प्रकार भगवान वामन के चरण धोने के लिए ब्रह्मा जी के कमंडल से उत्पन्न होने वाली गंगाजी देवलोक से चलकर पृथ्वी की ओर बढ़ीं तो उनका तेज प्रवाह रोकने के लिए शंकर जी ने उन्हें अपनी जटाओं में बांध लिया और फिर सुव्यवस्थित तरीके से उनकी धारा को पृथ्वी की ओर प्रवाहित कर दिया। फलस्वरूप राजा सगर के पुत्रों का उद्धार तो हुआ ही, गंगा मैया तभी से जीव मात्र का पृथ्वी पर कल्याण कर रही हैं। इसके बाद यमुना जी का क्रम आता है। धर्मग्रंथों के मुताबिक गंगा ज्ञान का, तो यमुनाजी भक्ति रस का प्रतीक हैं। यही कारण है कि यमुनाजी का भारतीय वांग्मय में उत्कृष्ट स्थान है। पुराणों में यमुनाजी के रंग को श्रीकृष्ण के रंग से जोड़ा गया है। यमुनाजी को श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नदी कहा जाता है। भक्ति साहित्य कहता है, यमुना सरस्वती की सहायक नदी है जो बाद में गंगा में मिल जाती है। उस मिलन स्थल को संगम कहते हैं। शास्त्र में यमुना को यमराज की बहन का दर्ज़ा भी दिया गया है। जैसा कि धर्मग्रंथ बताते हैं, यमराज और यमुना दोनों का ही रंग काला है। मान्यता यह भी है कि यमुना और यमराज सूर्य की दूसरी पत्नी छाया की संतानें हैं। छाया दिखने में काली होती है, इसलिए यमुना और यमराज का रंग भी काला ही हुआ। पौराणिक कथा ये भी है कि श्रीकृष्ण ने यमुना में ही कालिया नाग का वध किया था। फलस्वरूप कालिया नाग के विष से यमुना नदी का रंग और अधिक काला हो गया। तभी से यमुना की कृष्ण भक्ति चरमोत्कर्ष तक पहुंची और आशीर्वाद स्वरूप वह देव नदी गंगा मैया के समकक्ष स्थापित हुईं और तीर्थराज प्रयाग में इन दोनों महान नदियों का मिलन हो गया। तीसरा क्रम सरस्वती नदी का आता है। तीर्थराज प्रयाग में संगम के पास स्थित एक रहस्यमयी स्थल सदैव ही भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यह स्थान है सरस्वती कूप, जिसे सरस्वती नदी का गुप्त स्रोत माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सरस्वती नदी का प्रवाह इसी कूप से होता है और यही जल संगम में जाकर मिलता है। प्रयागराज किले के भीतर स्थित इस कुएं को वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन के माध्यम से संगम से जुड़ा पाया है। 2016 में किए गए एक परीक्षण में इस कूप के जल में रंग मिलाकर देखा गया। बाद में यह रंग युक्त जल त्रिवेणी के संगम स्थल पर प्रकट होता पाया गया, जिससे सिद्ध हुआ कि यह जल त्रिवेणी संगम में प्रवाहित होता है। उल्लेखनीय है कि इसे सरस्वती कूप कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सरस्वती का उद्गम बद्रीनाथ के पास माणा गांव से होता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि वेदव्यास जब 18 पुराणों की रचना कर रहे थे, तो सरस्वती नदी की तीव्र प्रवाह वाली जलधारा से उत्पन्न ध्वनि के कारण भगवान गणेश को सुनने में कठिनाई हुई। तब भगवान शिव के आदेश पर सरस्वती नदी पाताल लोक की ओर प्रवाहित हो गईं। एक कथा यह भी प्रचलन में है कि जब महर्षि वेदव्यास जी और गणेश जी पुराणों की रचना कर रहे थे तब सरस्वती नदी का तीव्र प्रवाह वाला जल तेज कोलाहल मचा रहा था। इससे गणेश जी और वेदव्यास जी की एकाग्रता भंग हो रही थी। गणेश जी ने सरस्वती नदी से धीरे बहने का आग्रह किया, इस पर भी सरस्वती नदी का प्रवाह कम नहीं हुआ तो क्रोधित होकर गणेश जी ने सरस्वती नदी को भूमिगत होने का शाप दे दिया। तब से सरस्वती नदी का प्रवाह भूमि के नीचे की ओर हो गया। लेकिन जब वे प्रयागराज पहुंचीं, तो भगवान विष्णु के अवतार वेणी माधव ने उन्हें धरातल पर लौटने और संगम में विलीन होने के लिए राजी किया। इसी कारण सरस्वती कूप को अदृश्य सरस्वती का प्रमाण माना जाता है। वैदिक काल में सरस्वती की बड़ी महिमा थी और इसे 'परम पवित्र' नदी माना जाता था क्योंकि इसके तट के पास रह कर तथा इसी नदी के पानी का सेवन करते हुए ऋषियों ने वेद रचे औरा वैदिक ज्ञान का विस्तार किया। सरस्वती नदी को प्लाक्ष्वती, वेदवती, वेद्समृति, अन्नवती, और उदकवती जैसे नामों से भी जाना जाता है। सरस्वती नदी जहां गंगा और यमुना से मिलती है, वह संगम स्थल तीर्थराज प्रयाग में सर्वाधिक पवित्र माना जाता है। यही कारण है कि महाकुंभ में संगम सभी श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा का केंद्र बना रहता है। ऐसा भी नहीं है कि तीर्थराज प्रयाग केवल गंगा यमुना और सरस्वती के संगम की वजह से ही विश्व प्रसिद्ध है। ऐसी अन्य कारण भी है जिनके चलते प्रयाग पूजनीय बना हुआ है। इन्हीं में से एक विशेषता है, इस तीर्थस्थल में अक्षय वट का होना। हमारे धार्मिक ग्रंथ बताते हैं कि ब्रह्माजी ने अक्षयवट के पास स्थित हवनकुंड में प्रथम यज्ञ और हवन किया था। इसमें 33 कोटि देवी-देवताओं का आह्वान किया गया था। यज्ञ समाप्त होने के बाद ही इस नगर का नाम प्रयाग रखा गया। 'प्र' का अर्थ प्रथम और 'याग' का अर्थ यज्ञ-अनुष्ठान से है। वैसे भी अक्षय' का शाब्दिक अर्थ ही कभी नष्ट न होना होता है। मान्यता तो यह भी है कि भगवान शिव और माता पार्वती ने अपने हाथों से इस अक्षयवट को यहां पर लगाया था। धार्मिक मान्यता है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश, सदैव अक्षय वट में विराजमान रहते हैं। जब धरती पर प्रलय होती है तो उस समय भगवान विष्णु बालक रूप धारण करके इसके पत्ते पर अवतरित होते हैं और सृष्टि का संचालन करते हैं। इसलिए इस वृक्ष के पत्ते को तोड़ने की मनाही है। जो पत्ते अपने आप नीचे गिर जाते हैं, श्रद्धालु उन्हें ही प्रसाद समझ कर अपने घरों को ले जाते हैं। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि प्रभु श्रीराम को जब 14 वर्ष का वनवास मिला तो वे सीताजी और लक्ष्मणजी के साथ चित्रकूट की ओर जाते समय इस वटवृक्ष के नीचे ठहरे थे। धर्म और आध्यात्मिक क्षेत्र के विद्वानों का मत है कि शुद्ध अंतर्मन के साथ यहां आने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसकी एक परिक्रमा पूरे ब्रह्मांड के बराबर है। इतिहास में दर्ज है कि औरंगजेब ने इस अक्षयवट को कई बार कटवाया और जलवाया। नष्ट करने का हरसंभव प्रयास भी किया, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। तीर्थराज प्रयाग स्थित अकबर किले के अंदर पातालपुरी मंदिर में अक्षय वट के अलावा 43 देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। इसमें ब्रह्माजी द्वारा स्थापित वो शूल टंकेश्वर शिवलिंग भी है, जिस पर अकबर की पत्नी जोधाबाई जलाभिषेक किया करती थीं। शूल टंकेश्वर मंदिर में किए जाने वाले जलाभिषेक का जल सीधे अक्षयवट की जड़ों में जाता है। वहां से जल जमीन के अंदर से होते हुए सीधे संगम में मिलता है। हमारे ऋषि मुनि बताते रहे हैं कि अक्षयवट के नीचे से ही अदृश्य सरस्वती नदी भी बहती है। संगम स्नान के बाद अक्षय वट के दर्शन-पूजन से वंशवृद्धि से लेकर धन-धान्य की संपूर्णता तक की मनौती पूरी होती है। इस अक्षय वट को लेकर एक और कथा प्रचलन में है कि जब राजा दशरथ की मृत्यु के बाद पिंडदान की बेला आई तो भगवान राम पूजन सामग्री एकत्रित करने चले गए। उस वक्त देवी सीता अकेली बैठी थीं, तभी दशरथ जी प्रकट हुए और बोले कि मुझे जोरों की भूख लगी है, अतः मेरा जल्दी से पिंडदान करो। उस समय सीता जी को कुछ नहीं सूझा। उन्होंने अक्षयवट के नीचे बालू का पिंड बनाकर राजा दशरथ के लिए दान किया। उस दौरान उन्होंने ब्राह्मण, तुलसी, गौ, फाल्गुनी नदी और अक्षय वट को पिंडदान से संबंधित दान-दक्षिणा दी। जब राम जी पहुंचे तो सीता ने कहा कि पिंडदान हो गया। अक्षयवट ने इस बात की साक्षी दी और सीताजी द्वारा दी गई रामचंद्र जी की मुद्रा रूपी दक्षिणा उन्हें दिखाई। इस पर सीताजी ने प्रसन्न होकर अक्षयवट को आशीर्वाद दिया और कहा कि संगम स्नान करने के बाद जो कोई अक्षयवट का पूजन और दर्शन करेगा, उसी को संगम स्नान का फल मिलेगा। धार्मिकता से हटकर देखा जाए तो प्रयाग का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। प्रयागराज किले के निकट एक प्राचीन इमारत है, जिसका निर्माण सम्राट अशोक ने 249 ईसा पूर्व में करवाया था। इसमें अशोक स्तंभ विशेष रूप से स्थापित कराया गया था। इस इमारत में प्राचीन शिलालेख भी लगा हुआ है। जिसे देखने के लिए देश और दुनिया से पर्यटक आते हैं। प्रयाग में ऐतिहासिक महत्व का चंद्रशेखर आजाद पार्क भी है। यहां क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की विशाल प्रतिमा स्थित है। साल 1931 में इसी पार्क में क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद अंग्रेजों के साथ गोलीबारी करते हुए स्वयं का बलिदान किया। जब उनके पास का गोला-बारूद खत्म हो गया और उनकी पिस्टल में केवल एक गोली बची, जिसे उन्होंने अपनी कनपटी पर रखकर दाग दी। आजाद अंग्रेजों के हाथों मरना अपनी शान के खिलाफ समझते थे इसीलिए उन्होंने स्वयं के हाथों वीरगति प्राप्त करने का मार्ग अपनाया। 27 फरवरी 1931 में 24 साल की उम्र में उन्होंने अपना बलिदान दिया। यह पार्क 133 एकड़ भूमि तक फैला हुआ है। इस प्रकार के अनेक धार्मिक, ऐतिहासिक प्रतीक चिन्ह तीर्थराज प्रयाग और महाकुंभ का आकर्षण कई गुना बढ़ा रहे हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु एक ओर अमृत स्नान करके पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो वहीं ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर भारत के गौरवशाली अतीत से साक्षात हो रहे हैं। **-डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

# धर्म, कर्म और आस्था की त्रिवेणी में स्नान की दिव्य अनुभूति

**डॉ. दिनेश चंद्र सिंह**

महाकुंभ 2025 में संगम स्नान का अपना महत्व है लेकिन यह बार-बार किया जाए, वो भी वीवीआईपी बनकर, यह अनुचित है। मेरी अंतरात्मा ने इस पर गौर किया और मैंने संगम स्नान की जगह भक्त समूह से निकलते रहने वाली सकारात्मक ऊर्ज़ा स्नान को तवज्जो दी। ऐसा इसलिए कि 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार का संयोग ही कुछ ऐसा बना, दैवीय प्रेरणा और पेशेवर कार्यवश। यह दिन मेरे लिए सभी दृष्टि से खासकर धार्मिक दृष्टि से पुण्य प्रदायक और प्रशासनिक एवं न्यायिक दृष्टि से उपलब्धियों भरा रहा। दरअसल, शुक्रवार को ही माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज में न्यायालय खंड पीठ 3 के समक्ष जिलाधिकारी जौनपुर के तौर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश के क्रम में मुझे 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होना था। इसलिए मैं सुबह 4 बजे उठा और प्रयागराज के लिए सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ सवा पांच बजे रवाना हुआ। मैंने अपनी इस यात्रा के दौरान भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक आस्था से परिपूर्ण जनसमुदाय की उस पैदल महाकुम्भ 2025 यात्रा के दिव्य दर्शन किए, जो पवित्र संगम की तपोभूमि प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने को कूच कर रहे थे। इस लाखों की संख्या वाले जनसमुदाय को पैदल चलते हुए देखना, हर्ष और उर्ज़ावान नेतृत्व में संचालित टोलियों/डोलियों के रूप में दर्शन करना दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा था। क्योंकि इसमें देश के प्रत्येक कोने, प्रान्त, क्षेत्र के लोग शामिल थे, जो भारत में क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग करते हैं। मसलन, ऐसा करने वाली जनता जनार्दन को देखा कि कितने मनोयोग से वे सभी महाकुम्भ 2025 की पवित्र आस्था पर्व में शामिल होने के लिए विभिन्न कठिनाइयों को झेलते हुए भी जा रहे हैं और अपनी दुर्लभतापूर्ण यात्रा को सुविधायुक्त यात्रा में मंगलमय बनाने वाली प्रबंधकीय व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन सबकी वात्सल्य भरी करुणा, सादगी और सनातन धर्म के प्रति अनुराग की उर्ज़ावान संवेदनाओं के साथ तीर्थराज प्रयाग की संगम की तपोभूमि में स्नान करने के लिए सभी ओर से पैदल जाते हुए देख मन द्रवित हुआ। वहीं, आस्था की पवित्र डुबकी के लिए मेरे मन में यह विश्वास पैदा हुआ कि आज संगम की पवित्र डुबकी के स्थान पर मेला क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की मानवीय संवेदनाओं से परिचय होगा। साथ ही उनसे उत्पन्न पवित्र धनात्मक ऊर्ज़ा, जिसका उत्सर्जन करोड़ों आस्थावान सनातन धर्मियों की पदचाल से उत्सर्जित हो रही थी, उसी में अपने मन की जिज्ञासा की डुबकी लगाऊंगा और मैंने यही किया। वाकई यह आनंददायक पल रहा। मैं कठिन प्रशासनिक व्यवस्था के फलस्वरूप कुंभ मेला क्षेत्र में तो गया, परन्तु मेरे मन में स्नान की जिज्ञासा और चाह थी। हालांकि करोड़ों आस्थावान नागरिकों की पदचाल की ध्वनि से उत्पन्न पवित्र ऊर्ज़ा से स्नान की प्रतिज्ञा ने वीवीआईपी प्रोटोकॉल को प्राप्त करके स्नान करने की इच्छा/चेष्टा को त्यागकर पवित्र कुम्भ क्षेत्र में अपने ईष्ट प्रभु हनुमानजी को एवं त्रिवेणी की पवित्र धारा को प्रणाम कर वापस लौटने का निर्णय लिया क्योंकि इससे पूर्व मैं महाकुम्भ 2025 का स्नान एकबार कर चुका हूँ। इसलिए पुनः वीवीआईपी प्रोटोकॉल में स्नान करना मेरे लिए एवं मेरे पद के लिए अनुकूल नहीं है, क्योंकि हमें व्यवस्था एवं अनुशासन पूर्वक श्रद्धालुओं को पवित्र आस्था के महाकुम्भ 2025 में डुबकी लगाने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है, न कि स्वयं बार-बार स्नान कर अपनी मनोकामना की तृप्ति के लिए प्रयास करना। दरअसल, तीर्थराज प्रयाग के दर्शनमात्र से भी वही पुण्य मिलता है जितना पवित्र डुबकी से, बिना किसी को कठिनाई दिए। इसलिए मैंने ऐसा निर्णय किया। पुनः विघ्नसंतोषी, अल्पज्ञानी, ईर्ष्या और परनिंदा में लगे अधम चरित्र एवं व्यक्तित्व के व्यक्तियों का यह कहना कि एक वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्नान नहीं कर सका। ऐसे ही लोगों के बारे में रामचरितमानस में लिखा गया है कि ''हर गुर निंदक दादुर होई। जन्म सहस्त्र पाव तन सोई? द्विज निंदक बहु नरक भोग करि। जग जनमइ बायस सरीर धरि?'' कहने का तातपर्य यह कि जैसा कि कागभुशुण्डि जी बताते हैं- शंकरजी और गुरु की निंदा करने वाला मनुष्य (अगले जन्म में) मेंढक होता है और वह हजार जन्म तक वही मेंढक का शरीर पाता है। ब्राह्मणों की निंदा करने वाला व्यक्ति बहुत से नरक भोगकर फिर जगत में कौए का शरीर धारण करके जन्म लेता है?

## सेहत मंत्र

# रोजाना 1 कप तुलसी की चाय कम करती है अर्थराइटिस का दर्द और शुगर लेवल

पवित्र तुलसी को 'जड़ी बूटियों की रानी' के रूप में भी जाना जाता है। तुलसी भारत में सबसे पवित्र जड़ी बूटी के तौर पर माना गया है। हिंदू संस?कृति में तुलसी की पूजा की जाती है। यह आयुर्वेद में अपने औषधीय उपयोगों के लिए जाना जाता है जो इसे कई बीमारियों के लिए एक प्रभावी उपाय बनाता है। पवित्र तुलसी में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट की एक श्रृंखला होती है जो शरीर के ऊतकों को मुक?त कणों की क्षति से बचाने में मदद कर सकती है। तुलसी सभी रूपों में- सूखे, ताजे और पाउडर में कई उपचार गुण होते हैं। कुछ तुलसी पत्तियों पर चबाने से नियमित रूप से आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन क्या आपको पता है कि तुलसी की चाय हमारे शरीर के लिए किस प्रकार से फायदेमंद है। हम आपको यहां बता रहे हैं। तुलसी चाय ठंड और खांसी से ब्रोंकाइटिस और अस्थमा तक की कुछ श्वसन बीमारियों को रोकने में मदद करती है। यह प्रतिरक्षा में वृद्धि करने में मदद करती है। खांसी से राहत दिलाती है। और श्लेष्म बाहर निकालने में मदद कर श्वसन प्रणाली में राहत प्रदान करती है। इसमें कुछ तेल हैं जो कंजक?शन को दूर करने में मदद करते हैं। काफी कुछ अध्ययनों के मुताबिक, तुलसी चाय शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन के सामान्य स्तर को बनाए रखने में मदद करती है जिसे तनाव हार्मोन के नाम से जाना जाता है। यह कोर्टिसोल के स्तर को कम करता है, जिससे आप तनाव मुक्त हो जाते हैं। वास्तव में, यह अवसाद के विभिन्न लक्षणों को कम करने के लिए जाना जाता है, जिसमें चिंता शामिल हो सकती है। नियमित दूध के बजाए तुलसी चाय पीएं क्योंकि यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करती है। तुलसी चाय का दैनिक सेवन कार्बो और वसा के चयापचय को सुविधाजनक बनाने में भी मदद कर सकता है। तुलसी चाय में एंटी-माइक्रोबियल गुणों की उपस्थिति मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं के खिलाफ मुकाबला करने में मदद करती है।

## धर्म मंत्र

# इन शनि मंदिरों में दर्शन कर आप पा सकते हैं मनवांछित फल

मध्य प्रदेश के मुरैना के शनि पर्वत पर स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की शनिदेव के प्रति असीम आस्था है। श्रद्धालु शनिदेव से यहां सुख समृद्धि और शांति के लिए आराधना करने आते हैं। 15 मई को शनि जयंती पर यहां एक महोत्सव जैसा माहौल था। शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजन करना एक संयोग भी माना जाता है। शनि देव सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण गृह हैं। जो व्यक्ति के कर्म अनुसार अच्छे बुरे कर्म फल के निर्णायक हैं। शनि को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। इसलिए भी शनिदेव की आराधना बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुराणों के अनुसार सूर्यदेव की दूसरी पत्नी छाया के गर्भ से जन्मे शनि के श्याम रंग को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए शनि को अपना पुत्र मानने से इंकार कर दिया। इस कारण शनिदेव अपने पिता सूर्य से शत्रुभाव रखने लगे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर अनेक शक्तियां प्राप्त कीं। सभी ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, यमराज शनिदेव के भाई और यमुना बहन हैं। देश में विख्यात मुरैना का त्रेता युगीन शनि मंदिर से ही शनि शिंगणापुर महाराष्ट्र में 1817 के आसपास शिला से शनिदेव की स्थापना की गयी। इंदौरः माता अहिल्या की नगरी इंदौर में शनि देव का प्राचीन मंदिर है। शहर के बीचोंबीच जूनि इंदौर में यह स्थित यह मंदिर करीब 300 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में एक सच्ची कहानी है कि यहां के अंधे पुजारी को शनि देव ने प्रसन्न होकर आंखें दी थीं।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक और एडवेंचर दोनों ही मामलों में खास है रायगढ़ किला

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड पहाड़ी पर बना है मशहूर रायगढ़ किला। जो समुद्र तल से 820 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है ये किला भी छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए शानदार किलों में से एक है जिसका इस्तेमाल अब जेल के तौर पर किया जाता है। शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी यहीं हुआ था। किले तक पहुंचने के लिए 1737 सीढ़ियां हैं लेकिन अब यहां तक पहुंचने के लिए रोपवे का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे सिर्फ 20 मिनट में किले को टॉप पर पहुंचा जा सकता है। किले का पुराना नाम रायरी था। जिसे चंद्रराव मोरे ने बनवाया था। सन 1656 में शिवाजी ने इस किले पर कब्जा कर लिया था और उसे दोबारा बनवाया। जिसके बाद इसका नाम रायगढ़ रखा गया। इसके बाद 1698 में औरंगजेब और जुल्फिकार खान ने रायगढ़ पर कब्जा कर इसे 'इस्लामगड' नाम दिया। बाद में यह किला ब्रिटिशों द्वारा लूटा गया और इसके बाद इसे नष्ट कर दिया गया।टूरिस्ट स्पॉट रायगढ़ किले को धार्मिक स्थल के तौर पर भी जाना जाता है क्योंकि यहां शिवाजी की समाधि है। मुख्य महल पूरा लकड़ी से बनाया गया था। किले को खासतौर से 6 चैंबर्स में बांटा गया है। हर एक चैंबर में निजी आराम कक्ष है। किले की सबसे ऊंची चोटी तकरीबन 600 फुट है। जहां तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही बड़े दरवाजे से होकर जाता है। 1356 मीटर ऊंचा यह किला भारत के सबसे ऊंचे किलों में से एक है। किले के अंदर मार्केट भी है जहां से टूरिस्ट अपनी जरूरत का सामान खरीद सकते हैं। किले के किनारे से गंगा सागर नामक झील बहती है जो इसकी खूबसूरती को दोगुना करती है। कब जाएं- नवंबर से मार्च का महीना यहां आने के लिए बेस्ट होता है। वैसे तो टूरिस्टों का तांता यहां सालभर ही देखने को मिलता है। कैसे पहुंचे- हवाई मार्ग- मुंबई एयरपोर्ट पहुंचकर यहां तक पहुंचा जा सकता है।

# हर हर महादेव से महादेवा अंचल वातावरण हुआ बम बम

## कई लाख शिव भक्तों ने चढ़ाया गंगाजल मानी मुराद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज शिवालयों में श्रद्धालुओं की भोर प्रहर से शिव भक्तों की कतारबद्ध भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के नागेश्वर नाथ कैलाश आश्रम धनोखर तालाब , रसूलपुर के दूधेश्वर नाथ मंदिर में शिव आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर भारत के प्रमुख शिव तीर्थ महादेवा में मध्य रात्रि से ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। बम बम भोले का जयकारा लगाते शिव भक्त कतर बंद हो जला अभिषेक के लिए बढ़ते चले जा रहे थे। रामकुमार शुक्ला ने बताया कि श्री लोधेश्वर महादेवा में लाखों श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जलाभिषेक कर पूजन दर्शन किया। हाथ में लोटा लोटे में जल व टोकरी में बेलपत्र अक्षत फूल भांग धतूरा लिए शिव भक्त बोल बम करते अपने इश्क का जलाभिषेक कररह थे। कानपुर उन्नाव औरैया जालौन लखनऊ आदि जिलों से आए श्रृद्धालु कतार बद्ध होकर मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक





कर अपने घरों को कूंच कर किया। कई हजार पदयात्री श्रद्धालु बुढ़वल स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपने गंतव्य को गए।रामनगर ब्लॉक मुख्यालय पर महादेवा आए श्रद्धालुओं की सेवा में पांडाल सजाकर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी सब्जी छोले चावल का प्रसाद पाया।वहीं महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर चेयरमैंन रामशरण पाठक द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में छोले चावल पूरी सब्जी हलवा एवं व्रती भक्तों के लिए पवित्र फलाहार की व्यवस्था की गई।इस पुनीत कार्य में रविकांत पांडे दयाशंकर तिवारी संजय कुमार तिवारी शुभम जायसवाल टिंकू तिवारी राजेश शुक्ला पंकज पाठक आदि गणमान्य लोग शामिल रहे। सिद्धौर प्रतिनिधि के मुताबिक़ सिद्धौर कश्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। निंदूरा प्रतिनिधि अमित गप्ता ने बताया विकास खंड क्षेत्र में शिवरात्रि के अवसर पर भोर से ही श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र, भांग, दूध, धतूरा, आदि का भोग लगाते दिखाई दिए। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की लंबी कतारें और बम बम भोले के जयकारे से माहौल शिवमय हो गया । क्षेत्र के पंचमुखी शिव मंदिर टिकैतगंज, अंबेश्वर महादेव मंदिर अंबरपुर बहरौली ,प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर बड्डूपुर ,भगौली तीर्थ सहित तमाम शिव मंदिरो में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के लिए शिवभक्त कई घंटे से लाइन में खड़े होकर इंतजार करते दिखे। बनीकोडर :महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहगंज में मनरेगा और राज्य वित्त आयोग के तहत निर्मित अन्नपूर्णा सरकारी राशन की दुकान का उद्घाटन राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और बीडीओ विनय कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जैदपुर प्रतिनिधि वसीम खा ने बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मोहल्ला उसरी पर भव्य शिव बारात व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । नगर पंचायत जैदपुर मोहल्ला उसरी पर नगर के शिव भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि का आयोजन बहुत ही भव्यता से किया गया।

### गुलजार है गोरखनाथ कुटी

महादेवा बाराबंकी । लोधेश्वर महादेवा में चल रहे फाल्गुनी मेला के अवसर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महादेवा स्थित श्रीनाथ कुटी पर फरहरी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें महंत बाबा रामनाथ जीऔर उनके शिष्या माया सिंह सेंगर की उपस्थिति में देवासनी से आए विजय प्रताप सिंह अपने सहयोगियों के साथ फल का वितरण किया ।इसके अलावा मेले में अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

### दुल्हदेपुर धाम में सामूहिक रुद्राभिषेक की धूम पूर्व सांसद बृजभूषण बने सहभागी

राम जानकी मंदिर दूल्हदेपुर कुटी प्रांगण में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। एक सप्ताह से राम कथा का आयोजन चल रहा है प्रतिदिन लाखों लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं। आज यहां आयोजित सामूहिक रद्राभिषेक मे कैसरगंज गोंडा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह हेलीकॉप्टर से आ पहुंचे। यह आयोजन नौ दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा है, जो 28 फरवरी को सामूहिक कन्या विवाह के साथ संपन्न होगा।

## सड़क किनारे लगती साप्ताहिक बाजार, आवागमन बाधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा निंदूरा में सड़क के किनारे साप्ताहिक बाजार की दुकानें लग रही हैं।ग्राहकों की भीड़ सड़क पर होती है।सड़क पर लगातार भारी वाहनों का आवागमन भी लगा रहता है।ऐसी स्थिति में सड़क पर लग रही बाजार से हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है।हैरानी की बात है कि दुघर्टना बाहुल्य इस क्षेत्र से प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारी भी निकलते हैं लेकिन उनकी नज़रें नहीं पड़ रही है। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग के चौड़ीकरण का काम भी चल रहा है।इस मार्ग पर कस्बा निंदूरा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र घोषित है। लेकिन बावजूद इसके कस्बा निंदूरा में साप्ताहिक बाजार सड़क किनारे लग रही है।इस मार्ग से प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारियों का आवागमन भी रहता हैं, लेकिन बावजूद इसके उनकी नजर सड़क किनारे लगने वाली साप्ताहिक बाजार पर नहीं पड़ रही है।इस सड़क पर वाहनों की रफ्तार 70 से 80 किमी प्रतिघंटा होती है।चारपहिया वाहनों की रफ्तार इससे भी ज्यादा है।सड़क के दोनों किनारों पर दुकान सजने से दो भारी वाहनों को साइड लेने की जगह नहीं बचती है।आजकल तो गिट्टी लदे सैकड़ों डंफर गुजर रहे है आए दिन लोग इस सड़क पर अपनी जान भी गवां रहे है। फिर भी सड़क किनारे सब्जी मंडी लग रही है।

## शिवरात्रि पर हुए विभिन्न आयोजन ,भंडारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। महाशिवरात्रि पर विशेष धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला देखने को मिली। संकल्प हेल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का शुभारंभ पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष आलोक कुमार कनौजिया ने अतिथियों का सम्मान प्रभु श्री राम की तस्वीर और अंगवस्त्र से किया।कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज वर्मा, प्रहलाद कुमार, विमल, अमित भैया रामजी, सीएचसी डॉक्टर संतोष सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार यादव आदिल काजमी,प्रधान निसार मेहंदी, शिवहरि अवस्थी, सुमित मौर्या, सानू मिश्रा, सोनू पाण्डेय, संजय मिश्रा, वीरेंद्र गुप्ता मनीष गुप्ता दुर्गेश गुप्ता,राजाराम गुप्ता और ललित यादव, सतीश यादव, राहुल यादव, राम अचल राजपूत, रामू काका ,अखिलेश दास, रिंकू तिवारी ,जयशंकर पाण्डेय, बलराम मौर्य, अंकित गुप्ता और सचिन गुप्ता सहित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। जागेश्वर महादेव, दुग्धेश्वर महादेव और महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, अक्षत, दूध, जल और मिष्ठान से भगवान शिव का पूजन किया।दूल्हादेपुर कुटी में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। कैसरगंज गोंडा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह हेलीकॉप्टर से पहुंचे। यह आयोजन नौ दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा है, जो 28 फरवरी को सामूहिक कन्या विवाह के साथ संपन्न होगा। बदोसराय के दुग्धेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं इसमें शामिल हुए। बारात दोपहर एक बजे निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के बीच अबीर-गुलाल उड़ाया।समिति के अध्यक्ष राहुल मौर्य के अनुसार यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बदोसराय पुलिस की टीम सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रही।

## शिवरात्रि पर शिवालयों में रही धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। महाशिवरात्रि का पर्व मसौली क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा। क्षेत्र के कस्बा मसौली स्थित बाजार एव ग्राम सिसवारा स्थित डिगम्बरनाथ शिवमंदिर पर शिवभक्तों ने मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। तथा जगह जगह ओम नमः शिवाय का जाप किया गया। तथा शिवमंदिरों मे पूर्णाहूति एव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मसौली चौराहा पर शिवभक्तों को प्रसाद का वितरण किया। कस्बा बड़ागाँव स्थित प्रेमश्वर महादेव मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम मे क़स्बा शहाबपुर में स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न झांकियां बना कर शिव बारात तापेश्र्वरी माता मंदिर से निकाली गयी जो कस्बे के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए निब्ही मंदिर हनुमान मंदिर होते हुए सोहन सदन शशी भुर्जी के प्रतिष्ठान पर पहुंची जहां पर ब्रजराज गुप्ता, सोनू , सुधीर, प्रवीण वर्मा, गुड्डू गुप्ता, लवकुश अंश गुप्ता वंश गुप्ता के द्वार पर आयोजित भण्डारे मे छोला चावल पूड़ी सब्जी बून्दी खीर आदि का प्रसाद ग्रहण किया शिवभक्तों के जयकारे से पूरा इलाका शिवभक्ति मे लीन हो गया। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह उपनिरीक्षक अभय गुप्ता,उमेश प्रसाद व दिवान लवकुश सिंह कांस्टेबल अंकित सचान विवेक सिंह प्रियांशू यादव विकास यादव रत्नेश पांडे नौमिनाथ आदि शिव बारात की निगरानी करते रहे।इस मौके पर भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव,राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु कुमार श्रीवास्तव,सूरज सिंह,रौहन सोनी आदि के साथ भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया गया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर ग्राम पंचायत प्यारेपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा और जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने की। ग्राम प्रधान अतुल वर्मा ने बैठक का आयोजन किया। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार को रोकने में पूरी तरह विफल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग बाबा साहब का अपमान कर रहे हैं। साथ ही संविधान और आरक्षण को समाप्त करने की कोशिश कर



रहे हैं।जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बड़े विभागों का निजीकरण कर आरक्षण समाप्त करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भय का माहौल है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। बैठक में कार्यकर्ताओं से 2027 के मिशन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रधान सैदनपुर एडवोकेट रियाज मसूद,पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मुस्ताक अहमद, प्रधान पंकज यादव, प्रधान बेनी प्रसाद वर्मा, जिला सचिव अजीत यादव बीडीसी सुधांशु वर्मा, मनोज यादव, राम सिंह यादव समेत कई नेता मौजूद रहे।

### शेर का वीडियो वायरल

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दावा किया गया कि ग्राम मीननगर बनौगा में शेर देख गया,खबर को प्रमुखता से अखबारों ने प्रकाशित किया जिसका संज्ञान लेकर वीडियो की पड़ताल हेतु प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन के पर्यवेक्षण में क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह द्वारा मौके का निरीक्षण किया। मौके पर पाए गए पदचिन्हों का निरीक्षण किया गया साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह से बताया कि अभी तक मिले पद चिन्ह डॉग फैमिली के है। इस मौके पर क्षेत्राधिकार मयंक सिंह, मनोज कुमार यादव, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर गंगा स्नान के दौरान दो किशोरियों की डूबकर मौत

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को गंगा स्नान के लिए गई दो किशोरियों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना चुनार कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव स्थित गंगा घाट पर बुधवार सुबह करीब 9 बजे की है। जलालपुर माफी निवासी राजू की 17 वर्षीय पुत्री काजल और रामगरीब की 16 वर्षीय पुत्री कुसुम समेत अन्य किशोरियां स्नान के लिए गंगा गई थीं। स्नान के दौरान गीता, सीता, काजल और कुसुम गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए गीता और सीता को बचा लिया, लेकिन काजल और कुसुम गहरे पानी में समा गईं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन घाट पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कराई। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 3 बजे दोनों किशोरियों के शव बरामद कर लिए गए। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि महाशिवरात्रि पर गंगा स्नान के दौरान दो किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। काजल अपने दो भाइयों की इकलौती बहन थी, जबकि कुसुम चार बहनों और दो भाइयों में पांचवें नंबर पर थी। काजल के पिता राजू मलेशिया में नौकरी करते हैं, जबकि कुसुम के पिता रामगरीब मजदूरी करते हैं। दोनों किशोरियां कक्षा 9 की छात्रा थीं।

### सांसद रमेश अवस्थी का कुम्भ सेवा भाव बना चर्चा का विषय, श्रद्धालुओं के लिए किये विशेष प्रबंध

**कानपुर।** महाकुंभ 2025 का भव्य आगाज़ जैसे हुआ उसी तरह से आज महाशिवरात्रि के अंतिम शाही स्नान के बाद महाकुंभ 2025 अपने अंतिम चरण पर है । आज से कुम्भ का महापर्व समाप्त हो जाएगा 45 दिनों तक चले कुंभ मेले में देश की लगभग आधी आबादी ने स्नान ध्यान किया । इसी दौरान महाकुंभ पर्व में एक सांसद के सेवा भाव से जुड़ी ऐसी खबर सामने आई है जिस खबर ने जनता की सेवा को ही सर्वश्रेष्ठ भाव माना है । महाकुंभ 2025 के 45 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के दौरान कानपुर लोकसभा से भाजपा सांसद रमेश अवस्थी चर्चा का विषय बने हुए हैं । वजह है कि महाकुंभ 2025 के महा मेले में भाजपा सांसद रमेश अवस्थी एक मात्र सांसद है जिन्होंने अपनी लोकसभा की जनता के साथ साथ देशभर के कई वरिष्ठ व जनप्रिय समाजसेवियों के लिए महाकुंभ में कैम्प स्थापित कर के लोगों के स्नान, ध्यान, भोजन व उनके ठहरने के लिए समुचित व्यवस्था करवाई । 18 फरवरी से महाकुंभ में शुरू हुए इस कैम्प में लगभग कानपुर लोकसभा की जनता के साथ साथ लाखों लोगों ने महाकुंभ पर्व का लाभ उठाया । इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि वो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सेवाभाव की राजनीति से प्रेरणा लेकर अपने राजनीतिक जीवन में सेवाभाव की राजनीति ही करना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि महाकुंभ में उनकी कानपुर लोकसभा की जनप्रिय जनता के कुम्भ स्नान को लेकर आकर्षक व सनातन संस्कृति के प्रति रुझान को लेकर इस कैम्प को लगाने का ख्याल आया। इस दौरान इस कैम्प में लगभग लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सांसद रमेश अवस्थी के द्वारा लगाए गए इस कैम्प में भण्डारा भी ग्रहण किया ।

### धूम धाम से मनाया जा रहा महाशिवरात्रि का पर्व, मंदिरों पर लगी भक्तों की भीड़

**जौनपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। त्रिलोचन महादेव, गौरी शंकर महादेव, साईं नाथ महादेव, रामेश्वर महादेव और धर्मापुर स्थित महादेव मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। सुजानगंज-मछलीशहर मार्ग पर स्थित गौरीशंकर धाम एक प्राचीन शक्तिपीठ है। यहां अर्धनारीश्वर स्वरूप में स्वयंभू शिवलिंग विराजमान हैं। 14वीं सदी की एक रोचक कथा के अनुसार, एक व्यक्ति को यहां एक काले पत्थर पर गाय को स्वयं दूध चढ़ाते देखा गया। बाद में स्वप्नादेश पर इसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया। जौनपुर से 12 किलोमीटर दूर राजेपुर में स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर का विशेष महत्व है। पौराणिक काल में यह स्थान घने जंगल से घिरा था। यहां का शिवलिंग जमीन के नीचे से प्राप्त हुआ था। स्थानीय निवासी हनुमान बैरागी के पूर्वजों को भगवान शिव ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। त्रिलोचन महादेव मंदिर की मान्यता है कि काशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद यहां पूजन करना चाहिए। मंदिर के पास स्थित तालाब में स्नान से चर्म रोग दूर होने की मान्यता है। सावन और महाशिवरात्रि पर दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आकर पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पी.ए.सी. और महिला कांस्टेबल सहित विभिन्न थानों की पुलिस तैनात की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। सुबह से ही लोगों ने लाइन में लगकर भगवान का दर्शन और पूजन किया।

### धूम धाम से मनाया जा रहा महाशिवरात्रि का पर्व, मंदिरों पर लगी भक्तों की भीड़

**जौनपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। त्रिलोचन महादेव, गौरी शंकर महादेव, साईं नाथ महादेव, रामेश्वर महादेव और धर्मापुर स्थित महादेव मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। सुजानगंज-मछलीशहर मार्ग पर स्थित गौरीशंकर धाम एक प्राचीन शक्तिपीठ है। यहां अर्धनारीश्वर स्वरूप में स्वयंभू शिवलिंग विराजमान हैं। 14वीं सदी की एक रोचक कथा के अनुसार, एक व्यक्ति को यहां एक काले पत्थर पर गाय को स्वयं दूध चढ़ाते देखा गया। बाद में स्वप्नादेश पर इसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया।

## महाशिवरात्रि : काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत आवास पर हुआ विवाह का लोकाचार

एजेंसी

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार शाम बाबा श्री काशी विश्वनाथ और माता गौरा की वर-वधु के रूप में राजसी शृंगार किया गया। दूल्हा बने बाबा की प्रतिमा के सिर पर सेहरा बांधा गया। वहीं, माता गौरा मथुरा से मंगवायी गई खास लाल लहंगे में सजीं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत स्मृतिशेष डॉ कुलपति तिवारी के टेढीनीम आवास पर बाबा के विवाहोत्सव में यह अद्भुत दृष्य देख श्रद्धालु निहाल हो गए। साढ़े तीन सौ वर्ष से भी अधिक समय से चली आ रही लोकपरंपरा के अनुसार पं. वाचस्पति तिवारी ने दोपहर में मातृका पूजन की परंपरा का निर्वाह किया। पारंपरिक वैवाहिक गीतों की गूंज इस दौरान होती रही। इसके बाद



करीब चार सौ साल पुराने स्फटिक के शिवलिंग को आंटे से चौक पूर कर पीतल की परात में रखा गया। इसके उपरांत वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से सभी देवी-देवताओं से शिव के विवाह में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। बाबा और गौरा की प्रतिमा की सायंकाल आरती की गई। इसके पहले सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पं. वाचस्पति तिवारी ने सपत्नीक रुद्राभिषेक किया। दोपहर में फलाहर का भोग लगाया गया। भोग आरती के बाद संजीवरत्न मिश्र ने बाबा एवं माता की चल प्रतिमा का राजसी शृंगार किया। सायंकाल श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। रात्रि मे मंदिर में चारों प्रहर की विशेष आरती के विधान पूर्ण किए गए।

## मंडुवाडीह में गार्ड ने मारी गोली, मौत



एजेंसी

वाराणसी। ह थानाक्षेत्र में बुधवार शाम एक सिक्योरिटी गार्ड ने अपनी पत्नी की दोनाली बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद गार्ड मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस और अफसर भी मौके पर पहुंच गए। वारदात के पीछे घरेलू विवाद की बात सामने आई है। मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी चंद्रमोहन सिंह पेशे से सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। वह अपने परिवार के साथ चांदपुर बजरंग नगर में किराये के मकान में रहता है। आज किसी बात पर नाराज होकर चंद्रमोहन ने अपनी पत्नी संगीता सिंह (45) को दोनाली बंदूक से गोली मार दी। गोली की आवाज और संगीता की चीख पुकार सुन आसपास के लोग जुटे तो चंद्रमोहन मौके से भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा। अस्पताल में इलाज शुरू होने के पहले ही महिला की मौत हो गई। इस संबंध में एडिशनल एसपी सुशील कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को शाम पॉच बजे हुई। मौके पर पुलिस पहुंची तो कमरे में महिला जख्मी हालत में मिली। उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया।

## टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर के ब्रांड एंबेसडर प्रवीन कुमार ने खिलाड़ियों में भरा जोश

एजेंसी

कानपुर। टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर के ब्रांड एंबेसडर और भारतीय क्रिकेट के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीन कुमार ने टीम के ट्रॉफी टूर के दौरान जोश और ऊर्जा से माहौल भर दिया। बुधवार को द स्पोर्ट्स हब, आर्यनगर में केपीएल 2025 की ट्राफी आर्यनगर पहुंची। वहां पर टीएसएच में आयोजित हुए भव्य समारोह में क्रिकेट प्रेमियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रवीन कुमार ने न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया बल्कि अपनी उपस्थिति से पूरे आयोजन को खास बना दिया। जर्सी, कैप और शुभंकर का भव्य अनावरण ट्रॉफी टूर के दौरान टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर की आधिकारिक एंथम, जर्सी, कैप और टीम के शुभंकर का भव्य अनावरण किया गया। टीम की नई जर्सी को खास डिज़ाइन और आकर्षक रंग संयोजन के साथ पेश किया गया, जो खिलाड़ियों के जोश और जज़्बे को दर्शाती है। शुभंकर को टीम की ऊर्जा और जीत के जज्बे का प्रतीक माना जा रहा है। महान हस्तियों की मौजूदगी ने बढ़ाया आयोजन का गौरव कार्यक्रम में भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और तेज गेंदबाज प्रवीन कुमार ने ''स्टार ऑफ द डे'' के रूप में शिरकत की। उनके अलावा मुख्य अतिथि कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय और विशिष्ट अतिथि पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। खिलाड़ियों को मिला समर्थन और प्रोत्साहन टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर के संरक्षक प्रणीत अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ट्राफी लाने पर टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 21 हजार रुपये और टीएसएच की एक साल की मेंबरशिप दी जाएगी। वहीं, टीएसएच के डायरेक्टर प्रणव अग्रवाल, डायरेक्टर स्पोर्ट्स आर. पी. सिंह, डायरेक्टर ऑपरेशन पी. के. श्रीवास्तव, और यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबी पाठक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। केपीएल 2025 के लिए टीम पूरी तरह तैयार टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर की टीम आगामी कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) 2025 में अपना जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम के कप्तान सतनाम सिंह के नेतृत्व में खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ट्रॉफी टूर के बाद समर्थकों और खेल प्रेमियों में टीम को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आयोजन ने टीम के मनोबल को और ऊंचा किया है और अब सभी की निगाहें ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले क्रिकेट महासंग्राम पर टिकी हैं, जहां टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर केपीएल ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। महापौर प्रमिला पांडेय ने व्यक्त किए विचार महापौर प्रमिला पांडेय ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, ''टीएसएच ब्लास्टर्स आर्यनगर की इस शानदार पहल के लिए मैं टीम के प्रबंधकों को धन्यवाद देना चाहती हूं। कानपुर में खेल के विकास के लिए यह एक बड़ा कदम है। पीयूष अग्रवाल की सोच और मेहनत सराहनीय है, क्योंकि यहां गरीब बच्चों को भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस जगह को देखकर बहुत प्रभावित हुई हूँ। खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।'' प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों को दिए प्रेरणादायक संदेश भारतीय क्रिकेटर प्रवीन कुमार ने कहा, ''यह टूर कानपुर और यूपी के युवा खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों में भी अपार टैलेंट मौजूद है, जिन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन मिलना चाहिए।

# गिल ने नंबर 1 पर मजबूत, कोहली शीर्ष पांच में फिर से शामिल

एजेंसी

दुबई। चैंपियंस ट्राफी में अपनी टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल ने आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पिछले सप्ताह दुबई में खेले गए ग्रुप ए मैचों में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले गिल को 21 रेटिंग अंक मिले हैं और वह 817 रेटिंग अंक पर पहुंच गए हैं, जिससे दूसरे स्थान पर मौजूद बाबर आजम के साथ उनका अंतर 23 से बढ़कर 47 अंक हो गया है। पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की नाबाद 100 रन की पारी ने उन्हें न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल को पछाड़कर पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है, जबकि केएल राहुल बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 41 रन बनाने के बाद दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



न्यूजीलैंड के बल्लेबाज विल यंग (आठ पायदान ऊपर 14वें स्थान पर) और टॉम लैथम (11 पायदान ऊपर 30वें स्थान पर) पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आगे बढ़ गए हैं, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ रचिन रवींद्र के शतक ने उन्हें 18 पायदान ऊपर उठाकर 24वें स्थान पर पहुंचा दिया है। ग्लेन फिलिप्स 12 स्थान ऊपर 28वें स्थान पर पहुंचने वाले एक और कीवी बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी (चार पायदान ऊपर 50वें) और जोश इंग्लिस (18 पायदान ऊपर 81वें), बांग्लादेश के तौहीद हृदोय (18 पायदान ऊपर 64वें) और जेकर अली (64 पायदान ऊपर 94वें) शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में, केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं, जबकि ग्रुप बी के रोमांचक मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दो विकेट लेने के बाद एडम ज़म्पा 10वें स्थान पर आ गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 36 रन देकर तीन विकेट लेने वाले कैगिसो रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज को चार पायदान ऊपर उठाकर 16वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि न्यूजीलैंड के स्पिनर माइकल ब्रेसवेल ने बांग्लादेश के खिलाफ चार विकेट लेकर उन्हें 31 पायदान ऊपर 26वें स्थान पर पहुंचाने में मदद की है। बांग्लादेश के तस्कीन अहमद (छह पायदान ऊपर 30वें), पाकिस्तान के अबरार अहमद (26 पायदान ऊपर 49वें) और भारत के हार्दिक पंड्या (13 पायदान ऊपर 63वें) गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण बदलाव करने वालों में शामिल हैं।

# हमेशा खास रहेगी टी20 विश्वकप की जीत: बुमराह

एजेंसी

दुबई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि टी20 विश्व कप में मिली जीत हमेशा खास रहेगी और उनके दिमाग में रहेगी।



आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर के सम्मान से अभिभूत बुमराह ने कहा ख्र यह वास्तव में अच्छा लग रहा है। मैंने अपने बचपन के कुछ नायकों जैसे सर गारफील्ड सोबर्स को ट्रॉफी पुरस्कार जीतते देखा था। जब आपको ऐसा सम्मान मिलता है तो यह हमेशा सौभाग्य की बात होती है। 31 वर्षीय बुमराह को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर, आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर और आईसीसी टी20आई टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया था। रविवार को आईसीसी पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बुमराह ने बीते साल को याद करते हुए कहा, टी20 विश्व कप जो हमने जीता वह हमेशा खास रहेगा और मेरे दिमाग में रहेगा। जाहिर है, इस साल मेरे मन में भी बहुत कुछ सीखने को है। हमने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला, हमें कई अलग-अलग अनुभव मिले, इसलिए हां, मैं बहुत खुश हूं और उम्मीद है कि बेहतर चीजें होंगी। साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगी पीठ की चोट के कारण बुमराह को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और उनकी जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शामिल किया गया था। बुमराह ने कहा ख्रशमी ने लंबी अवधि की चोट से वापसी की और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की शुरुआती जीत में पांच विकेट लेकर स्टार साबित हुए। मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं। जाहिर तौर पर वह इतने लंबे समय तक चोट से जूझते रहे हैं। वह बहुत खुश और बहुत सकारात्मक हैं। अच्छा लग रहा है, जाहिर तौर पर उसके पास कौशल है, जो कभी कहीं नहीं जाएगा। वह जितना अधिक खेलेंगे, उतना अधिक आत्मविश्वास आएगा और उम्मीद है कि वह टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत की उम्मीद जताते हुये उन्होने कहा ख्रमाहौल शानदार है। यह टूर्नामेंट लंबे समय के बाद आ रहा है। ख्रशुरुआत अच्छी रही है, उम्मीद है कि मैच और भी बेहतर होंगे और प्रतिस्पर्धा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिष्ठा बचाने की लड़ाई में रावलपिंडी में उतरेंगे पाकिस्तान-बांग्लादेश

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गौरव की लड़ाई में आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। 25 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट के मेजबान के रूप में पाकिस्तान की वापसी निराशाजनक रही। टीम आधिकारिक तौर पर केवल पांच दिनों के भीतर ही बाहर हो गई। उनका अभियान बल्लेबाजी में गिरावट, अप्रभावी गेंदबाजी और घटिया क्षेत्ररक्षण के कारण प्रभावित हुआ है। दूसरी ओर बांग्लादेश ने संघर्ष किया है। गेंदबाजी आक्रमण में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद लगातार बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन उनके लिये विफलता का सबब बना है। भारत और न्यूजीलैंड ने ग्रुप ए से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश शीर्ष दो टीमों से हार के बाद खुद को तालिका में सबसे नीचे पाते हैं। नतीजतन, गुरुवार का मुकाबला टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के बजाय गौरव बचाने के बारे में होगा। रावलपिंडी की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, मौसम गर्म रहने का अनुमान है। हालाँकि, शाम को ओस पड़ सकती है, जिससे रोशनी में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण काम हो जाएगा। अपने संघर्षों के बावजूद, घरेलू लाभ और बेहतर टीम गहराई के कारण पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहेगा। हालाँकि, खोने के लिए कुछ भी नहीं होने पर, बांग्लादेश आश्चर्यचकित करने और अपने अभियान को एक उच्च नोट पर समाप्त करने की कोशिश कर सकता है। दोनों पक्षों का लक्ष्य जीत के साथ अभियान को समाप्त करना होगा, ऐसे में प्रशंसक एक जोशीले मुकाबले की उम्मीद कर सकते हैं।

### खेल मंत्रालय ने एनएसएफ को वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति गठित की

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं। यादव भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय के अवर सचिव तरुण पारीक ने समिति के सदस्यों को भेजे गए सर्कुलर ने कहा, '' नया ओलंपिक चक्र शुरू हो गया है। नई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानदंडों की समीक्षा करने की जरूरत महसूस की गई ताकि सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की इच्छा से जुड़े पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जा सके।'' इसमें कहा गया है, ''इसलिए एनएसएफ को सहायता प्रदान करने के लिए मानदंडों में संशोधन करने के सुझाव देने के लिए समिति का गठन करने का फैसला किया गया है। भारत ने 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ कई दौर की अनौपचारिक बातचीत के बाद पिछले साल नवंबर में इस विश्व संस्था के भविष्य के मेजबान आयोग को अपना आशय पत्र सौंपा था।

### मातृत्व अवकाश से लौटने पर क्वितोवा को बर्रेज से मिली हार

**ऑस्टिन (टेक्सास)।** पेट्रा क्वितोवा की 17 महीने की अनुपस्थिति के बाद मातृत्व अवकाश से वापसी हार के साथ समाप्त हुई। ब्रिटेन की जोडी बर्रेज ने एटीएक्स ओपन में उन्हे हरा दिया। दो बार की विंबलडन चैंपियन 34 वर्षीय क्वितोवा दो अक्टूबर 2023 के बाद बीजिंग में चाइना ओपन में अपना पहला डब्ल्यूटीए मैच लड़ रही थीं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, चेक खिलाड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की और पहला सेट जीत लिया, लेकिन 25 वर्षीय बर्रेज ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 189वें स्थान पर मौजूद बर्रेज़ दूसरे दौर में आस्ट्रेलियाई अजला टोमलजानोविक से खेलेंगी। पिछली जुलाई में अपने बेटे पेट्र को जन्म देने वाली क्वितोवा के टेनिस में वापसी के बारे में संशय व्यक्त किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वह एलीना स्वितोलिना, नाओमी ओसाका और बेलिंडा बेनसिक जैसी साथी खिलाड़ियों को बच्चे को जन्म देने के बाद ऐसा करते देखकर आंशिक रूप से वापस लौटने के लिए प्रेरित हुईं। कोर्ट पर वापस आते हुए, क्वितोवा ने ऑस्टिन में शुरुआती डबल सर्विस ब्रेक के साथ चार गेम की बढ़त बना ली।

# गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

एजेंसी

बेंगलुरु। पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और ऐसे में आरसीबी जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। इस बीच




गुजरात जॉइंट्स का लचर प्रदर्शन जारी है। उसकी टीम अभी तक चार मैच में से केवल एक मैच ही जीत पाई है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले मैच में दिल्ली से मिली हार से टीम अधिक आहत होगी क्योंकि वह बमुश्किल 100 रन के पार पहुंच पाई थी। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम की पिछले मैच में वॉरियर्स से मिली हार से आहत होगी क्योंकि उसने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन आखिर के तीन ओवर में 42 रन का बचाव नहीं कर पाई। यह मैच सुपर ओवर तक चला गया था जिसमें आरसीबी की टीम केवल चार रन ही बना सकी थी। मंधाना ने मैच के बाद कहा था, ''यह हार निराशाजनक है क्योंकि हमने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में चूक गए। हमें इससे सबक लेकर दमदार वापसी करनी होगी। मंधाना स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। वह चार मैच में अभी तक केवल एक बड़ी पारी खेल पाई हैं। ऑफ स्पिन को खेलने में परेशानी की उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ रही है। इस प्रतियोगिता में ऑफ स्पिनर ने उन्हें सर्वाधिक 11 बार आउट किया है। आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिसे पेरी शानदार लय में हैं। उन्होंने अब तक तीन अर्धशतक लगाए हैं जिनमें पिछले मैच में खेली गई 90 रन की पारी भी शामिल है। आरसीबी के लिए चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है। उसके तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जबकि उसके स्पिनर बीच के ओवर में रन प्रवाह पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं।

## भारतीय टीम निर्मम, उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए: राजपूत

शारजाह। भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी और उसके 18 साल बाद इस 63 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर को लगता है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। राजपूत ने कहा, ''भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात की टीम के मुख्य कोच राजपूत ने कहा कि विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर फॉर्म में लौट आए हैं।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। महाशिवरात्रि के दिन घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 88,100 रुपये से लेकर 88,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,760 रुपये से लेकर 80,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 100 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 88,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 88,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 88,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 88,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 88,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है भारत: पुरी

एजेंसी

गुवाहाटी/ नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 19.6 फीसदी मिश्रण का लक्?य पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 20 फीसदी से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय पेट्रालियम मंत्री ने कहा कि हमने 2026 तक 20 फीसदी सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 फीसदी हासिल कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले महीने 20 फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण क्षमता है, जबकि पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब यूएस डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है, वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है लेकिन ऐसा अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और मांगों से निपटते हुए ही करना होगा।



# केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास एवं बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में उसकी पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मंगलवार को उत्तरी मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित आवासीय सोसायटियों की चाबियां वितरित करने के अवसर पर यह बात कही। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास और बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र सरकार को पूरा सहयोग देगी।



पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देते हुए कहा कि सरकार बेघर लोगों और वर्तमान में उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य परिवारों का भविष्य सुरक्षित करना, बच्चों और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में हाल के दिनों में बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मगाथाने मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है, जबकि पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सेवाओं में वृद्धि होगी। गोयल ने कॉस्टल रोड़ (वर्ली-बांद्रा) का वर्सोवा तक विस्तार और अटल सेतु के माध्यम से नए हवाई अड्डे को जोड़ने वाली प्रस्तावित तटीय सड़क सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना की। गोयल ने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई में भीड़-भाड़ को कम करने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जल निकायों को प्रदूषित करने वाले अशोधित सीवेज जल की समस्या का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है।

# सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के साथ किया समझौता

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में फिनटेक और मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और पेटीएम ने हाथ मिलाया है। इसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण तथा फिनटेक स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते ज्ञापन पर डीपीआईआईटी के निदेशक सुमीत कुमार जारंगल और पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने कहा कि इस सहयोग के तहत पेटीएम स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा सहायता, बाजार पहुंच और वित्त पोषण के अवसर प्रदान करेगा, जिससे उन्हें विस्तार और नवाचार में मदद मिलेगी।'' डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव



संजीव ने कहा, ''पेटीएम की वित्तीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर हमारा उद्देश्य उद्यमियों को चुनौतियों से निपटने तथा उनके उद्यमों को बढ़ाने में सहायता करना है। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने कहा कि पेटीएम मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उल्लेखनीय है कि डीपीआईआईटी ने पहले भी पेशेवर मंचों अपना, रुकम कैपिटल, अवाना कैपिटल, भाने ग्रुप, फ्लिपकार्ट और आईटीसी सहित कई कंपनियों के साथ इसी तरह के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## प्रधानमंत्री ने गुजराती कवि अनिल जोशी के निधन पर शोक जताया

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को गुजराती साहित्य के सुप्रसिद्ध कवि अनिल जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया। अनिल जोशी का आज मुंबई में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनके निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर गुजराती भाषा में जारी अपने शोक संदेश में लिखा, गुजराती साहित्य के सुप्रसिद्ध कवि अनिल जोशी के निधन का समाचार सुनकर दुःख हुआ। आधुनिक गुजराती साहित्य में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

## पेज एक का शेष

### महाकुंभ...

महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर देवरिया के दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, संतकबीरनगर के तामेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस लोक कल्याण के भाव की प्रेरणा देवाधिदेव महादेव से हम सबको प्राप्त होती है, उसी लोकमंगल की कामना से हम लोग अपने समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य कर पाएंगे।

दिल्ली -मेरठ...

भाई हरेंद्र और अजय को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुनील और सुंदर की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नेता प्रतिपक्ष...

की गई हो, उनके प्रति उच्च अधिकारी किस आधार पर मेहरबान हो सकते हैं? जयराम ठाकुर ने यह भी पूछा कि ऐसा किसके कहने पर किया गया और इसके पीछे की मंशा क्या थी?

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर जहां सरकार आर्थिक बदहाली का हवाला देते हुए प्रदेशवासियों पर तमाम टैक्स लाद रही है और आम लोगों की सहूलियतें छीन रही है, वहीं दूसरी ओर वह अपने मित्रों के लिए नियमों को दरकिनार कर केंद्रीय सरकार के करोड़ों रुपये लुटा रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के फैसलों में पक्षपात दिखाई दे रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय बहुविषयक अनुदान सहायता समिति (एमडीडीजीआई) की बैठक में कांगड़ा की तीन एनजीओ के प्रोजेक्ट को सदस्य सचिव ने अनियमितता के आधार पर नामंजूर कर दिया था और उनके पंजीकरण रद्द करने की सिफारिश की गई थी। लेकिन बाद में उन एनजीओ को सशर्त मंजूरी दी गई और उनके प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की सिफारिश की गई।

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि एक महीने से ज्यादा समय होने के बावजूद सरकार ने इस ग़लत काम का समर्थन क्यों किया और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? उन्होंने यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री इस घोटाले के समर्थन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रहे हैं।

इसके साथ ही जयराम ठाकुर ने कहा कि यह पहला मामला नहीं है, जब केंद्र सरकार के धन का दुरुपयोग किया गया हो। उन्होंने आईजीएमसी में बंद पड़े ट्रामा सेंटर में ढाई करोड़ रुपये के घोटाले और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 8.75 करोड़ रुपये के दुरुपयोग का भी हवाला दिया। जयराम ठाकुर ने मांग की कि सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण देना बंद करे और इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए।

### जम्मू-कश्मीर ...

बुधवार की दरमियानी रात जम्मू के अखनूर सेक्टर के कीरी बट्टल इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि आज सुबह व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था।

### तमिलनाडु...

बनाएगा, जो राज्य को विकास के पथ पर ले जाएगी।

### अमित ...

तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी राज्य एक भी सीट न गंवाए। उन्होंने कहा कि वे दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि केंद्र सरकार उनके हितों को ध्यान में रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उनका उचित प्रतिनिधित्व संसद में हो। गृह मंत्री का यह आश्वासन तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल और तेलंगाना सहित दक्षिणी राज्यों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बीच आया है जिनमें कुल मिलाकर 129 लोकसभा सीटें हैं। इन राज्यों ने परिसीमन की वजह से सीटें खोने की आशंका जताई थी जो 2026 की जनगणना के आधार पर होने की उम्मीद है। दक्षिणी राज्य संसद और विधानसभा क्षेत्रों के वर्तमान अनुपात को बनाए रखने की मांग कर रहे हैं जो 1971 की जनगणना के आधार पर तय किए गए थे जब तक कि सभी राज्य जनसंख्या नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन नहीं करते। उन्होंने केंद्रीय करों के हस्तांतरण पर भी चिंता व्यक्त की है, जो लगातार वित्त आयोगों में घट रहा है।

शाह के आश्वासन से दक्षिणी राज्य कम से कम अभी के लिए राहत की सांस ले सकते हैं। हालांकि यह देखना बाकी है कि केंद्र सरकार इसमें शामिल सभी राज्यों की चिंताओं को कैसे दूर करेगी।

### 10वी...

दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति जारी की थी। बोर्ड ने 9 मार्च तक इस पर स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की प्रतिक्रिया मांगी है।

### सामाजिक...

में शामिल हुईं 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं।

इससे पहले राष्ट्रपति के बागेश्वर धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किये। इस अवसर पर धाम द्वारा आयोजित छठे सामूहिक विवाह महोत्सव पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। समारोह में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरुनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परम्परा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि समारोह में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन जैसी उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी जा रही हैं। राष्ट्रपति ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह को जन सहयोग से जनकल्याण का श्रेष्ठ उदाहरण बताया।

समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं। देश के विकास के लिए सामाजिक चेतना आवश्यक है। ऐसे आयोजन समाज के लिए अनुकरणीय हैं। समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति के मध्य प्रदेश पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम में हनुमान जी के आशीर्वाद से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द्र बढ़ाने के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने की बहुत आवश्यकता है। ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में आज परिणय सूत्र में बंध रही बेटियों को राज्य सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपये की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी। उन्होंने सभी नव दंपतियों को दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने समाज से मंदिरों की दान पेटियों की राशि को गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि सभी मठ, मंदिर, धाम और समाज के सभी लोग यह संकल्प ले लेते हैं, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह में लगभग 20 देश के एन.आर.आई., देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे दिव्य संत, वर-वधु के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।

### नीतीश...

को देखते हुए इस बार का बजट सत्र काफी अहम होने वाला हैं। बजट सत्र के दौरान नए मंत्रियों की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। इन मंत्रियों पर अपने-अपने विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कराने की चुनौती होगी।

सुबह दिया था जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दरअसल बिहार सरकार कैबिनेट के विस्तार का घटनाक्रम एकाएक बुधवार की सुबह चर्चा में आया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप जायसवाल ने इस्तीफा दे दिया था। इसे लेकर बिहार के सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। लेकिन डा. दिलीप जायसवाल ने साफ किया कि पार्टी के एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के चलते उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। साथ ही भाजपा कोटे से सात मंत्री बिहार सरकार में शामिल होने की रणनीति बनने लगी, जो कि शाम चार बजे शपथ भी हो गई।

# उज्जैन में 125 दिवसीय विक्रमोत्सव आज से केंद्रीयमंत्री शेखावत और मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

एजेंसी



उज्जैन (मध्य प्रदेश)। विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ आज महाशिवरात्रि के अवसर पर दशहरा मैदान में रात्रि 8:30 बजे केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटनमंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री आनंदन शिवमणि, हंसराज रघुवंशी और शिवा-दल भोपाल की प्रस्तुति भी होगी।महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि 125 दिन चलने वाले विक्रमोत्सव का यह प्रथम चरण सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा (30 मार्च 2025) को सम्पन्न होगा। इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ होगा। इस अभियान में 30 जून तक पूरे मध्य प्रदेश की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संवर्धन, संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे।उन्होंने बताया कि इस वर्ष विक्रमोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा से होगी, जिसमें विन्टेज कार और स्पोर्ट्स बाइक भी शामिल होगी। इसके साथ ही कलश यात्रा में जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी। मुख्य कार्यक्रम में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में शुरू हो रहे सभी प्रमुख 51 महाशिवरात्रि मेलों समारंभ, सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का लोकार्पण शामिल है, साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिवोपम-अनहद, शिवादल, भोपाल, आनंदन शिवमणि एवं दल तथा हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। इसी क्रम में विक्रम व्यापार मेला, वस्त्रोद्योग, हाथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी आदि शिल्प अंतर्गत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा।तिवारी ने बताया कि आज के शुभारंभ अवसर पर दो भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों के प्रमुख कलाकार आनंदन शिवमणि व हंसराज रघुवंशी है। आनंदन शिवमणि भारत के प्रसिद्ध तालवाद्य कलाकार हैं, जो अपने अनोखे और ऊर्जावान ढोलक, तबला, ड्रम और अन्य परकशन इंस्ट्रूमेंट्स बजाने की शैली के लिए जाने जाते हैं। शिव भक्ति से जुड़ा संगीत उनकी कला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिवमणि ने विशेष रूप से भक्ति संगीत में भगवान महादेव को लेकर बहुत संगीत रचनाएं तैयार की है। जिसमें शिव तांडव प्रमुख हैं।इसी के साथ हंसराज रघुवंशी एक प्रख्यात भारतीय भजन गायक, लेखक और संगीतकार हैं, जिन्हें विशेष रूप से भगवान शिव के भजनों के लिए जाना जाता है। 2019 में रिलीज हुए उनके भजन ''मेरा भोला है भंडारी'' ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई और यह गीत बेहद लोकप्रिय हुआ। हंसराज रघुवंशी ने बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

दिनांक **27.02.2025** (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट | 01:55 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 16:20 | फाफा मऊ जं., थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरिया राम, जंघई जं., मड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 02:00 | फाफा मऊ जं., अटरामपुर, राम चौरा रोड, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डा हरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावां कालाकांकर रोड, अरखा, ऊँचाहार जं., लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., गंगागंज, हरचन्द पुर, कुनिनगंज, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहा, कनकहा, मोहनलालगंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफा मऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफा मऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफा मऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला, खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराज नगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत एवं फाफा मऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफा मऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 17:50 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:45 | निवाड़ी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बाँदा जं., अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जं., सूबेदारगंज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मडियाहूँ, ज़फराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर जं., गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ अइमा, फाफा मऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, जं., स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर जं., छपरा जं., छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ जं., सीवान जं., मैरवा., भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इन्दरा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दरा जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जं., हथुआ जं., थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 14:30 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# महाकुम्भ में दुनिया के पांच देशों की आबादी के बराबर श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ का आज आखिरी दिन है। पिछले 44 दिन में करीब 66 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। यह आंकड़ा दुनिया के पांच शक्तिशाली देशों की कुल आबादी के बराबर है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुम्भ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है।

पांच शक्तिशाली देशों के बराबर श्रद्धालु पहुंचे : 13 जनवरी से शुरू हुये महाकुम्भ में अब तक करीब 66 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और कनाडा की कुल आबादी के बराबर है। अमेरिका की आबादी 34.01 करोड़, ब्रिटेन की 6.84 करोड़, रशिया की 14.38 करोड़, फ्रांस की 6.83 करोड़ और कनाडा की 4.01 करोड़ है।



इस लिहाज से इन पांच देश की आबादी एक बार महाकुम्भ में स्नान कर चुकी है। नया कीर्तिमान बनाएगा श्रद्धालुओं का आंकड़ा : महाकुम्भ का आज आखिरी दिन है। दोहपर 12 बजे तक 1.01 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। पिछले 44 दिन में करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाशिवरात्रि पर्व स्नान के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुम्भ का समापन हो जाएगा। आज शिवरात्रि पर 3 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुख्य स्नान पर्वों पर बढ़ी भीड़ : महाकुम्भ की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हुई। इस दिन 1.70 करोड़ ने संगम में पुण्य की डुबकी लगायी थी। इस स्नान के अगले ही दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति को प्रथम अमृत स्नान था। इस दिन 3.50 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य की भागी बनें। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन दूसरा अमृत और महाकुम्भ का तीसरा स्नान था। इस दिन दुखद हादसा भी पेश आया था, जिसमें 30 श्रद्धालु जान गंवा बैठे थे। दूसरे अमृत स्नान के दिन 7.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 03 फरवरी बसंत पंचमी को तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। इस दिन 2.57 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के दिन महाकुम्भ का पांचवां स्नान सम्पन्न हुआ। इस दिन 2.04 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी।

# विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अनुभव, महाकुम्भ को बताया अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लंदन, ब्राजील, मैक्सिको और अमेरिका समेत दुनिया के कई अन्य देशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान किया और भारतीय संस्कृति की गहराई को करीब से महसूस किया। इन विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य आयोजित किए गए महाकुम्भ 2025 ने विश्व भर से करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। विदेशी भक्तों के अनुभव इस बात का प्रमाण हैं कि महाकुम्भ न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और आतिथ्य का वैश्विक मंच भी बन गया है। लंदन से आईं एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा, ''यहां आकर मुझे बहुत खुशी और शांति मिली। भीड़ का माहौल अनुभव करने लायक है, यह अद्भुत है। आज हर कोई उत्सव मना रहा है, यह मेरे पिछले दिनों से भी ज्यादा खास लग रहा है। मैंने इसे जीवन में एक बार मिलने वाला मौका समझा और अपनी सारी योजनाएं रद कर यहां आ गई। यह मेरे लिए इतना महत्वपूर्ण था।'' उन्होंने आगे कहा, ''यहां के लोग बहुत स्वागत करने वाले और दोस्ताना हैं। मैं भारतीय संस्कृति और रोजमर्रा की होने वाली पूजा-अर्चना के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीख रही हूं। यह देखना भी खूबसूरत है कि लोग गंगा का जल अपने परिवार के उन सदस्यों के लिए ले जा रहे हैं जो यहां नहीं आ सके। मैंने महाकुंम्भ के बारे में सोशल मीडिया और दोस्तों से जाना।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

# राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जयसवाल ने अपने मंत्री पद से दिया इस्तीफा, स्वीकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार में कैबिनेट विस्तार की चर्चा के साथ ही बिहार सरकार में राजस्व एंव भूमि सुधार मंत्री रहे दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया , जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया है। इसको लेकर कैबिनेट विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनावी साल को देखते हुए बिहार में एक बार फिर से नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है। नीतीश कैबिनेट के विस्तार को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा कोटे के विधायक नीतीश कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ लेंगे। शाम चार बजे राज्यपाल सभी भाजपा विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाएंगे।



इसको लेकर राजभवन में तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। इससे पहले आज सुबह मीडिया से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा था कि भाजपा विचारधारा और सिद्धांत वाली पार्टी है। एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को अपनाते हुए में मंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। इसके बाद उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। महाशिवरात्रि के अवसर पर देशभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। धर्मनगरी हरिद्वार के कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। अलसुबह से आरम्भ हुआ जलाभिषेक का सिलसिला अनवरत जारी रहा। तमाम शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान रहें। भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिवालयों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ के कारण बाजारों में जाम की स्थिति भी देखने को मिली। वहीं श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगायी। महाशिवरात्रि पर्व पर हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़



जुटनी शुरू हो गयी। गंगा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। उपनगरी कनखल के दक्षेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव का विवाह फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। कनखल भगवान शिव की विवाह रात्रि का वही स्थल है, जहां भगवान शिव का पार्वती से विवाह हुआ था। इसलिए इस स्थान का विशेष महत्व है। यहां भगवान शिव माता पार्वती के साथ विराजमान हैं। इसके अतिरिक्त सिद्धपीठ श्री तिलभाण्डेश्वर महादेव, दरिद्रभंजन, दुःखभंजन, जनमासा मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव, विल्वकेश्वर, नीलेश्वर, गौरीशंकर समेत तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। रात्रि काल में भगवान शिव की चतुर्थ प्रहर की पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी सभी शिवालयों में तैयारी जोरों पर रही।

### महाशिवरात्रि पर उत्तराखंड में श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम

**देहरादून।** महाशिवरात्रि का पर्व प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही मंदिरों में जुटने लगी थी। हरिद्वार समेत प्रदेश की पवित्र नदियों के तटों पर भी स्नान के लिए भक्तों की बड़ी संख्या पहुंच रही है। मंदिरों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और गंगा घाटों पर गोताखोरों को तैनात किया गया है। देहरादून स्थित टपकेश्वर, पृथ्वीनाथ और पशुपति नाथ मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आने लगी थी। दोपहर तक मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी रही। हरिद्वार के अलावा देवप्रयाग और अन्य पवित्र स्थलों पर भी भक्त स्नान करने पहुंच रहे हैं। हरिद्वार स्थित बिल्वकेश्वर महादेव, दक्ष प्रजापति, गौरीशंकर नीलेश्वर और अन्य मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे हैं। गोपेश्वर में गोपीनाथ, रुद्रप्रयाग में कोटेश्वर महादेव, श्रीनगर कमलेश्वर महादेव, पौड़ी स्थित क्यूंकालेश्वर महादेव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। कुमाऊं बागेश्वर, जागेश्वर, पाताल भुवनेश्वरी समेत अन्य मंदिरों में भी भगवान शंकर के पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# पंजाब में आआपा ने राज्य सभा सांसद को बनाया विधानसभा प्रत्याशी

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने अपनी अंदरूनी राजनीति को नया मोड़ देते हुए राज्य सभा के मौजूदा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित कर दिया है। पार्टी की तरफ से बुधवार को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद से ही यह अटकलें चल रही हैं कि आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब से राज्य सभा जाएंगे और उसके बाद राजनीति में सक्रिय होंगे। यह राजनीतिक अटकलें आज पुष्ट हो गई। पंजाब में अब विधानसभा चुनाव के साथ-साथ राज्य सभा का उपचुनाव भी होगा। उल्लेखनीय है कि लुधियाना पश्चिम से पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी की बीती 11 जनवरी को गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। उनकी मौत होने से यह सीट रिक्त हो गई थी।

# खनौरी में आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ गई। बुधवार को उनका अनशन 93वें दिन में प्रवेश कर गया। मंगलवार रात डल्लेवाल का बीपी अचानक बढ़ गया। मौजूद डाक्टरों ने उपचार शुरू किया। आज सुबह डल्लेवाल का बीपी तो सामान्य हो गया पर उन्हें तेज बुखार हो गया है। डाक्टरों ने बताया कि डल्लेवाल को इस समय 103 डिग्री बुखार है। रात को उनका बीपी 176 तक पहुंच गया था। उसे नियंत्रित कर लिया गया है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि कल उनकी तबीयत खराब हो गई थी। उन्होंने लोगों और किसानों से अपील की थी कि वे बड़ी संख्या में खनौरी बॉर्डर पर पहुंचें ताकि इस आंदोलन को मजबूत किया जा सके।

# केदारनाथधाम के कपाट दो मई को खुलेंगे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून/उखीमठ ( रुद्रप्रयाग)। विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलंग केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को प्रातः सात बजे बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में विधि-विधान से खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ धाम रावल भीमाशंकर लिंग और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धर्माचार्यों और वेदपाठियों ने पंचांग गणना पश्चात विधि-विधान से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस मौके पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्व धारी चंडीप्रसाद भट्ट व बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य




कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की पूजा होगी। बाबा केदार की पंच मुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को फूलों से सजाया गया। भोलेनाथ के भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि अब मंदिर समिति के स्तर पर केदारनाथ यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना होगी। केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली 28अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास के लिए प्रथम पड़ाव विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 29 अप्रैल को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से रात्रि प्रवास के लिए द्वितीय पड़ाव फाटा को प्रस्थान होगी। 30 अप्रैल फाटा से रात्रि प्रवास के तृतीय पड़ाव गौरादेवी मंदिर गौरीकुंड पहुंचेगी। एक मई शाम को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच जाएगी और दो मई को प्रातः सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ धाम के कपाट तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खुलेंगे। बीकेटीसी अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी ने बताया कि जल्द ही मंदिर समिति का अग्रिम दल केदारनाथ धाम जाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करेगा।

# पंजाब के मंदिरों में महाशिवरात्रि की धूम, श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**■ पंजाब के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी शिवरात्रि की शुभकामनाएं**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब में महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में चारों तरफ हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। भारी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि मैं भगवान शिव के सभी भक्तों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और शुभेच्छा प्रेषित करता हूं। उनकी दिव्य कृपा सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लेकर आए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस अवसर पर जारी संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि का पावन उत्सव प्रार्थना, ध्यान और सद्कर्मों के लिए नई ऊर्जा प्राप्त करने का अवसर है। भगवान भोले नाथ आप सभी को खुशियां प्रदान करें व स्वास्थ्य रखें। इस बीच पंजाब की मशहूर सिंगर व अभिनेत्री अफसाना खान ने बुधवार को पति व अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ मोहाली के शिव मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। अफसाना खान ने पूजा करते समय एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। पंजाब के पटियाला जिला स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर नलास में श्रद्धालु बीती रात से ही जुटने शुरू हो गए थे। मोहाली में सेक्टर 115 स्थित शिव सागर काली माता मंदिर में शिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा का आयोजन किया गया।

# अरेराज में महाशिवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


पूर्वी चंपारण। महाशिवरात्रि के अवसर जिले भर के सभी शिवालयो में भगवान शिव को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ी है।सबसे ज्यादा श्रद्धालुओ की भीड़ अरेराज स्थित मनोकामना पूरक सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर में देखी जा रही है। जहां श्रद्धालुओ की भीड़ के मद्देनजर प्रशासन व मंदिर प्रबंधन ने मंगला आरती व विशेष पूजा के बाद रात एक बजे से ही मंदिर के कपाट खोल दिए। सोमेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रविशंकर गिरी के अनुसार एकादशी से ही भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। जलाभिषेक के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।वही अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओ की सुरक्षा चार स्तर पर की गई है। जगह-जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियो की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ ही सादे लिबास में भी महिला व पुरूष पुलिस बल पूरे मेला क्षेत्र



की निगाहबानी में जुटे है।जलाभिषेक के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं।यहां बता दे कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार देर शाम मनोकामना पूरक सोमेश्वरनाथ महादेव की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ढोल, मृदंग,बैड बाजा,शहनाई हाथी और घोड़े के साथ निकली भगवान शिव की बारात में जगह जगह फूलों की बारिश की गई।बारात में सभी देवताओ को शामिल कर कई आकर्षक झांकियां भी शामिल था।इस भव्य शिव बारात की शुरूआत मंदिर परिसर से महामंडलेश्वर महंत रविशंकर गिरी और एपीएस के निदेशक प्रमोद मिश्र के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। जो मंदिर परिसर से चलकर अरेराज के मुख्य चौराहा पर पहुंची। इस दौरान हर-हर महादेव व जय शिव जय शिव के जयघोष और शिव जी के लाचारी गीतों से पूरा वातावरण गुंजयामान होता रहा।बारात का मुख्य आकर्षण भगवान शिव के साथ माता पार्वती के प्रतीकात्मक मंदिर में विराजित ब्रह्मा विष्णु, महेश सहित विभिन्न देवताओं का वेश धारण किए कलाकारों की रही।जिनका जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर आरती उतारी।जमकर अबीर व गुलाल उड़ाये।इसके साथ ही शिव जी के बारात में एसडीओ अरुण कुमार, डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में बीडीओ आदित्य दीक्षित, सीओ मंगला पांडेय, थाना अध्यक्ष विभा कुमारी सहित कई अधिकारी भी शामिल हुए।

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

भागलपुर। महाशिवरात्रि को लेकर बुधवार को जिले भर के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने नेम निष्ठा के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा की। उधर सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। हर हर महादेव के जयकारे से पुर अजगैबीनाथ नगरी गुंजायमान हो उठा। आज सुबह से ही लाखों शिव भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान किया। फिर शिव भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए अजगैबीनाथ मंदिर स्थित बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर गंगा जल चढ़ाते हुए मईया पार्वती को भी गंगा जल चढ़ाया और जीवन में सुख शांति समृद्धि की कामना की। उधर अजगैबीनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी के द्वारा बाबा शिव विवाह कार्यक्रम एवं शिव बारात के झांकी की तैयारी की जा रही है। वहीं भागलपुर के सबसे प्राचीन मंदिर बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड़ा पड़ा। सुबह से ही जिले के अलग-अलग हिस्सों से काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ की आराधना में जुट गए। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में खास तैयारी की जाती है। यह मंदिर भागलपुर के सबसे प्राचीन मंदिर में से एक है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063